वर्ष 73 ▸ अंक 184 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 03 अप्रैल, 2026
वैशाख कृष्ण पक्ष 01, विक्रम संवत् 2083
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

कुछ भी आपके साथ नहीं होता, बल्कि आपके लिए होता है। नकारात्मक घटनाओं में भी सकारात्मक पहलू देखने की कोशिश करें।
-जोएल ओस्टीन




## जंग का 34वां दिन: ईरानी सुप्रीम लीडर के करीबी सलाहकार घायल, पत्नी की मौत

# ट्रंप ने किया जीत का दावा, ईरान को पाषाण युग में पहुंचाने की दी धमकी

**तेल अवीव/ तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में जारी ईरान-अमेरिका संघर्ष के 34वें दिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा दावा किया है। गुरुवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका इस युद्ध में 'जीत हासिल कर चुका है' और ईरान की सैन्य क्षमता लगभग खत्म हो चुकी है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ईरान ने समझौता नहीं किया, तो अमेरिका उसे 'पाषाण युग' में पहुंचा देगा। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरानी सेना अब अमेरिका के प्रभावी नियंत्रण में है और उसकी मिसाइल, ड्रोन और नौसैनिक ताकत बुरी तरह कमजोर हो चुकी है। ट्रंप ने कहा कि आने वाले 2-3 हफ्तों में अमेरिका बड़ा सैन्य कदम भी उठा सकता है। हालांकि, उनके 19 मिनट के भाषण में कोई नई नीति या ठोस घोषणा सामने नहीं आई। इसी बीच, ईरान के पूर्व विदेश मंत्री और सुप्रीम लीडर के करीबी सलाहकार कमाल खराजी के तेहरान स्थित घर पर अमेरिकी हमले की खबर है। इस हमले में उनकी पत्नी की मौत हो गई, जबकि खराजी गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में भर्ती हैं। खराजी फिलहाल स्ट्रैटेजिक फॉरेन रिलेशंस काउंसिल के चेयरमैन हैं, जो सीधे सुप्रीम लीडर को सलाह देने वाली अहम संस्था है। सूत्रों के मुताबिक, खराजी हाल के दिनों में पाकिस्तान के जरिए संभावित सीजफायर वार्ता के लिए बैकचैनल संपर्क में थे, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### युद्ध आने वाली पीढ़ियों के लिए निवेश: ट्रंप



ट्रंप ने अपने भाषण में एक ओर बातचीत की बात कही, वहीं दूसरी ओर यह भी कहा कि उन्हें समझौते की जरूरत नहीं है। उन्होंने युद्ध को जरूरी बताते हुए कहा कि यह 'आने वाली पीढ़ियों के भविष्य में निवेश' है, भले ही इससे अमेरिकी जनता को आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हो।

### ईरानी राष्ट्रपति का अमेरिकी जनता को पत्र क्या यह युद्ध 'अमेरिका फर्स्ट' के अनुरूप

**तेहरान/वॉशिंगटन, जेएनएन।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच अमेरिकी जनता को खुला पत्र लिखकर ट्रंप प्रशासन की नीतियों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूछा कि क्या यह युद्ध वास्तव में 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति के अनुरूप है या नहीं। पेजेशकियन ने अपने पत्र में कहा, 'आखिर इस युद्ध से अमेरिकी जनता के कौन से हित पूरे हो रहे हैं?' ईरानी राष्ट्रपति ने पत्र में कहा कि क्या 'अमेरिका फर्स्ट' वास्तव में अमेरिकी सरकार की प्राथमिकता है? यह युद्ध किसके फायदे के लिए लड़ा जा रहा है? उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरान ने अपने आधुनिक इतिहास में कभी आक्रामक या विस्तारवादी नीति नहीं अपनाई पेजेशकियन ने कहा कि ईरान की 'खतरे की छवि' ताकतवर देशों की राजनीतिक-आर्थिक सोच का परिणाम है। हालिया ड्रोन और मिसाइल हमले 'वैध आत्मरक्षा' के तहत किए गए।



**अमेरिका के दिमाग में भ्रम पैदा कर रहा हॉलीवुड**

जो लोग ईरान को धमकी दे रहे हैं, वे असल में अपने ही सैनिकों को मौत की तरफ धकेल रहे हैं। ईरान को 'स्टोन एज' (पाषाण युग) में भेजने की बात सिर्फ कल्पना है और ऐसा करना संभव नहीं है। हॉलीवुड अमेरिका के दिमाग में भ्रम पैदा कर रहा है। अमेरिका सिर्फ 250 साल पुराना देश है, जबकि ईरान की सभ्यता 6,000 साल पुरानी है और वो हमें डाराने की कोशिश कर रहा है। होर्मुज हमारे कंट्रोल में है और यह अमेरिकी राष्ट्पति के बेतुके बयानों से नहीं खुलेगा। यह रास्ता तभी खुलेगा जब उसकी शर्तें मानी जाएंगी।
- **माजिद मौसवी**, कमांडर, ईरानी एयरस्पेस फोर्स



पश्चिम एशिया: ईरान जंग में अपने मकसद से कितने दूर राष्ट्रपति ट्रंप-पेज- 8 पर




आर्टेमिस 2 मिशन चार अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा के चारों ओर ले जाएगा।

## ओबीसी आरक्षण: 27 अप्रैल से होगी नियमित सुनवाई

### हाईकोर्ट का निर्देश: सभी पक्ष लिखित जवाब प्रस्तुत करें

**जागरण, जबलपुर।** मध्य प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने के बाद दायर हुईं याचिकाओं पर शीघ्र अंतिम फैसला आने की उम्मीद जाग गई है। ऐसा इसलिए क्योंकि हाई कोर्ट ने 27 अप्रैल से इस मामले की नियमित सुनवाई करने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा ट्रांसफर किए गए मामलों पर हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने कहा कि आगामी 27 से 29 अप्रैल तक हर रोज दोपहर 12:30 बजे से मामलों पर सुनवाई की जाएगी।

### भोजशाला मामले की भी 6 अप्रैल से रोज सुनवाई

**इंदौर/धार, जेएनएन।** धार स्थित भोजशाला विवाद मामले में हाईकोर्ट ने अहम कदम उठाते हुए 6 अप्रैल से रोजाना सुनवाई करने का फैसला किया है। जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की डिवीजन बेंच सोमवार दोपहर 2.30 बजे से सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करेगी।

## ऑफ बीट

### चीन: 3.5 मीट्रिक टन वजन लेकर उड़ेगा 'ट्रक'



*चीन ने तकनीकी क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए दुनिया के सबसे बड़े मानव रहित मालवाहक ड्रोन का सफल परीक्षण किया है। 'चांगयिंग-8' नाम का यह ड्रोन 3.5 मीट्रिक टन तक का भारी माल उठाने में सक्षम है, जिसे 'उड़ने वाला ट्रक' कहा जा रहा है। यह ड्रोन हेनान प्रांत के झेंग्झौ शांगकियाओ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरकर करीब 30 मिनट तक हवा में रहा और सुरक्षित लैंडिंग की। उड़ान के दौरान इसके फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम, एवियोनिक्स, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल सिस्टम समेत सभी तकनीकी पहलुओं की जांच की गई। यह अधिकतम 3.5 मीट्रिक टन तक भार उठाने की क्षमता रखता है। और करीब 3000 किलोमीटर की उड़ान रेंज है। इसकी लंबाई 17 मीटर और 25 मीटर विंगस्पैन हैं। इसका कच्चे और कठिन इलाकों में भी संचालन संभव है। इस उन्नत ड्रोन को चीन की प्रमुख रक्षा कंपनी चाइना नॉर्थ इंडस्ट्रीज ग्रुप कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने विकसित किया है।*

### आईपीएल में आज

**चैन्नई बनाम पंजाब**
**समय : शाम 7.30 बजे से**
**प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर**
**परिणाम: हैदराबाद ने कोलकाता को 65 रन से हराया।**

### आप ने राघव चड्डा को रास उपनेता पद से हटाया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आम आदमी पार्टी (आप) ने गुरुवार को बड़ा संगठनात्मक फैसला लेते हुए राज्यसभा सांसद राघव चड्डा को उपनेता पद से हटा दिया। उनकी जगह पंजाब से ही सांसद अशोक मित्तल को नया उपनेता नियुक्त किया गया है। पार्टी ने इस संबंध में राज्यसभा सचिवालय को पत्र भेजकर जानकारी दी है। पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि अब राघव चड्ढा को सदन में पार्टी की ओर से बोलने का समय न दिया जाए। आप ने इस बदलाव के पीछे कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया है। हालांकि, चर्चा है कि राघव चड्ढा पिछले कुछ समय से पार्टी से दूरी बनाए हुए थे और अहम मुद्दों पर सार्वजनिक रूप से कोई बयान नहीं दे रहे थे। दिल्ली शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल को राहत मिलने के बाद भी उनकी चुप्पी चर्चा में रही थी।



## बंगाली का हक बांग्लादेशी को देने पर तुली हैं दीदी: मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने 5 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र भरवाए

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को पश्चिम बंगाल के चुनावी दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने 5 भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन पत्र भरवाए। वहीं जनसभाओं में मौजूदा टीएमसी सरकार की जमकर आलोचना की। डॉ. यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अब दीदी नहीं अप्पी हो गई हैं। बांकुरा में जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ममता दीदी बंगाली मानुष के अधिकार बांग्लादेश को देने पर तुली हुई हैं। ऐसे में यह चुनाव नहीं धर्म युद्ध है। बंगाल के युवा, महिला, गरीब और किसान बदलाव के लिए खड़े हो गए हैं। सब अपनी आन -बान -शान के लिए लड़ रहे हैं। ऐसे में दुनिया की कोई भी ताकत भाजपा को बंगाल में सत्ता हासिल करने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि पिछले 15 साल से बांकुरा के लोग दीदी के शासन में पलायन ▪ शेष पृष्ठ 7 पर



**21 राज्यों में हमारी सरकारें**

चुनावी सभा के उपरांत पत्रकारों से चर्चा करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि देश के 21 राज्यों में भाजपा या हमारे गठबंधन की सरकारें हैं। ऐसे में इस विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में भी भाजपा की सरकार बनती दिखाई दे रही है। पश्चिम बंगाल की ममता सरकार से पूरे प्रदेश परेशान है। घुसपैठियों को जिस तरीके से बढ़ावा दिया गया, हिन्दुओं को अपमानित किया गया।

## छग: जग्गी हत्याकांड में अमित जोगी दोषी करार

**बिलासपुर, जेएनएन।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को दोषी करार दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने उन्हें तीन सप्ताह के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया है। अदालत ने यह फैसला सीबीआई द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों के आधार पर सुनाया। फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए अमित जोगी ने कहा कि उन्हें पूरी सुनवाई का मौका नहीं मिला और यह फैसला उनके लिए अप्रत्याशित है। उन्होंने इसे 'अन्याय' बताया। मामले में 4 जून 2003 को रायपुर में एनसीपी नेता रामावतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में कुल 31 आरोपी बनाए गए। इनमें से 28 आरोपियों को सजा हुई, जबकि अमित जोगी को ट्रायल कोर्ट ने बरी किया था।



## 30 जून तक राहत: महंगाई काबू करने और सप्लाई चेन मजबूत करने की कोशिश

# 40 पेट्रोकेमिकल्स पर कस्टम ड्यूटी शून्य

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम एशिया संकट से वैश्विक सप्लाई चेन पर पड़े असर के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा आर्थिक फैसला लिया है। सरकार ने उर्वरक उत्पादों समेत 40 से अधिक अहम पेट्रोकेमिकल्स पर कस्टम ड्यूटी पूरी तरह खत्म कर दी है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक यह छूट 2 अप्रैल 2026 से लागू होकर 30 जून 2026 तक प्रभावी रहेगी। इसका मकसद घरेलू उद्योगों के लिए कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करना और बढ़ती लागत पर लगाम लगाना है।

इस फैसले से कई बड़े मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को राहत मिलने की उम्मीद है। सरकार का मानना है कि इससे उत्पादन लागत घटेगी और अंततः आम उपभोक्ताओं को सस्ते उत्पाद मिल सकते हैं। मिडिल ईस्ट में युद्ध के कारण सप्लाई चेन बाधित हो गई है। साथ ही होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है। इससे कच्चे तेल की कीमतें 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं। भारत की 85 फीसदी ऊर्जा जरूरतें आयात पर निर्भर हैं। इन हालात में कच्चे माल की लागत तेजी से बढ़ रही थी, जिसे नियंत्रित करने के लिए यह कदम उठाया गया। इससे पहले सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर 10-10 रुपये प्रति लीटर एक्साइज ड्यूटी में कटौती की थी और डीजल और एटीएफ पर एक्सपोर्ट ड्यूटी लगाकर घरेलू सप्लाई बढ़ाने की कोशिश की है। हालांकि घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई है।



**इन सेक्टर्स को फायदा**
- प्लास्टिक और पैकेजिंग उद्योग
- टेक्सटाइल (कपड़ा) सेक्टर
- फार्मास्यूटिकल्स (दवा उद्योग)
- केमिकल इंडस्ट्री
- ऑटोमोबाइल और ऑटो पार्ट्स

**यह होगा सस्ता**
- पानी की बोतल, पैकेजिंग, दवाएं, कपड़े, पेंट, खिलौने, ऑटो पार्ट्स
- शैंपू, प्लास्टिक सामान, पैकेज्ड प्रोडक्ट सस्ते हो सकते हैं
- दवाओं और कपड़ों की कीमतों में राहत संभव
- मैन्युफैक्चरिंग लागत घटने से महंगाई पर नियंत्रण
- मेथनॉल, टोल्यून, स्टाइरीन, एसिटिक एसिड, फिनॉल, अमोनिया, पॉलीइथिलीन, पीवीसी, पीईटी, इंजीनियरिंग प्लास्टिक्स आदि।

## हाईकोर्ट सख्त: 443 करोड़ वसूली मामले में न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित करने की कोशिश का आरोप

# विधायक संजय पाठक पर दर्ज हो सकता है केस

**जागरण, जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने विजयराघवगढ़ से भाजपा विधायक संजय पाठक के खिलाफ गंभीर रुख अपनाते हुए केस दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने नोटिस जारी कर पूछा है कि उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई क्यों न की जाए। यह मामला खनन से जुड़े 443 करोड़ रुपए के वसूली प्रकरण और न्यायाधीश से संपर्क करने के आरोप से जुड़ा है।

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने पाठक को नोटिस जारी कर पूछा है कि क्यों न उनके विरुद्ध आपराधिक अवमानना की कार्रवाई की जाए। याचिकाकर्ता कटनी निवासी आशुतोष दीक्षित की ओर से अधिवक्ता अरविंद श्रीवास्तव और पुनीत श्रोती ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि भाजपा विधायक संजय पाठक ने हाई कोर्ट के जज से संपर्क करने की कोशिश की थी, जो न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास माना जा सकता है। दरअसल, पाठक परिवार से जुड़ी खदानों के मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की अदालत में निर्धारित थी। इसी दौरान एक सितंबर, 2025 को न्यायमूर्ति मिश्रा ने स्वयं यह तथ्य उजागर किया था कि विधायक द्वारा उनसे संपर्क करने की कोशिश की गई है। इस तरह साफ है कि यह मामला किसी जनप्रतिनिधि द्वारा जज से संपर्क करने की कोशिश न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर सवाल खड़े कर सकती है।

यदि आरोप सही साबित होते हैं, तो यह जनप्रतिनिधियों के आचरण से जुड़े गंभीर मुद्दे को उजागर करता है। शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होना भी प्रशासनिक तंत्र पर सवाल उठाता है। न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा ने निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सुनवाई से स्वयं को अलग कर लिया था। उन्होंने प्रकरण प्रशासनिक स्तर पर मुख्य न्यायाधीश के समक्ष भेजने की व्यवस्था दी थी।

### जज विशाल मिश्रा ने खुद को किया था अलग



- 1 सितंबर 2025 को जस्टिस विशाल मिश्रा ने मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था।
- उन्होंने ऑर्डर शीट में लिखा कि संजय पाठक ने उनसे एक विशेष मामले पर चर्चा करने के लिए संपर्क किया।
- यह मामला पाठक परिवार की खनन कंपनियों से जुड़ा था।

# हाईकोर्ट से स्टे नहीं मिला तो जाएगी राजेंद्र की विधायकी

### दतिया विधायक को तीन साल की सजा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने ग्रामीण बैंक घोटाले के मामले में मध्य प्रदेश के दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को 3 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इस मामले में सह-आरोपी रघुबीर शरण प्रजापति को भी समान सजा दी है। अदालत ने दोनों दोषियों पर जुर्माना भी लगाया है और अपील दायर करने के लिए एक महीने की जमानत प्रदान की है। कानूनी प्रावधानों के अनुसार, 2 साल या उससे अधिक की सजा होने पर विधायकी स्वतः जा सकती है। भारती को 3 साल की सजा हुई है। हालांकि, हाईकोर्ट से सजा पर स्टे मिलने पर राहत संभव है।

कोर्ट ने आपराधिक साजिश धोखाधड़ी, मूल्यवान दस्तावेजों की जालसाजी और जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करने के आरोपों में अदालत ने राजेंद्र भारती को दोषी करार दिया। विशेष न्यायाधीश दिग्विनय सिंह ने कहा कि यह पूरा मामला सुनियोजित साजिश का हिस्सा था, जिसके जरिए बैंक को आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि राजनीतिक साजिश के आरोप साबित नहीं हुए, क्योंकि मामला 1998 से 2011 के बीच की घटनाओं से जुड़ा है। 3 मार्च 2011 को बैंक अध्यक्ष बने भाजपा नेता पप्पू पुजारी मामले को सामने लाए। सहकारिता विभाग के तत्कालीन संयुक्त पंजीयक अभय खरे ने जांच की, जिसमें एफडी पर ऑडिट आपत्ति दर्ज हुई।

विधायक के बेटे अनुज भारती ने बताया कि उनके पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वे फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील करेंगे और जमानत के लिए आवेदन देंगे।



**यह है मामला**

भारती और अन्य आरोपियों ने मिलकर सहकारी ग्रामीण विकास बैंक को धोखा देने की साजिश रची। आरोप है कि 3 साल की अवधि वाली फिक्स्ड डिपॉजिट (स्रष्ठ) 2011 में समाप्त होने के बाद भी आरोपियों ने उच्च ब्याज दर पर राशि निकालना जारी रखा। इसके लिए बैंक के दस्तावेजों में जालसाजी की गई।

**केस की पृष्ठभूमि**
- मामला पहले मध्य प्रदेश में चला
- बाद में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर दिल्ली ट्रांसफर किया गया
- भारती ने रघुवीर के साथ मिलकर एफडी की अवधि 3 साल से बढ़ाकर 15 साल कर दी।
- सालाना 13.5 फीसदी की दर से ब्याज के 1.35 लाख रुपए 1999 से 2011 तक निकाले।

### 2 साल या ज्यादा सजा पर विधायकी जा सकती है

विधायक के दोषी करार दिए जाने के बाद क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। तीन साल की सजा के चलते उनकी विधायकी पर संकट है। सीट खाली होने पर उपचुनाव की स्थिति बन सकती है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा की मंशा खुलकर सामने आ रही है। कांग्रेस विधायकों को तोड़ने और खरीदने की कोशिश की जा रही है। जब यह प्रयास सफल नहीं हो रहा, तो उनके खिलाफ पुराने मामलों को हथियार बनाया जा रहा है। पूर्व भाजपा विधायक नरोत्तम मिश्रा का पेड न्यूज मामला वर्षों से सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, यह दोहरे मापदंड साफ दिखाता है।

## शिक्षा

### सीबीएसई का नया सिलेबस लागू, डमी स्कूलों पर कसेगा शिकंजा

# अब स्कूल में ही होगी जेईई-नीट परीक्षा की तैयारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शिक्षा प्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए सत्र 2026-27 से कक्षा 9वीं और 10वीं के लिए नया पाठ्यक्रम लागू करने का निर्णय लिया है। इस बदलाव का मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्कूल शिक्षा से जोड़ते हुए उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे जेईई और नीट की तैयारी के लिए सक्षम बनाना है, ताकि कोचिंग पर निर्भरता कम हो और 'डमी स्कूल' संस्कृति पर लगाम लग सके। यह नया ढांचा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) 2023 के अनुरूप तैयार किया गया है, जिसमें रटने के बजाय समझ, कौशल और एप्लीकेशन आधारित शिक्षा पर जोर दिया गया है।



**तीन-भाषा फॉर्मूला अनिवार्य**

नई व्यवस्था में सबसे बड़ा बदलाव तीन-भाषा फॉर्मूला है।
- कक्षा 6 से तीसरी भाषा अनिवार्य होगी
- इसे 2030-31 तक कक्षा 10 तक लागू किया जाएगा
- हर छात्र को कम से कम दो भारतीय भाषाएं पढ़नी होंगी
- 10वीं बोर्ड परीक्षा में भाषाओं को पास करना जरूरी होगा
- दिव्यांग छात्रों को इसमें छूट दी गई है।

**डमी स्कूलों पर असर**

सीबीएसई का मानना है कि इन बदलावों से-
- छात्र नियमित स्कूल शिक्षा से जुड़े रहेंगे
- कोचिंग संस्थानों पर निर्भरता घटेगी
- डमी स्कूलों की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा
- प्रभावी ढंग से लागू होने पर यह सिलेबस शिक्षा प्रणाली में बड़ा बदलाव साबित हो सकता है।

**गणित और विज्ञान में एडवांस स्तर**
- सीबीएसई ने गणित और विज्ञान विषयों को भी नया रूप दिया है।
- कक्षा 9 से दो स्तर- स्टैंडर्ड और एडवांस होंगे।
- सभी छात्रों के लिए सामान्य परीक्षा
- एडवांस स्तर के लिए 25 अंकों की अतिरिक्त परीक्षा
- इसमें हाई-ऑर्डर थिंकिंग और एनालिटिकल सवाल होंगे

**एआई और टेक्नोलॉजी पर जोर**
- कक्षा 3 से 8 तक गतिविधि आधारित पढ़ाई
- 2027-28 से एआई विषय के रूप में पढ़ाया जाएगा
- 2029 तक बोर्ड परीक्षा में औपचारिक मूल्यांकन

**इंटरडिसिप्लिनरी अप्रोच**
- कक्षा 9 में 'समाज में व्यक्ति' विषय
- कक्षा 10 में 'पर्यावरण शिक्षा'
- व्यावसायिक शिक्षा और स्थानीय कौशल पर जोर
- कार्य आधारित और व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा

**बोझ कम करने के उपाय**
- स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि 'बैगलेस डे' लागू किए जाएं ताकि बच्चों को राहत मिले
- हल्के टाइमटेबल बनाए जाएं
- कला, खेल और वेलनेस को मुख्य शिक्षा में शामिल किया जाए



# जिले भर में धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनाई गई हनुमान जयंती

## चिरहुलानाथ मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**जागरण, रीवा।** जिले भर में हनुमान जयंती पूरे धूमधाम से मनाई गई। जिले के सभी हनुमान मंदिरों में सुबह से ही भक्तगणों का तांता लगा रहा और जय श्रीराम के गगनभेदी नारे लगाए गए। देवालयों में हनुमान चालीसा पाठ के साथ-साथ भंडारे का आयोजन किया गया। हनुमान जयंती पर जिले के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा का आयोजन किया गया। अपने इष्टदेव श्री हनुमान की एक झलक पाने के लिए सुबह से ही भक्त मंदिर पहुंचने लगे। जहां विशेष पूजा-अर्चना के बीच आरती एवं भजन का आयोजन किया गया। रामसागर, खेमसागर, नीम चौराहा, पीटीएस चौराहा सहित समस्त हनुमान मंदिरों में भक्ति सलिला की रस धरा बहती रही। हनुमान जयंती के अवसर पर पूजा-अर्चना के साथ भंडारे का आयोजन किया गया।

चैत्र मास की पूर्णिमा पर मनाई जाने वाली हनुमान जयंती के पावन अवसर पर शहर का प्रसिद्ध चिरहुलानाथ हनुमान मंदिर आस्था और श्रद्धा का केंद्र बन गया। तड़के सुबह 5 बजे से ही मंदिर परिसर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा और देखते ही देखते पूरा क्षेत्र जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयघोष से गूंज उठा। सुबह 10 बजे तक मंदिर परिसर, मुख्य मार्ग और आसपास के इलाकों में हजारों श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। मंदिर प्रबंधन समिति के अनुसार, दिनभर में 1 से डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के दर्शन करने का अनुमान लगाया गया है, जबकि रात तक यह संख्या अनुमान से अधिक पहुंचने की बताई जा रही है। हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिर के कपाट तड़के ही खोल दिए गए थे। कपाट खुलते ही पूजा-अर्चना और दर्शन का क्रम शुरू हो गया। श्रद्धालु हाथों में नारियल, फूल-माला, सिंदूर और प्रसाद लेकर भगवान हनुमान के दर्शन के लिए पहुंचे। भक्तों के चेहरों पर आस्था और उत्साह स्पष्ट दिखाई दे रहा था। कई श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचे, तो कई भक्त व्रत और संकल्प लेकर मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करते नजर आए।

मंदिर परिसर में सुबह की विशेष आरती के दौरान भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी. आरती के समय पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया और मंदिर घंटियों व भजन-कीर्तन की ध्वनि से गूंज उठा। सैकड़ों श्रद्धालु सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करते दिखाई दिए. भजन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।



**निकाली गई शोभायात्रा**

हनुमान जयंती के अवसर पर कलयुग के देवता हनुमान जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गईं। एसएएफ ग्राउंड से शोभयात्रा पीटीएस होते हुए अस्पताल चौराहा शिल्पी प्लाजा, जयस्तंभ होते हुए पचमठा पहुंची जहां महा आरती की गई।

### प्रशासन और पुलिस की रही मुस्तैदी

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह सक्रिय नजर आया. मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई थी। व्यवस्थाओं के तहत बैरिकेडिंग कर कतारबद्ध दर्शन की व्यवस्था की गई थी। मंदिर परिसर में ट्रैफिक डायवर्सन प्लान लागू कर पुलिस बल और स्वयंसेवकों की तैनाती की गई थी। प्रशासनिक अधिकारियों ने लगातार स्थिति की निगरानी की, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## शराब दुकान हटाने कलेक्टर को लिखा पत्र

**रीवा।** कांग्रेस शहर अध्यक्ष अशोक झब्बू ने वार्ड क्रमांक 15 रतहरा में स्थित शराब की दुकान को हटाए जाने के लिए कलेक्टर रीवा को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया है कि शराब दुकान होने के कारण आसपास के नागरिकों, विशेषकर महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस दुकान के कारण हमेशा असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है तथा अनैतिक गतिविधियां संचालित होती है। जिससे शांति व्यवस्था भंग होती है। नशे की हालत में लोगों द्वारा अभद्र व्यवहार, झगड़ा एवं अशांति फैलाने जैसी घटनाएं भी बढ़ रही है। इसके अतिरिक्त विद्यालय एवं आवासीय क्षेत्र के निकट होने के कारण बच्चों पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। रतहरा में स्थित उक्त शराब की दुकान को शीघ्र हटवायें, जिससे कोई अप्रिय घटना न हो।

## नाली से निकाला कचरा वहीं छोड़ गए, दोपहर तक तो नहीं हटा



**रीवा।** नगर निगम द्वारा गुरुवार को शिल्पी प्लाजा से कॉलेज चौराहे आने वाले मार्ग पर सोमवारी बाजार के समीप नालियां साफ की गईं, नालियां साफ करने के बाद नाली में ढंके पत्थर जहां अलग-थलग पड़े थे वहीं निकाला गया कचरा नाली के किनारे ही सड़क पर डाल दिया गया, जिससे इस मार्ग का आवागमन तो बाधित हुआ साथ ही नाली से निकाला गया कचरा वाहन के पहियों में दबकर सड़क पर ही चिपकता रहा, दोपहर तक कचरा नहीं हटाया गया था, आसपास के दुकानदारों से पूछने पर उन्होंने बताया कि नाली की सफाई कई दिनों बाद देखने को मिली है, अब कचरा कितने दिन पड़ा रहेगा नहीं बोल सकते। नाली से निकाला गया कचरा बदबू मार रहा है, जब तक इसे यहां से हटाया जाएगा तब तक तो आसपास के दुकानदारों की हालत खराब हो जाएगी।

### भाजपा के प्रदेश वार्ताकार व मीडिया सहप्रभारी के पदों में रीवा के नेताओं को नहीं मिली जगह

## प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट में ब्रजेश पांडेय व योगेंद्र शुक्ल को बनाया गया मीडिया विभाग का सदस्य

**जागरण, रीवा**

हाल ही में प्रदेश भाजपा के मीडिया विभाग में सदस्यों की नियुक्ति की गई है। जारी सूची में प्रदेश वार्ताकार व मीडिया सह प्रभारी की लिस्ट से रीवा गायब है। रीवा के किसी भी नेता को इन दो पदों में जगह नहीं दी गई। मीडिया सह प्रभारी में तो पूरा विंध्य ही बाहर है। हां, प्रदेश वार्ताकार की सूची में सीधी जिले के कुसुमी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह टेकाम को जगह अवश्य दी गई। बता दें कि तत्कालीन रीवा जिले से पूर्व राजेंद्र मिश्रा (वर्तमान भाजपा जिला अध्यक्ष मऊगंज) को शामिल किया गया था जबकि डॉ अनिल पटेल प्रदेश सह मीडिया प्रभारी बनाया गया था। इस बार अनिल को भी जगह नहीं दी गई।



भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा जारी पैनलिस्ट की सूची में रीवा से ब्रजेश पांडेय व मीडिया विभाग के सदस्य सूची में संभागीय मीडिया प्रभारी योगेंद्र शुक्ल को प्रोन्नत कर स्थान दिया गया है। योगेंद्र शुक्ल को प्रदेश मीडिया विभाग का सदस्य बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि योगेंद्र शुक्ल काफी समय से जिला मीडिया प्रभारी व संभागीय मीडिया प्रभारी का दायित्व बखूबी निर्विवाद रूप से संभाल रहे हैं।

बता दें कि पैनलिट की सूची में प्रदेश के 41 भाजपा नेताओं को शामिल किया गया है जिसमें रीवा से ब्रजेश पांडेय व सीधी से शिवम शुक्ला शामिल किए गए हैं। वहीं मीडिया विभाग में छः सदस्यों की घोषणा की गई जिसमें विंध्य से योगेंद्र शुक्ला रीवा व सतना से दीपक बलेचा को शामिल किया गया है। द्वय नेताओं के प्रदेश भाजपा मीडिया विभाग में शामिल किए जाने पर स्थानीय भाजपा नेताओं ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है।



भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा हाल ही में 6 जिलों में अनुसूचित जाति मोर्चा का गठन किया है। पूर्व महामंत्री राम जी प्रजापति को भाजपा अनुसूचित जन जाति मोर्चा रीवा जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर राम जी प्रजापति ने मुखमंत्री, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, अजा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, जनार्दन मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता के प्रति आभार जताते हुए पार्टी व संगठन हित में पूर्णनिष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी से कार्य करते हुए पार्टी की विचारधार को जन-जन तक पहुचाने का संकल्प दोहराया है। इस नियुक्ति पर भाजपा नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

## कांग्रेस की मजबूती व जनहित के मुद्दे पर मुखर रहें हर कार्यकर्ता: युकां प्रदेशाध्यक्ष

### भाजपा सरकार के खिलाफ संघर्ष का किया आह्वान

### पहली बार रीवा आगमन पर जिला युवक कांग्रेस द्वारा किया गया स्वागत



**जागरण, रीवा।** मप्र युवा कांग्रेस के प्रदेशध्यक्ष यश घनघोरिया एक दिवसीय प्रवास पर रीवा पहुंचे। युकां प्रदेशाध्यक्ष का युकां जिला अध्यक्ष अनूप सिंह चंदेल की अगुवाई में चोरहटा में भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद रैली के साथ कार्यक्रम स्थल मानस भवन पहुंचे। युकां प्रदेशाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को 13 अप्रैल को जबलपुर में विभिन्न जनहित मुद्दों को लेकर प्रस्तावित कलेक्ट्रेट घेराव में अधिक से अधिक युकां नेताओं पहुंचने का आग्रह किया। इसी संदर्भ में प्रदेश के विभिन्न जिलों का भ्रमण किया जा रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से 13 अप्रैल को जबलपुर पहुंचकर बड़ी संख्या में एकत्रित होकर भाजपा सरकार के खिलाफ आंदोलन में भाग लेने का आग्रह किया। बैठक में श्री घनघोरिया ने भाजपा सरकार के विभिन्न मुद्दों एवं कथित अनियमितताओं, 'एपस्टीन फाइल' प्रकरण व अन्य मुद्दों पर घेरा। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने और जनहित के मुद्दों पर मुखर रहने की अपील की। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने संगठन को केवल संरचना तक सीमित न रखते हुए उसे प्रभावी रणनीति से जोड़ने पर बल दिया। वहीं, जिला अध्यक्ष अनूप सिंह चंदेल ने कहा कि सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व को मजबूत करते हुए कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है, जिससे आम जनता पार्टी की नीतियों से अवगत हो सके। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव शिवेंद्र गुप्ता 'शिब्बू' द्वारा किया गया।

बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, प्रदेश महासचिव प्रमोद पटेल, जिला उपाध्यक्ष अमित सिंह, जिला महासचिव नीरज यादव, शिवेंद्र गुप्ता, शुभम कुशवाहा, अमित मिश्रा, शक्ति कुशवाहा, धर्मेंद्र, विधानसभा अध्यक्ष रीवा रोहन जॉन, वरिष्ठ नेता नवीन सिंह, सुमित सिंह, मोनू सिंह, निशांत सिंह सहित युवा कांग्रेस के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अवैध निर्माण की शिकायत पर की गई पिलर तोड़ने की कार्यवाही

### व्यावसायिक उपयोग करने पर किराना स्टोर का बेसमेंट किया गया सील



**जागरण, रीवा।** शहर में अतिक्रमण की शिकायत पर नगर निगम प्रशासन द्वारा तुरंत कार्यवाही की जाती है। इसके बावजूद अतिक्रमण रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसा लगता है कि अतिक्रमणकारियों को कार्यवाही का कोई खौफ नहीं है। सख्त कार्यवाही के बाद भी जहां भी मौका मिलता है, कोई भी अतिक्रमण करने से नही चूकता है। वार्ड 19 में अवैध रूप से निर्माण कर पिलर बनाये जाने की शिकायत पर तत्काल पिलर हटाने की कार्रवाई की गई। इसके अलावा नीम चौराहा में जहां पिछले दिनों अतिक्रमण हटा कर जमीन खाली कराई है वहां पर मौजूद किराना स्टोर का बेसमेंट का व्यवसायिक उपयोग करने के कारण सील कर दिया गया। निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर शहर में बढ़ते अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण के विरुद्ध नगर निगम द्वारा सख्त एवं निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में गुरुवार को वार्ड 19 में अवैध रूप से निर्माण कर पिलर बनाये जाने की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल पिलर हटाये जाने की कार्रवाई की गई साथ ही अतिक्रमणकर्ता को हिदायत दी गई कि पुनरावृत्ति किये जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। इसी के साथ नीम चौराहा में लक्ष्मी किराना स्टोर द्वारा बेसमेंट में पार्किंग की जगह का व्यावसायिक उपयोग करने पर सील करने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही गांधी कॉम्पलेक्स में दुकानदारों द्वारा किए गये अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। साथ ही मौके पर दुकानदारों को सख्त चेतावनी भी दी कि भविष्य में यदि किसी प्रकार का अतिक्रमण पुनः किया गया, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण प्रभारी रावेन्द्र शुक्ला, उपयंत्री रमेश सिंह के साथ अतिक्रमण अमला मौजूद रहा।

## सहकार भारती ने व्यवस्था सुधार हेतु मुख्यमंत्री के नाम कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन



**जागरण, रीवा।** सहकारी समितियों में व्याप्त विसंगतियों और किसानों को आ रही व्यावहारिक दिक्कतों को लेकर सहकार भारती मध्य प्रदेश ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषि शुक्ला के मार्गदर्शन में सहकार भारती रीवा के विभाग प्रमुख संजय पाण्डेय ने मुख्यमंत्री के नाम कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की है। ज्ञापन में किसानों की केसीसी ऋण अदायगी की समय सीमा 31 मार्च से बढ़ाकर 30 अप्रैल करने, किसानों की सुविधा के दृष्टिगत गेहूं खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाने की मांग प्रमुखता से उठाई गई है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि आईबीपीएस द्वारा चयनित नए प्रबंधकों को कार्यभार देने की मांग की। समितियों में किसानों से अंश पूंजी के नाम पर की जा रही 10 प्रतिशत की अवैध वसूली और उसे निजी हित में उपयोग करने के गंभीर आरोपों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है। कई समितियों का प्रभार एक ही प्रशासक के पास होने से वित्तीय अनियमितताएं बढ़ रही हैं, जिससे समितियां निरंतर घाटे में जा रही हैं। इस अवसर पर नीतू पाठक जिला महिला प्रमुख रीवा, समीर टंडन जिला संगठन प्रमुख और पंकज पांडे नगर अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## वार्ड 18 में आ रहा गंदा व बदबूदार पानी बाजार से खरीदने को मजबूर रहवासी

### कई बार शिकायत, कोई देखने तक नहीं आया



**जागरण, रीवा।** शहर के वार्ड 18 स्थित आकृति मार्ग के रहवासी पिछले कई माह से गंदा व बदबूदार पानी पीने को मजबूर हैं। वार्ड में जल प्रदाय के दौरान नलों से एकदम काला और बदबू से भरा पानी निकल रहा है, जिसका उपयोग वार्ड के रहवासी किसी भी कार्य में नहीं कर पा रहे। वार्ड के लोगों ने बताया कि नलों में गंदा पानी आने से लोगों को पीने का पानी जहां बाजार से खरीदना पड़ रहा वहीं अन्य उपयोग के लिए या तो नदी, तालाब की शरण लेना पड़ती है या फिर कुछ लोग मिलकर टैंकर आदि बुलवाकर अपनी पूर्ति कर रहे हैं। वार्ड के लोगों ने बताया कि काफी समय से यहां प्रदाय किया जा रहा पानी इसी प्रकार का आ रहा है, इसकी शिकायत कई बार पीएचई, नगर निगम कार्यालय में कर चुके हैं, किन्तु सुधारना तो ठीक कोई देखने भी नहीं आया। गर्मी अभी से अपना रौद्र रूप दिखा रही है, ऐसे में जो थोड़ा बहुत पानी मिल रहा था वह भी गंदा और बदबूयुक्त आ रहा है, बाजार से कब तक पानी खरीदेंगे,पानी के लिए वार्ड में कोई दूसरा विकल्प ही नहीं है।

## जहां पैवर्स उखड़े वहां नहीं बना रहे सड़क एक भूमि के अगल-बगल हो रहा निर्माण

### लाडली लक्ष्मी मार्ग में पैवर्स उखाड़कर कुछ हिस्से में बना दी सड़क



**जागरण, रीवा।** लाडली लक्ष्मी मार्ग में गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह के बंगले के करीब सड़क किनारे लगे पैवर्स उखाड़कर सीमेंटेड सड़क बनाई जा रही है। सड़क बनाने वालों ने सिर्फ एक भूमि के अगल-बगल ही सड़क का निर्माण करवाया है, जबकि इसी मार्ग पर आगे कई स्थानों पर पैवर्स उखड़े हैं, उनकी सुध नहीं ली जा रही, जिनके कारण आए दिन कोई न कोई दुर्घटनाग्रस्त होता है, सड़क निर्माण कर रहे लोगों ने निर्माण के चलते आधी सड़क भी घेर रखी है। इससे यही प्रतीत हो रहा है कि महज एक ही भूमि मालिक को उपकृत किया जा रहा है।

### कौन करवा रहा निर्माण, आस पड़ोसियों को भी नहीं पता

जिस भूमि के अगल-बगल सड़क निर्माण किया गया है वहां पर पिछले कुछ माह से कार्य चल रहा है, आसपास के लोगों से पूछने पर उन्होंने बताया कि काम तो चल रहा है किन्तु क्या निर्माण किया जा रहा है इसकी उन्हें जानकारी नहीं, किसी ने बताया कि शायद मैरेज गार्डन बन रहा है, जिसमें आने वाले वाहनों की पार्किंग सड़क किनारे करवाएंगे और क्या ? किसी ने बताया कि शासकीय सड़क है सो शासकीय विभाग सड़क बनवा रहा है तो कोई कहने लगा कि सड़क भूमि मालिक द्वारा बनाई जा रही है। यानी आसपास वालों सहित सड़क का रखरखाव करने वालों को भी नहीं, कि कौन सड़क किनारे लगे पैवर्स उखाड़कर सड़क निर्माण करवा रहा है, आसपास रहने वालों के अनुसार आज तक कोई जिम्मेदार यहां देखने भी नहीं पहुंचा। खैर जो भी हो, यदि शासकीय विभाग सड़क का निर्माण करवा रहा है तो पूरी सड़क का निर्माण क्यों नहीं करवा रहा ? यदि भूमि मालिक सड़क बनवा रहा है तो किसके आदेश से, ऐसे कोई भी बिना अनुमति सड़क का खनन कर निर्माण कैसे कर सकता है ? सड़क का रखरखाव करने वाले क्या देख रहे हैं ? यहां लगे पैवर्स कहां गए ? ये सारे सवाल लाडली लक्ष्मी पथ में किए जा रहे निर्माण को संदेह के घेरे में डाल रहे हैं।

## धूप, गर्मी से लोग हलाकान शहर में नहीं खुले प्याऊ

### स्थाई प्याऊ के अभाव में हो रही दुर्दशा, गंदगी का अंबार



**जागरण, रीवा।** गर्मी दिन-प्रतिदिन अपना रौद्र रूप दिखा रही है, सूर्योदय के कुछ देर बाद ही सूर्यनारायण की चुभन महसूस होने लगी है, सुबह 10-11 बजे तक धूप के साथ ही गर्मी भी चरम पर पहुंच जाती है, जिसके चलते हलक सूखने के कारण लोगों की हालत खराब हो रही है, प्रति वर्ष ग्रीष्म काल में नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख चौराहे सहित सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ की शुरुआत की जाती है, किन्तु अभी तक प्याऊ का श्रीगणेश कहीं नहीं हुआ, जिससे लोगों को खासकर बाहर से आने वाले लोगों को पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझाना पड़ रही है, पानी खरीदकर पीना हर किसी के बस की बात नहीं जिससे कई लोग प्यास बुझाने के चक्कर में ठेले, होटलों पर पानी के साथ चाय, नाश्ता करने को मजबूर हैं।

शहर में स्थाई प्याऊ का अभाव है, जहां प्याऊ बने हैं उनकी दुर्दशा हो रही है। शहर के नए बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन में प्याऊ बने हैं, किन्तु इनके आसपास गंदगी का अंबार लगा रहता है, लोग प्याऊ का उपयोग प्यास बुझाने की बजाय अन्य उपयोग में अधिक करते हैं, कई लोग प्याऊ के आसपास ही पान-गुटखा थूक कर कुल्ला कर जाते हैं, कोई यहां झूठे बर्तन धो जाते हैं, जिससे प्याऊ का उपयोग लोग चाहकर भी नहीं कर सकते। कुछेक प्याऊ ऐसे हैं जिनमें पानी ही नहीं रहता, पानी रहता भी है तो नल नहीं लगे, जिससे टंकी भरने के कुछ देर बाद ही खाली हो जाती है, स्थाई प्याऊ का भी रखरखाव ठीक से नहीं किया जा रहा। होटल, ठेले पर पानी पीना हो तो नाश्ता अथवा चाय पीना अनिवार्य है, इस स्थिति के चलते लोग धूप, गर्मी में मारे प्यास के परेशान हो रहे हैं।

SAVVY MOTHER INTERNATIONAL SCHOOL
www.savvyrewa.com
Nursery To 12th
Data science | Innovation lab
Brainywood | Innovation lab
ADMISSION OPEN 2026-27
9329517009, 9630520901
In Front Of Chamadiya Petrol Pump Azad Nagar Urrahat Rewa M.P.

डॉ. नीरज कुमार दुबे
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (ENT)
कान-नाक एवं गला रोग विशेषज्ञ
माइक्रोस्कोपिक एवं एंडोस्कोपिक ई.एन.टी. सर्जन
परामर्श स्थलः
अंशिका मेडिकल्स
सभी प्रकार की दवाइयों के विक्रेता ✆7089196877
पताः- न्यू बस स्टैण्ड के आगे, फूलमती मन्दिर के पहले, पीटीएस रोड, रीवा (म.प्र.)
कान-नाक एवं गले से संबंधित निम्न बीमारियों के समुचित उपचार के लिए संपर्क करें
☑ कान के पर्दे में छिद्र एवं कान की हड्डी में गलन एवं कान से मवाद आना (CSOM)
☑ कान में सीटी बजना या सनसनाहट (Tinitus) कम सुनाई देना एवं चक्कर आना (Vertigo)
☑ पुरानी सर्दी जुकाम, साइनस की बीमारी (SINUSITIS) ज्यादा, बार-बार छींके आना एवं allergy से नाक बहना। (Allergic Rhinitis)
☑ नाक की हड्डी का टेढ़ापन (DNS), नाक के अंदर गठान, Polyp Mass etc)
☑ बच्चों में बार-बार गले का इंफेक्शन एवं मुंह खोलकर सांस लेना, खर्राटे लेना (Tonsillitis, Adenoid Hypertrophy)
☑ कान-नाक एवं गले से संबंधित अन्य कोई बीमारी या गठान की दूरबीन द्वारा जांचे एवं उपचार
☑ माइक्रोस्कोप एवं एंडोस्कोप (दूरबीन) द्वारा कान,नाक एवं गले से संबंधित ऑपरेशन, (Tympanoplasty, FESS, Septoplasty, Tonsillectomy etc)

आयुष्मान में निःशुल्क एवं कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत PM-JAY
कीमोथेरेपी | शिशु रोग विभाग | पथरी का ऑपरेशन
हड्डी का ऑपरेशन | कैंसर का ऑपरेशन | प्लास्टिक सर्जरी
जनरल सर्जरी | आकस्मिक सुविधा | यूरो सर्जरी
जबड़े का फ्रैक्चर
नेशनल हॉस्पिटल, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें- 18008890620, 8608600604 7566831551

# हाईकोर्ट में प्रकरण फिर भी नगर निगम से मिल गई मंजूरी और चल रहा निर्माण

## भवन अनुज्ञा मामले में सामने आया नगर निगम के इंजीनियरों लापरवाही



जागरण, रीवा

शहर के बाणसागर कॉलोनी से लगी उस शासकीय जमीन के मामले में एक और गड़बड़ी सामने आयी है जिसमें लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण हाईकोर्ट के आदेश पर हुजूर तहसीलदार को विश्वनाथ पटेल के नाम नामांतरण के लिए विवश होना पड़ा है। हालांकि जिला प्रशासन द्वारा इस मामले में हाईकोर्ट के डबल बेंच में अपील दायर कर दी गई है और प्रकरण विचाराधीन है। इसके बावजूद विश्वनाथ पटेल द्वारा सच्चाई को छिपाते हुए नगर निगम द्वारा भवन अनुज्ञा हासिल कर ली गई। इस घटना ने नगर निगम प्रशासन को शर्मसार कर दिया है। यह मामला नगर निगम आयुक्त के संज्ञान में आने के बाद उनके द्वारा कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह को तत्काल जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि आराजी क्रमांक 631/2 रकबा 1.19 एकड़ जमीन विश्वनाथ पटेल के नाम पर हो जाने के बाद उनके द्वारा नगर निगम में भवन अनुज्ञा का आवेदन दिया गया। जिस पर 634.51 वर्ग मीटर विल्डअप एरिया में नगर निगम द्वारा 30 दिसंबर 25 को निर्माण की मंजूरी प्रदान की गई है। हाईकोर्ट में प्रकरण विचाराधीन होने के बाद भी नगर निगम के इंजीनियरों द्वारा केवल उक्त विवादित जमीन पर व्यावसायिक एवं रिहायसी भवन बनाने की अनुज्ञा प्रदान कर दी गई बल्कि उसमें निर्माण भी प्रारंभ कर दिया गया है। उक्त सरकारी जमीन लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते हाई कोर्ट के आदेश से विश्वनाथ पटेल के नाम पट्टा हो गया है। इस मामले में जिला प्रशासन द्वारा हाई कोर्ट की डबल बेंच में उक्त फैसले के खिलाफ प्रकरण दायर किया गया है और यह मामला अभी विचाराधीन है। मजेदार तथ्य है कि हाई कोर्ट के आदेश से हुजूर तहसीलदार द्वारा जब उक्त जमीन का नामांतरण किया गया तब यह मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में आया और कलेक्टर द्वारा हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ डबल बेंच में प्रकरण तैयार करने का निर्देश दिया गया। इसके लिए कलेक्टर द्वारा निगम आयुक्त को नोडल अधिकारी बनाया गया था और उन्हीं की देखरेख में प्रकरण हाईकोर्ट की डबल बेंच में तैयार किया गया है। लेकिन नगर निगम के भवन अनुज्ञा से जुड़े इंजीनियरों ने बड़ा खेल करते हुए उक्त जमीन पर दुकान एवं मकान बनाने की मंजूरी दे डाली।

### सेवानिवृत्ति से एक दिन पहले दे दी मंजूरी

बताया गया है कि विश्वनाथ पटेल द्वारा जमीन का मालिकाना हक पाने के बाद चुपचाप उक्त जमीन पर मकान एवं दुकान बनाने की मंजूरी का आवेदन दिया। और नगर निगम के इंजीनियर यह जानते हुए भी कि इस मामले को नगर निगम आयुक्त देख रहे हैं, इसके बावजूद सहायक यंत्री के प्रभार में रहे अम्बरीष सिंह द्वारा अपने सेवानिवृत्ति होने के 1 दिन पहले 30 दिसंबर 25 को मंजूरी प्रदान कर दी गई। इसके बाद वे अगले दिन सेवानिवृत होकर चले गए। इसका खुलासा अब हुआ है जब विश्वनाथ पटेल द्वारा उक्त जमीन पर निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है।

> मामला मेरे संज्ञान में आया है। इसमें मेरे द्वारा ही हाईकोर्ट की डबल बेंच में अपील दायर कराई है। यह प्रकरण अभी विचाराधीन है। इस जमीन पर जिसने भी भवन अनुज्ञा दी है उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।
> **डॉ. सौरभ सोनवणे, नगर निगम आयुक्त रीवा**

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433

# स्वाबलंबी ग्राम पंचायतों के डीपीआर तैयार करें: गुर्जर

## ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न



रीवा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा की गयी। जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने अधिकारियों को मिशन कर्मयोगी के तहत साधना सप्ताह में आई गॉट के माध्यम से अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्वाबलंबी ग्राम पंचायतों के डीपीआर तैयार करें ताकि खेत का पानी खेत में व गांव का पानी गांव में ही रहे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने गत वर्षों के कार्यों को अभियान चलाकर पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने अमृत सरोवर, एक बगिया माँ के नाम तथा अटल पंचायत भवनों के कार्यों को निश्चित समयावधि में पूर्ण कराते हुए सीसी जारी कर पोर्टल में अपलोड करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। विभागीय योजनाओं से संबंधित शिकायतों के जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने एवं चयनित वृंदावन गांव का विजन डाक्यूमेंट तैयार कराने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत द्वारा दिये गये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में जिन हितग्राहियों को किस्त की राशि जारी नहीं हुई है उन्हें राशि जारी करें तथा जिन हितग्राहियों के एफटीओ लंबित हैं उन्हें परीक्षण कराकर पूरा करायें तथा विगत वर्षों से लंबित आवास को चिन्हांकित कराकर पूर्ण करायें। बैठक में ग्राम पंचायतों में लंबित बिजली बिल के भुगतान की कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के सीईओ को दिये गये। बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, लेखा अधिकारी, एपीओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

रीवा। सिटी कोतवाली पुलिस ने छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। घटना की शिकायत गुरुवार को 12 साल की नाबालिग किशोरी ने अपने परिजनों के साथ पहुंचकर थाना में की थी। बताया गया था कि परिवार के लोग किराना सामग्री का ठेला लगाते हैं जिसमें खाने पीने की सामग्री भी रखते हैं। किशोरी के माता पिता घर में नही थे, मां किराने का कुछ सामान लेने बाजार गई थी , पिता काम करने बाहर गए थे, दोपहर में नाबालिग किशोरी दुकान में थी उसी समय आरोपी शकील उर्फ मंजा दुकान में आकर किशोरी से फ्रूटी मांगा, जब किशोरी फ्रूटी लेने घर के अंदर गई तो आरोपी द्वारा सूनेपन का फायदा उठाकर पीछे से किशोरी के घर के अंदर घुस आया और किशोरी को गलत नीयत से पकड़ लिया एवं शरीर के अन्य हिस्सों मे हाथ लगाने लगा, किशोरी के चिल्लाने पर आरोपी किशोरी को मुंह दबाने की कोशिश करने लगा लेकिन किशोरी के लगातार चिल्लने पर आरोपी मौके से भाग गया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी शकील खान पिता खलील खान 22 साल निवासी मुकातिक मंदिर के पीछे घोघर को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

### टाइगर सफारी के समय में परिवर्तन

रीवा। महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी मुकुंदपुर के खुलने और बंद होने के समय में परिवर्तन किया गया है। इस संबंध में व्हाइट टाइगर सफारी के संचालक ने बताया कि एक अप्रैल से 31 अक्टूबर की अवधि में व्हाइट टाइगर सफारी पर्यटकों के लिए सुबह 9 बजे खुलेगा तथा शाम 5 बजे बंद होगा। इस अवधि में प्रत्येक बुधवार को टाइगर सफारी बंद रहेगा। व्हाइट टाइगर सफारी में सफेद बाघ, बंगाल टाइगर सहित विभिन्न वन्य जीव उपलब्ध हैं। पर्यटक वर्ड एवियरी में दुनिया के कई दुर्लभ प्रजाति के पदेख सकते हैं। टाइगर सफारी में सुंदर तितलियों का संसार और रैप्टाइल पार्क में कई सांपों को भी देखने की सुविधा है।

### पति बाहर हैं, सरहंग घर में घुसकर अश्लील हरकत करते हैं



रीवा। सेमरिया थाना क्षेत्र जोवा टोला निवासी सुधा पति अभयराज कोल ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत आवेदन देकर पड़ोसी पुष्पेन्द्र पिता शिवकुमार कोल पर प्रार्थिया के घर में घुसकर अश्लील हरकत करने का अरोप लगाया है। शिकायत में बताया कि प्रार्थिया का पति मुम्बई में मजदूरी करता है, गांव में प्रार्थिया अपने दो बच्चों के साथ रहती है। पुष्पेन्द्र के पिता शासकीय सर्विस में हैं, जिसके चलते उसके हौसले बुलंद हैं और वह आए दिन उसके घर में घुसकर छेड़खानी करता है, जिसकी रिपोर्ट प्रार्थिया सेमरिया थाना में अनेकों बार कर चुकी है, किन्तु वहां से अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। पुलिस में रिपोर्ट करने पर पुष्पेन्द्र आए दिन उसे जान से मारने की धमकी देता है। प्रार्थिया ने मामले की जांच कर उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## न्यूज कार्नर

### प्रयागराज से लौट रहे युवकों पर प्राणघातक हमला

जागरण, रीवा। प्रयागराज से बाइक से लौट रहे दो युवकों पर लाठी व रॉड से प्राणघातक हमला किया गया। घायल युवक अपने गांव कल्याणपुर आ रहे थे, तभी पटपहरा के पास घात लगाकर बैठे नकाबपोश बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। पीड़ितों की शिकायत के बाद पुलिस दो आरोपियों को नामजद किया है। मिली जानकारी के मुताबिक पनवार थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी यादव परिवार का अपने गांव के ही कुछ लोगों से जमीनी विवाद था। अच्छेलाल यादव प्रयागराज से मोटर साइकिल से वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे पटपहरा के समीप पहुंचे तभी मुंह में गमछा बांधकर आरोपी अचानक सड़क पर आ गए और उनको रोक लिया। सरेराह उनके ऊपर डंडा व रॉड से हमला कर दिया जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लेकर आए जहां एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने शिकायत के बाद मामले में सत्यम सिंह व सुंदरम सिंह की पहचान हुई है जिनको नामजद कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी प्रवीण उपाध्याय ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। दोनों पक्षों के बीच काफी समय से विवाद चल रहा है।

### पुराने विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट



**समान थाना क्षेत्र के पोखरी टोला की घटना**

जागरण, रीवा। शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत पोखरी टोला में पुराने विवाद के चलते एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के ऊपर हमला कर दिया मारपीट की घटना में घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में फरियादी मोहम्मद हसनैन अंसारी उम्र 29 वर्ष निवासी पोखरी टोला थाना समान जिला रीवा ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात वह अपने घर में था तभी मेरे पड़ोस के रहने वाला मोहम्मद दाउद रात समय करीबन 10 बजे मुझे फोन किया और मुझे मेरे घर के बाहर बुलाया। जब वह घर के बाहर निकलकर देखा तो मोहम्मद दाउद एवं मोहम्मद अशरफ मंसूरी सहित हमिद मंसूरी खड़े थे, इस दौरान उन्हाने बोला कि तुम मेरे छोटे भाई अख्तर रजा मसूरी के साथ मारपीट किये हैं और उसको भगाये, इसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ और तीनों लोगों ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी। शोर शराबा सुनकर घर के लोग पहुंचे और बचाव किया। फिलहाल पीड़ित पक्ष की शिकायत के बाद समान पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नवविवाहिता ने लगाया प्रताड़ना का आरोप

जागरण, रीवा। नवविवाहित महिला ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। आरोप है कि दहेज के लिए ससुराल के लोग लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं, साथ ही मारपीट कर उसे 7 माह के बच्चे के साथ बेघर कर दिया गया। पीड़िता ने मामले की शिकायत स्थानीय चाकघाट थाने में भी दर्ज कराई लेकिन आरोप है कि पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। मामला चाकघाट थाना क्षेत्र का है। पीडित महिला रश्मि गुप्ता नें जानकारी देते हुये बताया कि ढाई वर्ष पूर्व उसका विवाह चाकघाट निवासी अनुपम केसरवानी के साथ हुआ था। शादी में उसके परिजनों ने 5 लाख नकद और दहेज का सारा सामान दिए लेकिन 3 माह बाद उसके पति व सास द्वारा और पैसों व दहेज की मांग की जाने लगी। आरोप है कि मांग पूरी ना करने पर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा और अब उसे मारपीट कर घर से बेघर कर दिया गया है। पीड़िता के मुताबिक 30 मार्च को पति व सास ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर बच्चे के साथ घर से बाहर कर दिया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई के लिए न्याय की गुहार लगाई है।

### पिकअप और ऑटो की जोरदार भिड़ंत, 1 घायल



रीवा। मऊगंज थाना क्षेत्र के पन्नी गांव में देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। पिकअप और ऑटो के बीच हुई भीषण टक्कर में ऑटो के परखच्चे उड़ गए। घटना में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है, घटना की सूचना पर ,तत्काल घटनास्थल पहुंच कर समय पर घायल ऑटो चालक को अस्पताल लाकर उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

## सेमरिया में अवैध उत्खनन की एसडीएम के पास पहुंची शिकायत

# शायना स्टील कटनी व राकेश एजेंसी जैतवारा लीज क्षेत्र के बाहर कर रहीं मनमानी उत्खनन

### पूर्व सरपंच ने शपथ पत्र के साथ की थी शिकायत, खनिज और राजस्व अमले ने किया निरीक्षण



जागरण, रीवा। सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध उत्खनन को लेकर शिकायत एसडीएम से की गई। जिसके बाद पूरे मामले को लेकर एसडीएम ने राजस्व और खनिज विभाग को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। बताया गया कि ग्राम पंचायत दुआरी के पूर्व सरपंच रघुनंदन कोल ने एसडीएम कार्यालय सिरमौर में शपथ पत्र के साथ लिखित रूप से शिकायत में बताया कि की ग्राम पंचायत देवगांव अंतर्गत ग्राम चित्ती, सलैया में शायना स्टील प्राइवेट लिमिटेड शांतिभवन पाठक वार्ड कटनी एवं राकेश एजेंसी जैतवारा के द्वारा अपनी सीमा से बाहर दिन रात अवैध उत्खनन किया जा रहा है। विरोध करने पर कंपनी के कर्मचारी मारने की धमकी देते हैं। कुम्हरा जुड़वानी अंतर्गत एमपी मिनरल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा भी सीमा से बाहर अवैध उत्खनन का आरोप लगाया गया है। शिकयत में बताया गया कि इसके कारण सरकार के राजस्व का नुकसान हो रहा है वहीं शासन के नियमानुसार बस्ती मोहल्ले से 200 मीटर के अन्दर उत्खनन प्रतिबंधित है, इसकी अनदेखी भी की जा रही है। आरोप है कि कंपनियों द्वारा हरिजन आदिवासियों के घर के 10 मीटर के अन्दर उत्खनन किया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने मांग की थी कि उक्त शिकायत की जांच कर अवैध काम करने वाली कंपनियों से वसूली की कार्यवाही की जाय और उनकी लीज निरस्त की जाए।

### लेक्ट्राइड और गेरू का चल रहा उत्खनन

शायना स्टील प्राइवेट लिमिटेड शांतिभवन पाठक वार्ड कटनी एवं राकेश एजेंसी जैतवारा के द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन की शिकायत के संबंध में बताया गया कि अपनी सीमा से बाहर दिन रात कंपनी के कर्मचारी अवैध उत्खनन करवा रहे हैं, लीज के अंदर लेक्ट्राइड और गेरू का उत्खनन बैन है, उसी जगह से चोरी छुपे लेक्ट्राइड और गेरू निकाल रहे हैं। इसके साथ ही डंपिंग का कार्य बिना टीपी के किया जा रहा है, जिससे कारण सरकार के राजस्व का नुकसान हो रहा है। बताया गया कि जो लीज वर्षों से बंद है, उनका टेंडर निरस्त हो चुका है, उक्त दोनों कंपनियों के द्वारा वहां भी धड़ल्ले से अवैध उत्खनन करवा रही है। शिकायतकर्ता की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए प्रभारी एसडीएम दृष्टि जायसवाल के निर्देश पर नायब तहसीलदार सेमरिया राजेश तिवारी और खनिज निरीक्षक वीर सिंह ने भी मौके का निरीक्षण किया है। बताया जा रहा है कि तहसीलदार व खनिज निरीक्षक ने ग्राम सलैया, चित्ती, कुम्हरा जुड़वानी और ग्राम डोंगरिहा में मौके पर पहुंच कर जांच की गयी है, स्थल पंचनामा तैयार किया गया है एवं समीपी लीज धारियों को नोटिस देकर प्रोजेक्ट रिपोर्ट और आवश्यक दस्तावेज मंगाए हैं, जिसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# पहले बिना आदेश सिक्के बंद, अब नोटों पर भी नाटक

### जरा सा रंग लगा नोट लेने से कर देते हैं इंकार




जागरण, रीवा। शहर में पिछले लंबे समय से एक और दो रुपए के सिक्के दुकानदार नहीं ले रहे, जबकि अन्य शहरों में आज भी सिक्कों का चलन है। इन सिक्कों को कब व किसके आदेश से प्रतिबंधित किया गया, इसका कोई जवाब सिक्के न लेने वाले दुकानदारों के पास नहीं है, फिर भी सिक्के लेने से इंकार कर देते हैं, चलन में होने के बावजूद शहर में एक और दो रुपए के सिक्कों का चलन बंद है। यही स्थिति पिछले एक माह से नोटों की देखने को मिल रही है। होली पर्व के दौरान खेलने वाले लोगों की जेब में रखे नोटों में से कुछ में थोड़ा बहुत रंग लग गया, दुकानदार ऐसे नोट लेने से भी इंकार कर रहे हैं, जबकि भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों के अनुसार यदि किसी नोट पर होली का रंग लग जाता है तो केवल रंग लग जाने से उसकी वैधता समाप्त नहीं होती। इसका मतलब यह है कि ऐसा नोट पहले की तरह बाजार में चल सकता है और उससे लेन-देन किया जा सकता है। इसलिए दुकानदार या कोई भी व्यक्ति केवल इस कारण नोट लेने से इंकार नहीं कर सकता कि उस पर रंग लगा है। हां ऐसे नोट जिन पर बहुत ज्यादा रंग लग गया हो और नोट के नंबर दिखाई नहीं दे रहे हों, वह उपयोग लायक नहीं दिख रहा तो ऐसे नोट लेने से दुकानदार इंकार कर सकते हैं और इस प्रकार के नोट बैंकों में जाकर आसानी से बदलवाए जा सकते हैं। किन्तु दुकानदार नोटों पर हल्का सा भी रंग देखकर उसे लेने से इंकार कर रहे हैं, कई बार तो ग्राहक के पास यदि एक ही नोट हो तो उसे खरीदा गया सामान तक वापस करना पड़ता है। जबकि बैंक के निर्देश कुछ और हैं, बैंकों को चाहिए कि सिक्कों के चलन और चलने वाले नोटों के संबंध में व्यापारियों को नियमानुसार निर्देश जारी करें, और सिक्के व चलने लायक नोट ने लेने वाले दुकानदारों पर कार्यवाही का प्रावधान किया जाए, ताकि ग्राहकों को परेशान न होना पड़े।

# नशीली कफ सिरप का सप्लायर चढ़ा पुलिस के हत्थे

### गोविंदगढ़ पुलिस कर रही थी फरार आरोपी की तलाश



जागरण, रीवा। गोविंदगढ़ पुलिस ने बीते माह 30 मार्च को बाइक सवार एक आरोपी को गिरफ्तार कर 100 शीशी नशीली कफ सिरप बरामद की थी। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया था, जबकि प्रकरण में दो आरोपी फरार थे। मेडिकल नशे के सप्लायर की तलाश कर रही थी जिसके बाद आरोपी राजू प्रजापति निवासी बुढ़वा पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने आरोपी को रिमांड में लेकर पूछताछ की तो उसने कई राज उगले जिसके बाद 23 शीशी नशीली कफ सिरप और महिंद्रा एक्सयूवी वाहन को पुलिस ने जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी राजू प्रजापति पिता गजाधर प्रजापति 27 वर्ष निवासी ग्राम बुढ़वा थाना रायपुर कर्चुलियान को न्यायालय में पेश किया ।

# घर से निकलते समय धूप और लू से बचाव के उपाय करें: डॉ. त्रिपाठी

जागरण,रीवा। जिले में पिछले सात दिनों में मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। छुटपुट वर्षा के कारण तापमान में गिरावट आई है। लेकिन दिन का तापमान लगातार अधिक बना हुआ है। सुबह 11 बजे के बाद गरम हवाओं का प्रकोप होने लगता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें। जिले में पिछले एक सप्ताह से तापमान में तेजी से वृद्धि हो रही है। आमजन अति आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। खाली पेट घर से बाहर न जायें। इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। लू से बचने के लिए खरबूज, तरबूज, ककड़ी, खीरा, आदि मौसमी फलों का सेवन करें। बेल, सौफ, पोदीना, धनिया आदि के शर्बत तथा छांछ के उपयोग से भी लू से बचाव होता है। अगर लू के लक्षण जैसे मिचली आने, गला सूखने तथा बुखार का प्रकोप होने पर तत्काल डॉक्टर से संपर्क करके उचित उपचार करायें।

# हाइवा की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

### चोरहटा थाना क्षेत्र के बनकुइयां में हुआ भीषण सड़क हादसा



जागरण, रीवा। शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनकुइयां में गुरुवार की दोपहर भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवारों को संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया जहां जांच उपरांत चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया वहीं पुलिस ने मृतकों की डेड बॉडी पीएम के लिए मर्चुरी में रखवाई है। घटना के संबंध में बताया गया कि बाइक सवार बनुकइयां की ओर जा रहे थे, जबकि हाइवा रीवा की ओर आ रहा था, तभी तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई और सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल भिजवाया। मृतकों का आज पीएम होगा वहीं पुलिस पूरे मामले में आगे की कार्रवाई में लगी हुई है।

### सड़क पर मृत गाय से टकराकर घायल हुए बाइक सवार की मौत

रीवा। गढ़ थाना क्षेत्र के एनएच 30 में बुधवार की शाम सड़क पर पड़ी मृत गाय से टकराकर बाइक सवार दो युवक धारावीभा के पास दुर्घटना का शिकार हो गए थे। इस हादसे में पवन साकेत पिता यज्ञभान साकेत निवासी शुकुली गंभीर रूप से घायल था जिसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां गुरुवार की सुबह उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई जबकि घटना में रितेश साकेत पिता अश्वनी साकेत निवासी परासी की जान बच गई। स्थानीय लोगों ने घटना के बाद एमपीआरडीसी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए आक्रोश जताया है। लोगों का कहना था कि अगर मृत गाय को सड़क से समय से उठा लिया जाता तो यह दुर्घटना नहीं होती। सुबह से मृत गाय सड़क पर पड़ी थी जिसे नहीं उठाया गया, जब बाइक सवार हादसे का शिकार हुए तो इसके बाद जिम्मेदारों की नींद खुली और मृत गाय को सड़क से हटवाया गया। ग्रामीणों का कहना था की एमपीआरडीसी के जिम्मेदारों की लापरवाही ने युवक की जान ले ली।

# अतिक्रमण हटाने मुहिम चल रही, पुराने बस स्टैंड से ठेले आज तक नहीं हटे



जागरण, रीवा। नगर निगम द्वारा कहने को तो शहर में नियमित अतिक्रमण हटाए जाने का दावा किया जा रहा है, किन्तु शहर के पुराने बस स्टैंड के अंदर लगने वाले ठेलों को नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अमला आज तक हटा पाने में नाकाम ही साबित हुआ। खुलेआम बस खड़ी किए जाने वाले स्थान पर ठेला संचालक अपने ठेले सजाकर निगम की नाकामी की कहानी बयां कर खुलेआम मुंह चिढ़ा रहे हैं। यही स्थिति शहर के नए बस स्टैंड में देखी जा सकती है। शहर के तीनों ओवर ब्रिज के नीचे लगे ठेलों की कतार निगम की लचर कार्यप्रणाली बखूबी जाहिर कर रही है। इसके अलावा ढेकहा तिवाराहे से लेगर गुढ़ चौराहा तक और जय स्तंभ से लेकर रतहरा तक सड़क किनारे जगह-जगह लगे ठेले साबित कर रहे हैं कि निगम का अतिक्रमण हटाओ उड़नदस्ता अपना दायित्व कितनी ईमानदारी से निभा रहा है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# युद्ध के चलते उपभोक्ता पर बढ़ रहा दबाव

*घरेलू बाजार में जिस तेजी से वस्तुओं के दाम बढ़ने शुरू हुए हैं, उससे रोजमर्रा की चीजों की खरीदारी में आम लोगों को यह सोचने पर विवश होना पड़ रहा है कि क्या ज्यादा जरूरी है और क्या नहीं।*

*पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से उपजे संकट का असर अब भारत पर भी साफ दिखने लगा है। अभी तक सरकार यह दावा कर रही थी स्थिति नियंत्रण में है, मगर बुधवार को वाणिज्यिक एलपीजी और विमान ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी से स्पष्ट हो गया है कि समस्या अब गहराने लगी है और इसकी सबसे गंभीर मार आम लोगों पर पड़ने वाली है। अगर ईरान तथा अमेरिका-इजराइल का संघर्ष लंबा चला, तो यह तय है कि हालात और ज्यादा बिगड़ेंगे। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में आए उछाल के कारण घरेलू तेल कंपनियों ने उन्नीस किलोग्राम वाले वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम 195.50 रुपए बढ़ा दिए हैं। इसका असर यह होगा कि होटल, रेस्तरां और ढाबों पर भोजन करना तथा डिब्बाबंद खाद्य सामग्री अब महंगी हो जाएगी। देश के कई शहरों मे दूध , ब्रेड , फल सब्जियों के दाम बढ़ने की खबरे भी आने लगी है । यह सीधी तौर पर आम आदमी को प्रभावित करने लगा है ।*

*इसके अलावा विमान ईंधन के दाम बढ़ाकर 2.07 लाख रुपए प्रति किलोलीटर से अधिक कर दिए गए हैं। हालांकि, राहत की बात यह है कि सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों ने इस बढ़ोतरी को घरेलू विमानन कंपनियों के लिए 8.5 फीसद तक ही सीमित रखा है। फिर भी आने वाले दिनों में हवाई यात्रा पहले के मुकाबले महंगी हो सकती है।*

*हाल ही में ऐसी खबरें आई थी कि ईरान ने भारत समेत पांच देशों के तेल जहाजों को होर्मुज जलमार्ग से गुजरने की अनुमति दे दी है, लेकिन बीते सोमवार को कहा गया कि भारत आ रहे तेल और गैस के उन्नीस जहाज अभी भी इस जलमार्ग में फंसे हुए हैं। यानी युद्ध की वजह से खाड़ी क्षेत्र में स्थितियां इतनी जटिल हो गई हैं कि औपचारिक राहत के बावजूद भारत के लिए तेल जहाजों को इस क्षेत्र से बाहर निकालना आसान नहीं है। जाहिर है, ऐसी स्थिति में ईंधन के वैश्विक संकट के असर से भारत भी घरेलू बाजार में जिस तेजी से वस्तुओं के दाम बढ़ने शुरू हुए हैं, उससे रोजमर्रा की चीजों की खरीदारी में आम लोगों को यह सोचने पर विवश होना पड़ रहा है कि क्या ज्यादा जरूरी है और क्या नहीं। खासतौर पर रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता को लेकर जिस तरह की स्थिति पैदा हुई है, उसे नियंत्रित करने के लिए सरकार के समक्ष भी बड़ी चुनौती है। अभी तो वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम में वृद्धि की गई है, लेकिन गैस आपूर्ति जल्द सामान्य नहीं हुई, तो आने वाले समय में घरेलू रसोई गैस के दाम बढ़ाए जाने से भी इनकार नहीं किया जा सकता।*

*वैश्विक स्तर पर तेल कीमतों में आए उछाल के कारण देश में चुनिंदा प्रीमियम या ब्रांडेड पेट्रोल और डीजल के दाम में भी 1.50 रुपए से लेकर 11 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। यानी घरेलू रसोई गैस और सामान्य पेट्रोल-डीजल के दामों में ही बढ़ोतरी नहीं हुई है, क्योंकि सरकार इसकी कीमतें स्थिर रखने की कोशिश कर रही है, लेकिन देखना होगा कि यह स्थिरता कब तक रहती है। सरकार के समक्ष भी यह चुनौती है कि इस समस्या के बीच आम लोगों को राहत बरकरार कैसे रखी जाए।*

*उत्पाद शुल्क में कटौती से खुले बाजार में पेट्रोल और डीजल के दाम को स्थिर रखने में मदद मिल सकती है, लेकिन अभी असली समस्या उपलब्धता की है। ऐसे में जरूरी है कि सरकार कच्चे तेल की खरीद के लिए अन्य विकल्पों पर भी गंभीरता से विचार करे। यह इसलिए जरूरी है, क्योंकि मध्यपूर्व में अगर हालात सामान्य नहीं हुए, तो ईंधन की आपूर्ति और ज्यादा प्रभावित होगी तथा घरेलू स्तर पर इस समस्या से निपटना आसान नहीं होगा।*

प्रसंगवश

# गुजारे भत्ते के लिए कानूनी बाध्यता अनुकरणीय पहल

*वैसे तो यह किसी भी सभ्य समाज के लिये शर्मनाक है कि जन्म देकर पालन-पोषण करने वाले मां-बाप की जीवन की सांझ में बेकद्री की जाए। फिर गुजारे भत्ते के लिये कानून-प्रशासन से मांग करनी पड़े। लेकिन यह मौजूदा समय की हकीकत है। सही मायनों में बुढ़ापा अपने आप में बड़ी चुनौती है, जब शरीर की क्षमताओं का ह्रास होने लगता है और आय के स्रोत लगभग खत्म होने लगते हैं। सेवानिवृत्ति की जमा-पूंजी बच्चों की पढ़ाई, शादी-ब्याह और मकान बनाने में खर्च हो जाती है। उन लोगों की स्थिति तो और दुखद हो जाती है जो निजी क्षेत्र या किसी प्राइवेट काम-धंधे में लगे रहते हैं। उन्हें तो पेंशन भी नहीं मिलती। वहीं धीरे-धीरे अक्षम होता शरीर उम्रदराज होने पर लगने वाली बीमारियों का घर बन जाता है। ऐसे स्थिति में अपने बच्चे जब मां-बाप की देखभाल न करें तो यह एक सामाजिक अपराध ही कहा जाएगा। जाहिर है, जब खून के रिश्ते साथ न दें तो कानून ही अंतिम सहारा रह जाता है। इस दिशा में तेलंगाना विधानसभा में पारित तेलंगाना कर्मचारी जवाबदेही और माता-पिता सहायता निगरानी विधेयक 2026 पूरे देश के बुजुर्गों के लिये एक नई उम्मीद जगाता है।*



*इस राज्य की विधानसभा ने बीते रविवार वरिष्ठ नागरिकों की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह विधेयक पारित किया। निस्संदेह, देश में पहले से एक राष्ट्रीय कानून 'माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007' मौजूद है, लेकिन नये विधेयक का दायरा विस्तृत है। जो पहले कानून की कुछ विसंगतियों को दूर करता है।*

*महत्वपूर्ण बात यह है कि राज्य के नये विधेयक के दायरे में जनप्रतिनिधियों और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को भी शामिल किया गया है। यह विधेयक जन प्रतिनिधियों, सरकारी व निजी कर्मचारियों के लिए अनिवार्य रूप से बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करना सुनिश्चित करता है।*

*तेलंगाना विधानसभा में पारित यह विधेयक यकीन बनाता है कि यदि बच्चे मां-बाप की देखभाल नहीं करते तो उनके वेतन से पंद्रह फीसदी या दस हजार रुपये, जो भी कम है, शिकायत मिलने पर माता-पिता को देय राशि के रूप में काटे जाएंगे। उल्लेखनीय है कि अपनी चल-अचल संपत्ति बेटे के नाम करने वाले मशहूर कारोबारी विजयपत सिंघानिया की बेदखली का एक मामला चर्चा में आया था। इस घटना ने पूरे देश का ध्यान खींचा और देश में प्रभावी कानून बनाए जाने की चर्चा तेज हुई थी। यह सुखद ही है कि तेलंगाना सरकार ने सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए यह पहल की। सरकार का कथन है कि समाज में नैतिक दायित्वों को बढ़ावा देना इस विधेयक का मकसद है। यदि बच्चे अपना दायित्व नहीं निभाते तो कानून के जरिये उन्हें इसके लिये बाध्य किया जा सकेगा। इस विधेयक में प्रावधान है कि बच्चों द्वारा मां-बाप का भरण-पोषण न करने पर वे जिला कलेक्टर के सामने आवेदन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि यह कानून न केवल सरकारी कर्मचारियों पर बल्कि निजी क्षेत्र के कर्मियों, सांसदों, विधायकों, मनोनीत सदस्यों तथा स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों पर भी लागू होगा।*

*निश्चित रूप से भारतीय परिवार परंपरा में सदियों से गरिमापूर्ण स्थान रखने वाले माता-पिता के सम्मान व जीवन-यापन सुनिश्चित करने की दिशा में यह विधेयक एक मील का पत्थर साबित हो सकता है। इस विधेयक में जहां कलेक्टर को नामित प्राधिकारी बनाया गया है, वहीं माता-पिता को भी संपत्ति के बंटवारे की स्थिति व आय की स्पष्ट जानकारी देनी होगी। ऐसे मामलों में माता-पिता तथा कर्मचारी को सुनवाई का मौका मिलेगा। कलेक्टर को साठ दिनों के भीतर शिकायत का निस्तारण करना होगा। फैसले के बाद कर्मचारी के वेतन से काटी गई राशि सीधे मां-बाप के खाते में जाएगी। उल्लेखनीय है कि केवल जैविक माता-पिता ही नहीं, सौतेले माता-पिता भी शिकायत करने के हकदार होंगे। इस विधेयक में इस बात का प्रावधान भी है कि इस बाबत शिकायतों की सुनवाई के लिये वरिष्ठ नागरिक आयोग का गठन किया जाएगा। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश आयोग के मुख्य आयुक्त के रूप में काम करेंगे। अर्ध न्यायिक शक्तियों वाले आयोग में प्रशासन व सामाजिक क्षेत्र के अनुभव वाले दो सदस्य भी होंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि यह विधेयक वरिष्ठ नागरिकों के जीवन-यापन व सम्मान बहाली में सहायक होगा।*

# कितने ईसा... कितनी सलीबें ...



कइयों ने 'ईसा' को सलीब पर लटकते देखा...सुना... और... पढ़ा है...लेकिन कितनों की रूह ने...उस दर्द...उस तड़प...उस पीड़ा का एहसास किया है...जो पीड़ा ईश्वर के इस पुत्र को सलीब पर चढ़ते वक्त हुई होगी... वह पीड़ा ईसा को सिर्फ इसलिए नहीं हो रही थी कि ... जल्लादों ने उनके हाथ-पैरों में बड़े-बड़े कीले ठोंक डाले थे... जिनसे झर-झर-झर... खून बह रहा था... उस दयालु 'ईसा' के मस्तिष्क को भी जालिमों ने काँटों का ताज पहना कर लहू-लुहान कर डाला था...मौत देने वाले इन जख्मों की पीड़ा... उनका दर्द... उनकी तकलीफ भी शायद उस 'मसीहा' को इतनी नहीं रही होगी... जितनी तकलीफ जितनी पीड़ा 'यीशु' के मन को इस बात की सलीब पर लटकते वक्त रही होगी कि... वह विचार जो नेकी के विचार थे... वह ख्यालात जो आदमी को ईश्वर का प्रेम उसकी प्राप्ति का मार्ग बतलाने के थे...वह वाणी जो 'परमात्मा' का गुणगान करने के लिए 'ईसा मसीह' के मुख से निकलती थी... उनके वह विचार... वह वाणी... बिना अपनी बात पूरी किये हुये... पूरी दुनिया में विस्तार बिना पाये... 'नेकी' को 'बदी' की सलीब पर चढ़ाये जाने से हमेशा-हमेशा के लिये खामोश होने जा रही थी...

गुनाह करके... जब एक गुनाहगार जब फाँसी पर चढ़ता है तो... उसे इतनी मर्मान्तक पीड़ा नहीं होती होगी... क्योंकि उसकी 'रूह' उसे धिक्कार रही होती है... कि तेरी बदी का यही सिला तुझे मिलना था... पर उस नेकी के फरिश्ते ईसा मसीह का क्या कसूर था...? ईश्वर का पुत्र 'यीशु' तो जमाने में मोहब्बत बाँट रहा था...वह संसार में प्रेम का विस्तार कर रहा था जन-जन में... उस दयालु 'ईसा' का इसमें तो कोई कसूर नहीं था कि वह पीड़ित मानवता को आरोग्य और खुशियाँ बाँट रहा था जेरुसलम के समाज में... अगर वह 'मसीहा' पिछड़े यहूदियों को रूहानी तरक्की की राह पर ले जा रहा था तो इसमें तो वह खुदायी फरमान की ही तामील कर रहा था... वह 'फरिश्ता' समाज में समरसता-समभाव का विस्तार कर रहा था... माँ मरियम का बेटा... वह 'ईश्वर पुत्र'... 'ईसा'... अपने परम पिता परमात्मा के पास जाने की सच्ची राह ही तो दिखला रहा था भटकी हुई मानवता को...उसे...! बिना किसी गुनाह के...अपनी सब सद्इच्छाएं...अपने सब सद्कार्यों को... अधूरा छोड़कर.. सूली पर चढ़कर... संसार को 'अलविदा' कहने में... कितना आत्मिक कष्ट हो रहा होगा...? मैं पूछना चाहता हूँ कि भला 'यीशु' को हुए इस दर्द का एहसास कितने लोगों ने अपने अन्दर... बहुत अन्दर... अपनी आत्मा की गहराई तक जाकर महसूस किया होगा...?




मुझे आभास होता है कि जब-जब ऐसी नेक रूहें ऐसे 'ईश पुत्र'... ऐसी महान आत्मायें... इस धरती पर आती हैं तब उनके शरीर भले ही चले जाते हों... दुनिया से दूर-बहुत दूर... पर उनके महान कर्म... उनकी वाणी... उनके विचार... उनके द्वारा दिये गये संस्कार...कभी दूर नहीं जाते दुनिया से... क्योंकि दुनिया के तमाम ग़म-जदा लोगों से बे-पनाह सच्ची मोहब्बत करती हैं ऐसी दिव्य-पुण्य देव आत्मायें...उनका निःस्वार्थ प्रेम कभी नहीं मरता... उनके जमाने से जाने के बाद भी उनका निश्छल प्रेम खुद-ब-खुद विस्तार पाता रहता है दुनिया के हर मायूस-मज़लूम इंसान के दिल में...

बात तो हम सब 'ईसा', 'बुद्ध' और 'नानक' की करते हैं पर घबड़ाते हैं अपनी ही निज पीड़ाओं से... हम अपनी निज पीड़ा से डरने वाले लोग भला जमाने भर की पीड़ा क्या दूर करेंगे...? जब जीवन के अंतिम क्षणों तक... हम सुख की ही कामना में ही जीते चले जायेंगे..तो दुःख की व्याख्या भला हम क्या समझ पायेंगे... ?

***मेरी इच्छायें नहीं होतीं जलकर राख***
***मना कर देती हैं चिता पर चढ़ने से***
***या चढ़कर भी... उतरकर भाग आती हैं***
***झुलसते शरीर को घसीटते हुए...***

'ईसा' की बात तो सब करते हैं... परन्तु 'ईसा' सा कोई बनना नहीं चाहता... कोई दूसरों के लिये काँटों का ताज नहीं पहनना चाहता... कोई दूसरों की पीड़ा की सलीब अपने काँधों पर नहीं ढोना चाहता... कोई पतितों के उद्धार के लिये... जीते-जी अपने हाथ-पैरों में कीले नहीं ठुकवाना चाहता... 'ईसा' की बातें तो सब करते हैं... पर खाली-कोरी बातों से भला किसका भला होता है-

***भूलों का सिलसिला***
***टूटी हुई प्रतिज्ञाएँ***
***भंग हुए वचन***
***और दरका हुआ ईमान***
***स्वार्थ और पलायन के मंच***
***आज बने हैं, आदमी का ईमान ...***

जिन्दगी का मकसद अपने खुद का सुख-चैनों- आराम नहीं है... जीवन निजी सुख-सुविधा का भी नाम नहीं है... बल्कि जीवन है नाम दुखियारों के दुःख हर लेने का...उस फरिश्ते... उस देवपुत्र... 'ईसा' की मोहब्बत... आज भी बदस्तूर बसी है दो हजार पंन्द्रह वर्षों से तमाम दुनिया भर में फैले उसके अनुयायियों के दिलों में...यहूदिया राज्य के बैथलेहम में... मदर 'मरियम' और 'यूसुफ' की संतान के रूप में जन्मे 'ईसा' का राज्य आज भी करोड़ों-अरबों इंसानों के हृदयों पर ईश्वर के पुत्र के रूप में है ...

'ईसा' हालांकि हमारे अपने देश 'भारत' से बहुत दूर जन्में परन्तु कहानी कुछ उनकी भी अपने 'कृष्णा' सी ही है... 'कृष्ण' हुए तो कंस ने बृज के सब बच्चों को मारने का आदेश दिया... ताकि खुद उस पापी राक्षस की जान बची रहे... जब 'ईसा' पैदा हुए तो...अनेकों ज्योतिषी वहाँ के क्रूर शासक 'हेरोदेस' के पास पहुँच गये और बोले कि... हमने पूर्व में उसका ईश्वरीय 'तारा' देखा है... उसे प्रणाम करने आये हैं... जो दुनिया में ईश्वर का संदेश फैलायेगा... सबको प्यार बाँटकर... नफरत खत्म करेगा... इसे सुनते ही स्वार्थ का पुतला 'हेरोदेस' हत्यारा बन बैठा... 'बैथलेहम' के सब बच्चों को मार डालने का आदेश दे बैठा... तब 'यूसुफ' अपने बेटे 'ईसा' को लेकर 'गलील' और 'नासरत' देश जा निकले... और फरदान में... उन्हें यूहन्ना नाम के संत से ईसा का 'बपतिस्मा' (ईसाइयों का एक पवित्र संस्कार) करवाया...

श्रृति है कि 'ईसा' का जैसे ही 'बपतिस्मा' हुआ... परमेश्वर की दिव्य आत्मा... कबूतर का रूप धारण कर उनकी परिक्रमा करने लगी... आकाशवाणी हुई 'ईसा मेरा प्रिय पुत्र है' इसके बाद 'ईसा' दुनिया के कष्ट मिटाने की साधना में तप करने लगे... और... अपने बारह शिष्यों के साथ गाँव-गाँव घूम कर ... लोगों की बीमारियाँ दूर कर उन्हें चंगा करते रहे... पीड़ित मानवता के हर कष्ट को वह हरते रहे...

आखिर किस जुर्म की सजा मिली 'ईसा मसीह' को... वह तो सिर्फ इतना भर कहते थे... 'परमात्मा से प्रेम करो'...'दीन दुखियों से प्रेम करो'... जैसे हमारे 'कृष्ण-कन्हैया' को प्यार से लोग 'यदुश्रेष्ठ' पुकारते थे... ठीक वैसे ही यहूदियों ने प्यार से... सम्मान से... ईसा को...'यहूदियों का राजा' बुलाना शुरू कर दिया... जमीन जीतकर... राज्य जीतकर राजा बनना आसान है... परन्तु मनुष्य के दिलों का 'राजा' बनना बड़ा कठिन है... क्योंकि दिलों पर राज करने के लिए...अपनी 'कुर्बानी' देनी पड़ती है... जबकि लोगों पर राज करने के लिए 'मक्कारी' करनी पड़ती है... लोगों पर राज करने वाली हुकूमत ने... रहमत और नेकी के 'फरिश्ते' 'ईसा मसीह' पर झूठा मुकदमा चलाया... और उनकी सच्ची बातों को दबाने के लिए उन्हें सलीब पर लटका दिया...

पर कहाँ मार पाया कोई 'ईसा' को...? 'ईसा' तो खुद ही कहते थे... 'मैं नष्ट होने नहीं... अपितु मानव को सम्पूर्ण बनाने के लिए आया हूँ'... वह कहते थे... 'सच्ची आध्यात्मिक प्रगति संकीर्णता में नहीं वरन् विस्तार में निहित होती है... आध्यात्मिक प्रगति सबको अपने साथ लेकर चलने में है... न कि किसी को पृथक करने में... वह कहते थे... 'जब व्यक्ति का हृदय पवित्र होता है... तब वह ईश्वर को देख सकता है'...

इस ज़माने में 'ईसा'... रोज-रोज नहीं जन्म लेते और जब 'ईसा' एक बार पैदा हो जाते हैं तब फिर कभी नहीं मरते... चाहे जमाना उन्हें कितनी भी कठिन मौत मारे... चाहे उन्हें सलीब पर लटका दे... या जमीन में गहरे दफना दे... या गुफा में गाड़ दे... पर 'ईसा' कभी नहीं मरते... वह अमर हो जाते हैं मानवता के दिलो-दिमाग में...

इसीलिए मैं जमाने वालों से कहता हूँ कि... ढूढ़ो अपने- अपने दिलों के अन्दर छुपे हुये 'ईसा' को... छोड़ दो नफरत... और...करो मोहब्बत हर दीन-दःुखी से... तुम 'ईसा' सा अपनी ही मौत का सलीब भले अपने ही कन्धों पर न उठा पाओ... पर पीड़ा तो समझो उस 'मसीहा' की... जो तुम्हारे लिए जीते जी सलीब पर चढ़ गया... ऐ दुनिया वालों...! जो तुम दौलत को छोड़... मोहब्बत को अपना लो... जो तुम सुखों की चाहत छोड़... दूसरों के दुःख- दर्दों से रिश्ता बना लो... तो तुम भी बन सकते हो 'ईसा' के सच्चे अनुयायी...

***दौलत के पीछे नहीं...***
***तुम दीन के पीछे भागो...***
***दुनिया की रोशनी से***
***सदियाँ शिकायत करती हैं***
***इस मोहब्बत के मौसम में***
***नफरत को कैसे बो दिया***
***यह इंसान का खून है***
***इंसान से सवाल करता है***
***ईसा के पाक होठों को***
***सूली ने कैसे चूम लिया...***

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)

https://adhyatmsanatandharma.com

खेलो इंडिया अभियान

## ऐसे प्रयासों से जनजातीय युवाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है

# खेल प्रतिभाएं राष्ट्र की अमूल्य पूंजी



श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
भारत की राष्ट्रपति

मैंने देखा है कि ग्रामीण क्षेत्रों और वनांचलों में, बच्चे घर के बाहर प्रकृति के सानिध्य मेंअधिक समय बिताते हैं। वे खेल-कूद के सहज तरीके खोज लेते हैं। वे मिट्टी में लकीरें खींचकर और आकृतियां बनाकर, खेलने की जगह तैयार कर लेते हैं।वे फलों के सूखे बीजों का खेल की गोटियों की तरह इस्तेमाल कर लेते हैं। सूखे पत्तों, पेड़ों की जड़ों और फटे-पुराने कपड़ों से गेंद बना लेते हैं।बांस का उपयोग करके हॉकी और फुटबाल के गोल-पोस्ट बना लेते हैं। इस प्रकार, अनेक प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग करके, वे अपने खेल-संसार की रचना कर लेते हैं। बहुत से बच्चे बिना जूते और जर्सी के पूरे जोश से खेलते रहते हैं। पोखरों-तालाबों में बच्चे खूब तैरते रहते हैं। तैराकी की इस सहज प्रतिभा को अब उपलब्ध प्रशिक्षण और संसाधनों की सहायता से विकसित करके, केवल 15 वर्ष की, जाजपुर की बेटी अंजलि मुंडा ने प्रथम' खेलो इंडिया जनजातीय खेल 2026 'में पहले ही दिन तीन स्वर्ण-पदक जीत कर पूरे देश के युवाओं को प्रेरित किया।




तीरंदाजी के प्रति जनजातीय लोगों में सहज तरंग सी होती है। संताल-समुदाय ने वर्ष 1855 में शोषण के विरुद्ध एक घनघोर संग्राम किया था जो 'संताल हूल' के नाम से अमर है। संताल-हूल का नेतृत्व करने वाले बहादुर भाइयों सिद्धो-कान्हू तथा चांद-भैरव एवं वीरांगना बहनों,फूलो-झानो की प्रतिमाओं का झारखंड में उनके गांव उरी-मारी में जाकर अनावरण करने का सौभाग्य मुझे तब मिला था जब मैं राज्यपाल थी। तीरंदाजी में एकलव्य की महानता से देश का बच्चा-बच्चा परिचित है। वे श्रेष्ठतम धनुर्धर के रूप में सम्मानित हैं। एकलव्य, सभी देशवासियों के लिए, विशेषकर जनजातीय समाज के लिए एक प्रेरक विभूति हैं। एकलव्य आवासीय आदर्श विद्यालयों में स्थापित 'खेल उत्कृष्टता केंद्र' बच्चों को खेल-कूद की आधुनिक सुविधाओं और पद्धतियों से सक्षम बना रहे हैं।
मेरे व्यक्तिगत प्रयासों से, मेरे गांव में वंचित वर्गों के बच्चों के लिए एक आवासीय स्कूल की स्थापना की गई है। इस विनम्र प्रयास के तहत स्कूल के परिसर में ही तीरंदाजी के प्रशिक्षण की व्यवस्था भी कराई गई

मेरे गांव के अन्य जनजातीय बच्चों की तरह, मुझमें भी तैराकी सहित, व्यायाम और खेलों के प्रति बहुत रुझान था। मैं स्कूल की खेल प्रतियोगिताओं में प्रायः प्रथम स्थान पर रहती थी। एक प्रतियोगिता में जानबूझकर मैंने अपने को इसलिए पीछे रखा ताकि मेरी एक सहेली को प्रथम पुरस्कार का आनंद मिल सके। खेल-कूद से टीम भावना विकसित होती है तथा सामाजिक संबंध मजबूत होते हैं। मैदान पर कड़ी प्रतिस्पर्धा और मैदान के बाहर गहरी मित्रता, खिलाड़ियों में प्रायः देखने को मिलती है।

मेरे भाई फुटबाल के बहुत अच्छे खिलाड़ी रहे हैं जो गंभीर चोट लगने के कारण आगे नहीं खेल सके।मेरे परिवार के कुछ अन्य सदस्यों ने भी विभिन्न खेलों में उत्कृष्टता प्रदर्शित की है। इस निजी विवरण से मैं यह बताना चाहती हूं कि जनजातीय परिवारों में खेल-कूद की जीवन्त परंपरा विद्यमान है। उनमें खेलों के लिए असीम प्रतिभा है, ऊर्जा है, रुचि है और आगे बढ़ने का हौसला भी है। सुविधाओं और प्रशिक्षण के द्वारा ऐसी प्रतिभाओं को निखारने से, खेल-कूद उनके लिए केवल मनोरंजन और सामाजिक मेल-जोल का जरिया न होकर जीवन में आगे बढ़ने का, आर्थिक आत्म-निर्भरता और सामाजिक सम्मान प्राप्त करने का माध्यम बन सकता है। इस संदर्भ में वर्ष 2018 से केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकारोंतथा खेल- संस्थानों के साथ मिलकर चलाए जा रहे 'खेलो इंडिया' अभियान द्वारा अच्छा बदलाव आया है।

कुछ वर्षों पहले तक हमारे देश में खेल-कूद की अच्छी सुविधाएं केवल महानगरों तक सीमितथीं जबकि ग्रामांचलों और वनांचलों में अनेक प्रतिभावान खिलाड़ी रहते हैं। जनजातीय क्षेत्रों में खेल-अकादमी और प्रशिक्षण सुविधाएं सुलभ नहीं होती थीं। अब एकलव्य आवासीय आदर्श विद्यालयों में बच्चों के खेल-कूद पर विशेष ध्यान देने से लेकर 'खेलो इंडिया जनजातीय खेल' जैसे प्रयत्नों के बल पर जनजातीय प्रतिभाओं को प्रशिक्षण और प्रोत्साहन मिल रहा है।

मुझे याद है कि मेरे विद्यार्थी जीवन के दौरान ग्रामीण स्तर पर,पांच-छह गांवों के लोग मिलकर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित किया करते थे। कुछ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संस्थाएं भी जनजातीय क्षेत्रों में खेल-कूद को बढ़ावा देती रहीहैं। प्रायः ग्रामीण क्षेत्र की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अच्छेखिलाड़ी भी ग्रामीण स्तर से ऊपर नहीं उठ पाते थे।पिछले कुछ वर्षोंमें, इस स्थिति को बदलने के अनेक सराहनीय प्रयास किए गए हैं। ऐसे प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए 'खेलो इंडिया जनजातीय खेल 2026' का आयोजन किया गया। इस आयोजन से जमीनी स्तर के जनजातीय खिलाड़ियों को भी पहचान मिली है तथा उन्हें सुविधाएं और प्रशिक्षण उपलब्ध कराए गए हैं। इन राष्ट्रीय खेलों में लगभग सभी राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

भारत ने खिलाड़ियों की नैसर्गिक प्रतिभा के बल पर ओलिम्पिक खेलों में पहला स्वर्ण-पदक, हॉकी के लिए, वर्ष 1928 में जीता था।उस विजय में जनजातीय समुदाय के खिलाड़ियों की महत्वपूर्ण भूमिका थी। तब से लेकर आज तक दिलीप तिर्की,सुबोध लाक्रा और सलीमा टेटे जैसे स्टार-हॉकी खिलाड़ी भारत की पुरुष तथा महिला टीमों को जनजातीय प्रतिभा से समृद्ध करते रहे हैं।
भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'खेलो इंडिया' नामक राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम के तहत स्थानीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सभी भौगोलिक क्षेत्रों, सामाजिक वर्गों और संस्थाओं के लिए समुचित खेल इको-सिस्टम उपलब्ध कराने का समावेशी प्रयास किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत,खेल-कूद में बेटियों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही 'अस्मिता' नामक योजना से जनजातीय बेटियों की क्षमता भी विकसित होरही है। 'खेलो इंडिया जनजातीय खेल 2026' द्वारा शुरू की गई मुहिम को मजबूत बनाते हुए जनजातीय खेल-प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने से, खिलाड़ियों के ऐसे समूह तैयार होंगे जो विश्व-पटल पर भारत को खेल-महाशक्ति के रूप में स्थापित करेंगे।

पिछले कुछ महीनों में आयोजित बस्तर एवं सरगुजा ओलिम्पिक में कुल 7 लाख से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। उन खिलाड़ियों में कुछ ऐसे युवा भी शामिल थे जो नक्सलवाद के रास्ते को छोड़कर खेल-कूद के सन्मार्ग पर चल पड़े हैं। खेल-कूद से युवा-ऊर्जा को सकारात्मक अभिव्यक्ति मिलती है। सरकार द्वारा युवाओं में खेल-प्रतिभा को पहचानने और विकसित करने के अच्छे परिणाम राष्ट्रीय और अंतर-राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में दिखाई देने लगे हैं।

युवाओं, विशेषकर जनजातीय युवाओं की खेल प्रतिभा हमारे राष्ट्र की अमूल्य सामाजिक पूंजी है। मुझे विश्वास है कि इस अनमोल संसाधन का सदुपयोग करते हुए हमारा देश खेल-कूद के क्षेत्र में उत्कृष्टता के अनेक गौरवशाली प्रतिमान स्थापित करेगा। इसी विश्वास के साथ मेरा संदेश है - खेलो इंडिया! खूब खेलो इंडिया!

खुला मंच

# विकास के लिए चाहिए एक अदद कील

**निर्मल असो**

हुनर तराशने के लिए कील भी एक प्रयत्न है। अंत तक सीधी रहे, तो बड़े काम कर लेती है। एक कील की जरूरत भी कई बार बहुत बड़ी समस्या हो सकती है, रौनक राम को इसका पता उस वक्त लगा जब दरवाजा बीच में ही अटक गया। दरअसल वर्षों से सीधी रही एक कील उस दिन टेढ़ी हो चुकी थी। इज्जत के खोखले पलों से मुक्त होने के लिए वह नई कील खरीदने निकला। रौनक राम को लगा कि भारत में वाकई विकास हो रहा है। उसने दुकानदार के सामने कील खरीदने की पेशकश कर दी, 'जनाब! एक ऐसी कील चाहिए, जो घर के दरवाजे को बंद कर सके।' दुकानदार की हंसी में उसे कील नजर आई। सोचने लगा, 'ये कीलें भी न जानें कहां-कहां बिखरी होती हैं। सबसे ज्यादा तो दिल्ली में होती होंगी। जहां विकास की बात होती है, वहां कील जरूर होती है।' उसने मन ही मन स्व. पिता जी को याद किया, 'यह कैसा विकास कराया है कि दरवाजा अड़ गया है। अच्छी कीलें लगाई होतीं, तो यह नौबत न आती।' पूरा बाजार छान मारा, लेकिन दरवाजे के काम और नाप की कील नहीं मिली। उसे बताया गया कि स्वच्छता अभियान से पता करे, शायद वहां कोई मिल जाए। पहली बार उसे फख्र हुआ कि स्वच्छता अभियान भी उसके दरवाजे को बचा सकता है। अपनी इज्जत बचाने वह स्वच्छता रैली में पहुंच गया। मंत्री जिस मंच से हरी झंड़ी दिखा रहे थे, वहां कीलों से उसे सुरक्षित बनाया गया था। एक बार तो मन में आया कि मंत्री को हटाकर अपने लिए उचित कील चुन ले, लेकिन स्वच्छता अभियान की रैली लंबी थी। हाथों में झाड़ू लिए कई लोग खाक छान रहे थे। उसे हैरानी हुई कि कीलें सिर्फ मंच बनाने में नहीं, बल्कि स्वच्छता अभियान से भी निकल रही थीं। उसकी बुद्धि जवाब दे रही थी, 'आखिर यहां कीलें आई कहां से।' किसी ने कहा मंच बनाते-बनाते गिरी होंगी। शाम तक इतनी कीलें हो गईं कि कबाड़ी बुलाना पड़ा। कबाड़ी सत्तारूढ़ दल का था और स्वच्छता अभियान से जुड़ा था। उसने घोषणा की कि कीलें बेकार हैं, इसलिए कचरे के भाव खरीदी और चल दिया।

किसी ने उसे सलाह दी कि पुलिस स्टेशन की कील से उसका दरवाजा खड़ा हो जाएगा। उसने मन ही मन तय किया कि अपने घर के दरवाजे की बाकी बची सारी कीलें पुलिस को सौंप देगा। यह तरकीब काम कर गई। उसके दरवाजे की बाकी बची कीलों ने पुलिस स्टेशन का दरवाजा ठीक कर दिया, लेकिन उसका घर अब पूरी तरह बिना दरवाजे के हो गया।

## आईईएस परीक्षा में सफल होने पर हिमांशु को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित



**जागरण, रीवा।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भारतीय अभियांत्रिकी सेवा (आईईएस) परीक्षा में देश भर में 15वीं रैंक के साथ सफल हुए थे। ट्रेनिंग दौरान रीवा के हिमांशु पाण्डेय को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया है। रीवा जिले के गुढ़ क्षेत्र स्थित बंजारी ग्राम निवासी हिमांशु पाण्डेय पिता विनोद पाण्डेय ने आईईएस परीक्षा में 15वीं रैंक लाकर रीवा जिले का गौरव बढ़ाया था। इस सफलता के उपलक्ष्य में पिछले दिनों एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा परीक्षा में सफल हुए सभी प्रतिभागियों के साथ हिमांशु पाण्डेय को भी सम्मानित किया गया।

## सड़क से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक जारी रहेगा संघर्ष



**रीवा।** शासकीय शिक्षक संगठन के संभागीय अध्यक्ष नर्मदापुरम राजेश पांडेय, जिलाध्यक्ष कटनी रजनीश तिवारी, जिलाध्यक्ष रीवा चंद्रोदय मिश्रा सहित अनेक साथियों ने सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एसके गंगेले (सेवानिवृत्त न्यायाधीश मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय) से मुलाकात कर लंबी चर्चा की। चर्चा के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता गंगेले ने बताया कि राजेश पांडे प्रकरण में अगले सप्ताह तक रजिस्टर्ड होकर विधि अनुरूप कार्यवाही प्रारंभ होना सुनिश्चित होगा। संगठन के प्रांताध्यक्ष राकेश दुबे के अनुसार सड़क से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक हमारा संघर्ष लगातार जारी है और शीघ्र ही इसके सुखद परिणाम प्राप्त होंगे।

## प्रवेश उत्सवः दीप ज्योति स्कूल बरा में रहा उत्सव का वातावरण



**रीवा।** दीप ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नया बस स्टैंड के पीछे बरा समान में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के उपलक्ष्य में प्रवेश उत्सव अत्यंत धूमधाम से मनाया गया, शिक्षकों ने छात्रों को तिलक लगाकर नई कक्षा में प्रवेश कराया। इस दौरान छात्रों एवं शिक्षकों के बीच उल्लास एवं उत्सव का वातावरण रहा। कक्षाओं में शिक्षकों के द्वारा छात्रों को उनके नवीन पाठ्यक्रमों से परिचित कराया गया तथा वर्ष भर की शैक्षणिक गतिविधियों की रूपरेखा से भी छात्रों को अवगत कराया गया। प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालय संचालक प्रदीप तिवारी, सह-संचालक सौरभ तिवारी, प्राचार्य राजेंद्र सिंह, बीके मिश्रा एवं अन्य शिक्षकों के द्वारा छात्रों का स्वागत किया गया एवं शैक्षणिक सत्र में उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### सीजन की दूसरी सबसे बड़ी प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज

# मूलभूत सुविधाएं बढ़ाकर खेलों का स्तर और ऊंचा करने के प्रयास में विवि : कुलगुरु






### पहले दिन खेले गए 33 मुकाबले, 66 विवि की पहुंची हैं प्रतियोगिता में टीमें

जागरण, रीवा

अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली के तत्वाधान में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित अंतर विश्वविद्यालय पश्चिम क्षेत्र खोखो महिला प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज गुरुवार को पेंटियम प्वाइंट कॉलेज परिसर हर्दी में किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कुलगुरु डॉ.राजेन्द्र कुड़रिया मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पांडेय, पीजीआई रीवा के मुख्य प्रबंध संचालक बीएन त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, प्रभारी कलेक्टर डॉ.सौरभ सोनवणे, कुलसचिव डॉ.नीरजा नामदेव व अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली द्वारा नियुक्त आब्जर्वर डॉ.कविता खोलगड़े मौजूद रहीं। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि ने सफेद शेरों की धरती पर सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया और क्रिकेट के समान ही अन्य खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए विश्वविद्यालय को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें और हार-जीत की परवाह न करें। कुलगुरू डॉ.राजेंद्र कुमार कुड़रिया ने कहा कि पिछले पांच-छः वर्षों में रीवा में खेलो का स्तर ऊंचा हुआ है और उन्होंने बताया कि आगामी वर्षों में रीवा विश्वविद्यालय रीवा में खिलाड़ियों के लिए अन्य मूलभूत सुविधाएं बढ़ाकर खेलों का स्तर और ऊंचा करने के प्रयास में हैं। शुभारंभ अवसर पर विवि का नवाचार के तहत अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ न देकर तुलसी की माला, शॉल व श्रीफल से संचालक शारीरिक शिक्षा विभाग व आयोजन सचिव डॉ.रामभूषण मिश्रा द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतियोगिता के संबंध में विस्तृत जानकारी भी उपस्थित अतिथियों को दी। प्रतियोगिता के दौरान डॉ.हबीब खान, डॉ.संजीव कुमार मिश्रा, डॉ पुष्पेंद्र पांडेय, डॉ.राजेश भारती, डॉ.सुनीता सिंह, डॉ.शिल्पा शर्मा, डॉ.शाहबाज खान, डॉ.अभिषेक, डॉ.विजय सिंह, डॉ.अविनाश सिंह, डॉ.गायत्री प्रसाद शुक्ल, डॉ.राहुल शर्मा, डॉ.विजय पाल, रुक्मणी द्विवेदी, डॉ.राम बहादुर, डॉ.विजय सिंह उपस्थित रहे।

### इन विवि के पहुंचे खिलाड़ी

प्रतियोगिता में पूल ए में एलएनआईपीई ग्वालियर, एमएसबी विवि भरतपुर, एसकेडी विवि हनुमानगढ़, जीवाजी ग्वालियर, एसजीसी देसर, एमएस उदयपुर, आरएसएस छिंदवाड़ा, जीजीटी बंसवारा, वनस्थली राजस्थान, एमकेबी भगवानपुर, जेएनवी जोधपुर, सौराष्ट्र राजकोट, ईटीएम ग्वालियर, वहीं पूल बी में एचएनजी पटना, एनपीपी पुणे, चारूसट चंगा गुजरात, पीएएचएस सोलापुर, आरटी कोटा, वीएनसीजी सूरत, इंद्रा पुणे, आरजीपीवी भोपाल, पीडीयूएस सीकर, केएसकेवीसी कांच, एमजीसी बीकानेर, अजीनक्या पुणे, केबीसीएनएम जलगांव, पूल सी में मुम्बई विवि, एपीएसयू रीवा, एलएनसीटी भोपाल, विक्रम उज्जैन, एकेएस सतना, अहमदाबाद विवि, एमजीजी चित्रकूट, एमआईटीडब्ल्यूपी पुणे, गुजरात विवि, एमसीबी छतरपुर, जीएनएल गुजरात, बीवाईई, पीटीएसएनएस शहडोल, पूल डी में गोवा विवि, आरटीएमएन नागपुर, राजस्थान विवि, रानी दुर्गावती जबलपुर, एसजीबीए अमरावती, सौम्या मुम्बई, आरएनटी भोपाल, देवी अहिल्या इंदौर, एचएसएनसी मुम्बई, बरकतउल्ला भोपाल, एमएस बड़ौदा, सेंट्रल यूनिवर्सिटी राजस्थान व शिवाजी यूनिवर्सिटी कोल्हापुर सहित अन्य टीमें पहुंची हैं।

### आकर्षक रहा मार्च पास्ट

उद्घाटन समारोह में उपस्थित 66 विवि से पहुंची टीमों ने मार्च पास्ट किया जो आकर्षक रहा। बैंड की धुन पर टीमों ने मार्च पास्ट किया और अतिथियों का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट कराया। उपस्थित दर्शकों ने भी इसे खूब सराहा। विवि के खिलाड़ियों ने पार्च पास्ट की अगुवाई की। आयोजित हो रही महिला अंतर विवि खोखो प्रतियोगिता को देखने काफी मात्रा में खेल प्रेमी पहुंचे। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से किया गया जिसमें मार्च पास्ट से शुरू हुआ, जिसमें पेंटियम प्वाइंट ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत, समूह नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध किया।

### पहले दिन हुए 33 मुकाबले

प्रतियोगिता के शुभारंभ के साथ ही टीमें के बीच मुकाबले शरू हुए। खिलाड़ियों से परिचय अतिथियों ने प्राप्त किया और अच्छे खेल के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में पहले दिन कुल 33 मुकाबले हुए। मेजबान विवि की टीम को पहले दिन में वॉकओवर मिला और उसने अगले चरण में प्रवेश किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीम को पीजीआई की ओर से 3000 का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य प्रबंध संचालक बी.एन. त्रिपाठी ने इसे बेटियों के लिए एक सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि आज की बेटियां न केवल अपने पारंपरिक दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं, बल्कि खेलकूद जैसे क्षेत्रों में भी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि खो-खो जैसे तेज गति वाले खेल में शारीरिक एवं मानसिक संतुलन की आवश्यकता होती है, जिसमें बेटियों ने यह साबित कर दिया है कि वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

## दीप ज्योति स्कूल संजय नगर में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ




**रीवा।** दीप ज्योति पूर्व माध्यमिक विद्यालय, संजय नगर में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के उपलक्ष्य में प्रवेश उत्सव अत्यंत धूमधाम से मनाया गया, शिक्षकों ने छात्रों को तिलक लगाकर नई कक्षा में प्रवेश कराया। इस दौरान छात्रों एवं शिक्षकों के बीच उल्लास एवं उत्सव का वातावरण रहा। कक्षाओं में शिक्षकों के द्वारा छात्रों को उनके नवीन पाठ्यक्रमों से परिचित कराया गया तथा वर्ष भर की शैक्षणिक गतिविधियों की रूपरेखा से भी छात्रों को अवगत कराया गया। प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालय संचालक प्रदीप तिवारी, सह-संचालक सौरभ तिवारी, प्रधानाध्यापिका गायत्री शुक्ला एवं अन्य शिक्षकों के द्वारा छात्रों का स्वागत किया गया एवं शैक्षणिक सत्र में उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## कमला नेहरू स्कूल बाण सागर में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**रीवा।** बाण सागर कॉलोनी स्थिति कमला नेहरू हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया, जहाँ विद्यालय के संचालक रमेश पाण्डेय ने छात्रों को तिलक लगाकर एवं लड्डू वितरित कर नए शिक्षा सत्र की कक्षा का शुभारम्भ किया वही सभी शिक्षकों ने भी सभी छात्रों को तिलक लगाए। साथ ही बोर्ड परीक्षा मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्राचार्य विमलेश साहू ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि अप्रैल सत्र मे सभी बच्चों को स्कूल जरूर भेजे विद्यालय मे पढ़ाई के साथ समर क्लास भी चलेगी जिसमे छात्रों को सिलाई, कढ़ाई, स्पोकन, खेलकूद, आर्ट क्रॉफ्ट की भी क्लास चलेंगी, प्राचार्य ने विद्यालय के छात्रों के अलावा अन्य विद्यालय के छात्रों से भी इस समर क्लास में आने की अपील की है। प्रवेश उत्सव मे विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मैच किंग क्लब ने जीता



**जागरण, रीवा।** गवर्नमेंट स्कूल धोबिया टंकी के ग्राउंड में विगत 15 मार्च से चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मैच गुढ़ चौराह के किंग क्लब और ईगल बॉयज क्लब के बीच खेला गया। पहले सेमी फायनल में गुढ़ चौराह के किंग क्लब विजयी हुआ। मैच का मैन ऑफ द मैच अनुज बंसल को दिया गया। अनुज बंसल ने दो ओवर में तीन विकेट लेकर पांच रन दिए। जीसी किंग क्लब के कप्तान गौरव बंसल एवं ईगल वाइज के कैप्टन अनमोल चमकेल रहे। 3 अप्रैल को बंसल बॉयज और रीवा सुपर किंग के बीच दूसरा सेमीफाइनल खेला जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 5 अप्रैल को सेमीफाइनल में विजेता टीमों के मध्य खेला जाएगा। पहले सेमीफाइनल के मुख्य अतिथि बीएसपी नेता जेपी कुशवाह पूर्व महापौर प्रत्याशी रहे। टूर्नामेंट के आयोजन में अनुराग बास्करिया, कुणाल चमकेल, सचिन बंसल एवं प्रमुख सहयोगी महेश बंसल, दीपू बंसल, मनीष नामदेव, ज्योति कबीर पासा, आहूजा प्लाई बोर्ड, परफेक्ट मोबाइल सनी भैया द्वारा सहयोग किया जा रहा है।

## विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर हासिल की सफलता

### नवोदय विद्यालय में कराते बेल्ट परीक्षा सम्पन्न



**रीवा।** गत दिवस नवोदय विद्यालय, सिरमौर में कराते बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के कराते खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और सफलता प्राप्त की। इस परीक्षा में सम्मिलित खिलाड़ियों ने विगत दो वर्षों से निरंतर कठिन परिश्रम एवं अनुशासित प्रशिक्षण के माध्यम से अपनी दक्षता को विकसित किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। सफलता प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में अनाया विश्वकर्मा, समीक्षा साकेत, कमायनी प्रजापति, अनुराधा पटेल, सरस्वती केवट, पूजा सिंह, सोनाविश्वकर्मा एवं अनामिका द्विवेदी शामिल हैं। इन सभी खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्राचार्य मनीष तिवारी, उप प्राचार्य अजय सिंह एवं व्यायाम निर्देशक रश्मि पटेल ने सभी सफल खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने खिलाड़ियों के समर्पण, अनुशासन एवं परिश्रम की सराहना करते हुए भविष्य में और अधिक उपलब्धियां प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। खिलाड़ियों ने व्यायाम निर्देशक के कुशल मार्गदर्शन तथा कराते कोच सुश्री सपना तिवारी के सक्षम नेतृत्व में प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने यह सफलता अर्जित की।

## भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत खनिज अधिकारी ने किया विद्यार्थियों से संवाद



**जागरण, रीवा।** कलेक्टर के निर्देशानुसार स्कूल चलें अभियान के दूसरे दिन गुरुवार को शालाओं में भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत शासकीय उमावि महसांव में उप संचालक खनिज विभाग दीपमाला तिवारी ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि हिम्मत और मेहनत से लक्ष्य का निर्धारण कर अपनी पहचान बनाएं एवं भविष्य के लिए लक्ष्य निर्धारित करें। प्राचार्य राजकुमार सिंह ने आभार प्रदर्शन करते हुए भविष्य से भेंट कार्यक्रम को रेखांकित किया। कार्यक्रम में खनिज निरीक्षक आरती सिंह, वीणा पटेल, अर्चना मिश्रा, प्रमिला तिवारी, सपना त्रिपाठी, कृष्णा नागदेव, प्रभा द्विवेदी, राममिलन पटेल, अर्चना पांडे, जनशिक्षक रामकृष्ण द्विवेदी, विशाल शुक्ला, राजेश तिवारी, अर्चना पांडे, सविता सिंह, एम गीता, अलीमुद्दीन सिद्दीकी, रमेश साकेत, जान्हवी द्विवेदी, रश्मिका सोनी, जोशना सिंह सहित विद्यालयीन स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।


## प्रख्यात ब्रेन,स्पाइन एवं न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ सचिन सिंह 12 अप्रैल रविवार को रीवा में



**रीवाः**-राष्ट्रपति पदक से सम्मानित प्रख्यात ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट एंडोस्कोपिक सर्जन डॉ सचिन सिंह MBBS, MS, MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, निर्देशक-लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज, के द्वारा, दिनांक 12 अप्रैल 2026 को (प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को) सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर)- A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की बीमारियां जैसे रीड़ की हड्डी की चोट/दर्द, गर्दन, कमर व घुटने का दर्द, लकवा, सिर का दर्द(माइग्रेन की समस्या), मिर्गी रोग, बेहोसी व चक्कर आना, अंगों में कंपन-झुनझुनी-शून्यता, मांसपेशियों/नसों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हैमरेज, सर्वाइकल स्पोंडलाइटिस, स्नायु रोग, साइटिका, रीड़ की हड्डी की टी.बी., एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी आदि न्यूरो से संबंधित सभी प्रकार के रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ सचिन सिंह लगभग 20000 (बीस हजार) से ज्यादा ब्रेन, सर्वाइकल एवं स्पाइन से संबंधित सर्जरी सफलता पूर्वक कर चुके है, डॉ सचिन को न्यूरो से सम्बंधित सभी प्रकार की सर्जरी में महारथ हासिल है, डॉ सचिन के द्वारा प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को विगत सात (09) वर्षों से कमाता मेडिकल में मरीजों को OPD परामर्श दिया जा रहा है। क्लीनिक में सोनोग्राफी, इकोकार्डियोग्राफी, TMT, ECG, होल्टर, ABPM, पैथोलॉजी, डिजिटल एक्सरे, यूरोफ्लोमेट्री आदि जांचों की सुविधा उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा मोबाइल नं 9399312433 में संपर्क करें। -Advt.

## नागपुर के प्रख्यात कैंसर विशेषज्ञ डॉ भास्कर सिंह 04 अप्रैल शनिवार को रीवा में



**रीवा।** HCG कैंसर हॉस्पिटल नागपुर के प्रख्यात कैंसर सर्जन एवं कैंसर रोग सुपर स्पेशलिस्ट डॉ भास्कर सिंह MBBS, MS, FMAS, DNB (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) कंसल्टेंट सर्जन के द्वारा दिनांक 04 अप्रैल शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा (कामता मेडिकल) में, कैंसर से सम्बंधित बीमारियां जैसे स्तन कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, मुँह का कैंसर, स्वांस की नली का कैंसर, खाने की नली का कैंसर, अग्नाशय का कैसर, पित्त की थैली (गालब्लैडर)का कैंसर, किडनी का कैंसर, पेशाब की थैली का कैंसर, छोटी बड़ी आँत का कैंसर, आमाशय का कैंसर, थायराइड कैंसर, मांसपेशियों का कैंसर, व अन्य सभी प्रकार के कैंसर का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा। ओपीडी में आये हुए समस्त मरीजों हेतु भारत सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क आयुष्मान योजना, स्वास्थ बीमा लाभ योजना एवं केंद्र सरकार व राज्य सरकार के कर्मचारियों हेतु संचालित स्वास्थ्य लाभ योजना का भी नियम व शर्तों के साथ सुबिधा उपलब्ध है, डॉ भास्कर विगत पाँच वर्षों से नियमित प्रत्येक माह में दूसरे एवं चौथे शनिवार को रीवा में OPD हेतु उपलब्ध रहते हैं। OPD हेतु पंजीयन प्रारम्भ है, अधिक जानकारी, पंजीयन व परामर्श हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.


# न ही बस्ते का बोझ कम हुआ, न निजी प्रकाशकों की पुस्तकों से छुटकारा

### जिले में फिर बढ़ी प्राइवेट स्कूलों की मनमानी, बैग पॉलिसी समेत नियम कर रहे दरकिनार

**जागरण,रीवा।** एक अप्रैल से नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त करने वाले प्राइवेट स्कूलों में इस साल भी न बस्ते का बोझ कम होगा और न ही निजी प्रकाशकों की पुस्तकों से छुटकारा। प्राइवेट स्कूल बैग पॉलिसी और मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) को दरकिनार कर मनमानी कर रहे हैं। स्टेशनरी में प्राइवेट स्कूल के संचालित होने वाले कोर्स के सेट तैयार हो गए हैं और अभिभावकों ने मजबूरी बस खरीदी भी शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक स्कूली बच्चों पर बस्ते का बोझ न बढ़े और उनके मानसिक और शारीरिक विकास में बाधा न आए, इसके लिए शासन ने स्कूलों न में बैग पॉलिसी लागू की है। इसके मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) के तहत मान्यता प्राप्त बोर्ड यानी एनसीईआरटी, एससीईआरटी की पुस्तकें बच्चों को स्कूलों में पढ़ाई जाएगी। लेकिन 1 अप्रैल से नए शिक्षा सत्र शुरू होने के पहले ही स्कूलों के द्वारा नियमों को दरकिनार कर मनमानी शुरू कर दी गई। एनसीईआरटी और एससीईआरटी के अलावा निजी प्रकाशकों की पुस्तकें भी अभिभावकों को खरीदनी पड़ रही है। स्टेशनरी में हर प्राइवेट स्कूल के पुस्तकों से सेट बिक रहे हैं।

### अभिभावकों के जेब और बच्चों के कंधों पर बोझ



बैग पालिसी में हर क्लास के बच्चों का वजन तय किया गया है। इसके अलावा बैग फ्री डे भी तय किए गए हैं। वहीं एनसीईआरटी, एससीईआरटी से संबद्ध पुस्तकों से बच्चों के बैग का वजन और अभिभावकों के जेब पर बोझ नहीं पढ़ता है लेकिन निजी प्रकाशकों की पुस्तकों से अभिभावकों को आर्थिक और बच्चों को मानसिक और शारीरिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल के बच्चों को 11-11 पुस्तकें पढ़ाई जाएगी। यह करीब 4 से 5 हजार तक की आ रही है। 11 पुस्तकें कापी, टिफिन, बॉटल से बच्चों के कंधे में 8 से 10 किलो का वजन बढ़ जाएगा। इसके बाद प्राइवेट स्कूल की तीसरी मंजिल तक यह वजन उठाकर रोजाना बच्चे सीढ़िया चढ़ेंगे। जिससे बच्चों को मुसीबत और अभिभावकों को अर्थिक नुकसान होगा।

### पॉलिसी में बैग का यह वजन...

| कक्षा | बस्ते का वजन |
|---|---|
| पहली | 1.6 से 2.2 किग्रा |
| दूसरी | 1.6 से 2.2 किग्रा |
| तीसरी | 1.7 से 2.5 किग्रा |
| चौथी | 1.7 से 2.5 किग्रा |
| पांचवी | 1.7 से 2.5 किग्रा |
| छठवीं | 2.0 से 3.0 किग्रा |
| सातवीं | 2.0 से 3.0 किग्रा |
| आठवी | 2.5 से 4.0 किग्रा |
| नवमी | 2.5 से 4.5 किग्रा |
| दसवीं | 2.5 से 4.5 किग्रा |

**11वीं-12वीं शाला प्रबंधन समिति तय करेगी।**

### शिक्षा विभाग नहीं है सजग

शिक्षा विभाग और प्रशासन के द्वारा प्राइवेट स्कूलों की मनमानी रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाए जा रहे है। हर साल स्कूलों की जांच फिर नोटिस और मामला खतम हो जाता है। सख्ती से नियमों के पालन के लिए प्राइवेट स्कूलों पर नजर नहीं रखी जाती। अप्रत्यक्ष रूप से प्राइवेट स्कूल मनमानी कर रहे हैं। कुछ स्टेशनरी पर पुस्तकें और स्कूल ड्रेस मिलती है। ड्रेस में स्कूलों को लोगो रहता है। जिससे अभिभावक पुस्तक और ड्रेस खरीदने के लिए उसी स्टेशनरी और कपड़े की दुकान जाना पड़ता है। स्कूल प्रशासनिक कार्रवाई के लिए कुछ स्टेशनरी और कपड़े दुकानें को पत्र लिखकर अपने पास प्रमाण एकत्र कर लेते हैं कि उन्होंने किसी एक से पुस्तक और किताबें खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया लेकिन ऐसा होता नहीं है।

### केंद्रीय बोर्ड की भी सलाह नहीं मान रहे

केंद्रीय माध्यमिक शिक्ष बोर्ड से संबंद्ध प्राइवेट स्कूल अपने बचाव में बोर्ड के पत्र का उपयोग करते हैं। जिसमें केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 1 से 8 तक एनसीईआरटी पुस्तके पढ़ाने के लिए सलाह दी है और कक्षा 9 से 12 तक एनसीईआरटी की पुस्तके अनिवार्य की है। प्राइवेट स्कूल इस पत्र से अपना बचाव कर रहे है कि उन्हें कक्षा 1 से 8 तक एनसीईआरटी पुस्तकें उपयोग की सलाह दी गई है कि ना आदेश, वहीं मध्यप्रदेश शासन के उस आदेश का हवाला दे रहे हैं कि शासन ने कहा कि जिस बोर्ड से स्कूल संबंद्ध है वहां की गाइडलाइन का पालन करेंगे। प्राइवेट स्कूल बोर्ड की सलाह भी नहीं मान रहे हैं।

# स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्था में मना विश्व ऑटिज्म जागरुकता दिवस



**जागरण, रीवा।** दिव्यांगता के पुनर्वास के क्षेत्र में कार्यरत स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान द्वारा गुरुवार को विश्व ऑटिज्म जागरूकता के दिवस के उपलक्ष में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व अधीक्षक संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय डॉ. सीबी शुक्ला ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीपक कुलश्रेष्ठ , बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. लोकेश अग्रहरि रहे। अध्यक्षता संस्था संस्थापक एवं अध्यक्ष रामसेवक साहू ने करते हुए मुख्य उद्देश्यों की जानकारी दी। डॉ. कुलश्रेष्ठ ने विकलांगता से बचाव के लिए गर्भावस्था से पूर्व एवं गर्भावसथा के बाद रखी जाने सावधानियों के बारे में बताते हुए आवश्यकता पड़ने पर संस्था को पूर्ण सहयोग प्रदान करने की बात कही। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अग्रहरि ने बच्चों के स्वास्थ्य एवं उनके संतुलित आहार से संबंधित जानकारी प्रदान की। मुख्य अतिथि डॉ. शुक्ला ने बताया कि कैसे शीघ्र हस्तक्षेप कर ऑटिज्म से पीड़ित लोगोंके जीवन की गणुवत्ता में सुधार कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकता है। प्राचार्य ऊषा साहू ने ऑटिज्म के लक्षण एवं निदान के बारे में जानकारी दी।अंत में अवधेश प्रताप विवि के साइकोलॉजी के छात्रों द्वारा संस्था के अंतर्गत स्नेह मंद बुद्धि एवं मूक अधिर विद्यालय में इंटर्नशिप की गई थी उनको इंटर्नशिप सर्टिफिकेट अतिथियों द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम में शुभांगी सोधिया, अंतिमा मिश्रा, ऋचा श्रीवास्तव, शालिनी कुशवाहा, प्रवीण साहू, कल्पना तिवारी, मनीष प्रजापति, सुषमा कुशवाहा, अंजुला सिंह सहित स्टाफ, अभिभावक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।


**केनरा बैंक Canara Bank** A Govt. of India Undertaking सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **21/04/2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी- **श्री लाल बहादुर सिंह पुत्र श्री चन्द्रभान सिंह** दीन दयाल प्लाजा (नं.1 से नं.6) एन.एच.-7,ढेकहा, पाडरा, रीवा (म.प्र.) 486001 | संपत्ति का समस्त भू भाग व्यावसायिक दुकान नं. 39, दीन दयाल धाम प्लाजा, रीवा, तह. हुजूर, जिला-रीवा (म.प्र.) क्षेत्रफल-18.00 वर्गमीटर, संपत्ति मालिक- लाल बहादुर सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह चर्तुसीमाएं (डीड के अनुसार) पूर्व-सेटअप, पश्चिम, सड़क, उत्तर-दुकान संख्या 38,दक्षिण-एचआईजी मकान GPS Location: 24.542737, 81.272444 PROPERTY ID: CNRBLAL2 सांकेतिक कब्जा | 07.12.2016 / 26.04.2018 / दि. 25/03/2026 को ₹ 77,67,742.36 +देय ब्याज एवं खर्चे | ₹ 17,25,000/- / ₹ 1,72,500/- / ₹ 10,000/- |

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 20/04/2026 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 21/04/2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
(4) यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)

दिनांक : 02.04.2026, स्थान : भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

# जल गंगा संवर्धन अभियान खेती के विकास का आधार

## गंगेव में जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन




जागरण, रीवा

जीव जगत, पशु-पक्षियों और वनस्पतियों के जीवन का आधार पानी है। पानी का विवेकपूर्ण उपयोग और भावी पीढ़ी के लिए पर्याप्त जल सुरक्षित रखना हम सबकी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है। इसलिए जल संरक्षण और संवर्धन वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसके लिए जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत ग्राम घोपी विकासखंड गंगेव में जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, सरपंच समरजीत पटेल, आशीष पटेल एवं आसपास के गांवों के किसान शामिल हुए। संगोष्ठी में गंगेव ,मढ़ीखुर्द पचपहरा, सेंधहा एवं अन्य गांवों के किसान शामिल हुए।

कलेक्टर प्रतिभा पाल के नेतृत्व में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कृषि विभाग लगातार भागीदारी निभा रहा है। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि विभाग की आत्मा परियोजना द्वारा ग्राम घोपी में जल जागरुकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें आत्मा परियोजना के दीपक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान जल के संरक्षण, भूजल पुनर्भरण और नदियों-जलस्रोतों के पुनर्जीवन के लिए चलाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण जन-अभियान है। इसका उद्देश्य हर बूंद की रक्षा और जल आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। बदलते जलवायु परिदृश्य और घटते भूजल स्तर को देखते हुए किसानों को कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता है। किसानों को ड्रिप सिंचाई, स्प्रिंकलर सिंचाई, मल्चिंग तथा वर्षा जल संचयन जैसी तकनीकों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। कृषि विभाग द्वारा कृषको से अपील की गई कि वे जल संरक्षण को अपनी खेती का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाएं और पानी की एक-एक बूंद का सदुपयोग करें। जल संरक्षण से न केवल खेती की लागत कम होगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी जल संसाधन सुरक्षित रहेंगे। जल है तो कल है इस संदेश के साथ किसानों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।

संगोष्ठी के में शिवशरण सरल वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बलराम तालाब, प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना से स्प्रिंकलर एवं ड्रिप मे अनुदान की प्रक्रिया, नरवाई प्रबंधन पर चर्चा किसानों से की गयी। साथ ही उद्यानिकी, पशुपालन विभाग की हितग्राही योजनाओ की जानकारी दी गयी। संगोष्ठी में कृषि विस्तार अधिकारी, दीपिका तिवारी तकनीकी प्रबंधक और किसान उपस्थित रहे।

# किसान नरवाई से भूसा बनाकर गौशालाओं को दान करें: कमिश्नर

## कमिश्नर ने जागरुकता अभियान चलाने के दिए निर्देश



**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा है कि रबी फसल की कटाई के बाद किसान नरवाई से भूसा बनाकर गौशालाओं को दान करें। रीवा संभाग में 318 गौशालाओं में निराश्रित और बीमार गौवंश की देखभाल की जा रही है। संभाग के सभी कलेक्टर किसानों के बीच जागरुकता अभियान चलाकर उन्हें गौशालाओं को भूसा दान करने के लिए प्रेरित करें। इससे एक ओर जहाँ नरवाई की समस्या दूर होगी वहीं दूसरी ओर गौ सेवा के रूप में पुण्य भी मिलेगा। पशुपालन विभाग के मैदानी कर्मचारी भूसा दान अभियान चलाकर किसानों को गौशालाओं को भूसा देने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर राजस्व निरीक्षक, पटवारी, ग्रामीण विकास विभाग के कर्मचारी तथा पशुपालन एवं कृषि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी तैनात करके गांवों में भूसा दान अभियान चलाएं। ग्राम पंचायतों के माध्यम से भी भूसे का संग्रहण कराकर उसे गौशालाओं तक पहुंचाएं।

### विश्व ऑटिज्म जागरुकता दिवस आज

# ऑटिज्म की समय पर पहचान और वैज्ञानिक थेरेपी से बच्चों का जीवन पूरी तरह बदला जा सकता है : डॉ विवेक पाण्डेय



**रीवा।** विश्व ऑटिज्म जागरुकता दिवस के अवसर पर विवेकानंद हियरिंग एण्ड स्पीच सेंटर के संचालक डॉ विवेक पाण्डेय ने कहा कि आज के समय में ऑटिज्म के मामलों में तेजी से वृद्धि देखने को मिल रही है, लेकिन जागरुकता की कमी के कारण कई बच्चे समय पर सही मार्गदर्शन और थेरेपी से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने बताया कि ऑटिज्म एक न्यूरो-डेवलपमेंटल कंडीशन है, जिसमें बच्चे के बोलने, समझने, व्यवहार और सामाजिक जुड़ाव में कठिनाई आती है। यह कोई बीमारी नहीं है, बल्कि मस्तिष्क के विकास का एक अलग पैटर्न है, जिसे समझने और स्वीकार करने की आवश्यकता होती है। डॉ पाण्डेय ने बताया कि ऑटिज्म के शुरुआती संकेत आमतौर पर 1.5 से 3 वर्ष की उम्र के बीच दिखाई देने लगते हैं। यदि बच्चा नाम पुकारने पर प्रतिक्रिया नहीं देता, आंखों में संपर्क बनाने से बचता है, बोलने में देरी होती है, अपने आप में खोया रहता है या बार-बार एक ही गतिविधि करता है, तो यह ऑटिज्म के संकेत हो सकते हैं। ऐसे में अभिभावकों को बिना देर किए विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि कई बार माता-पिता बड़ा होकर ठीक हो जाएगा सोचकर समय गंवा देते हैं, जबकि शुरुआती वर्षों में दिमाग का विकास तेजी से होता है और यही समय थेरेपी के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। डॉ विवेक पाण्डेय के अनुसार, ऑटिज्म में अर्ली इंटरवेशन सबसे प्रभावी होता है। सही समय पर शुरू की गई स्पीच थेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, बिहेवियर थेरेपी और सेंसरी इंटीग्रेशन थेरेपी के माध्यम से बच्चों में भाषा विकास, ध्यान क्षमता, व्यवहार नियंत्रण और सामाजिक कौशल में काफी सुधार लाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि विवेकानंद हियरिंग एण्ड स्पीच सेंटर में हर बच्चे की समस्या और क्षमता को ध्यान में रखते हुए इंडीविजुअल्ड थैरेपी प्लान तैयार किया जाता है। यहां बच्चों के लिए एक सकारात्मक और चाइल्ड फ्रैंडली वातावरण बनाया गया है, जिससे वे आसानी से सीख सकें और अपनी क्षमताओं को विकसित कर सकें। साथ ही, अभिभावकों को नियमित रूप से ट्रेनिंग और काउंसलिंग दी जाती है, ताकि वे घर पर भी सही तरीके से बच्चों की मदद कर सकें। डॉ पाण्डेय ने यह भी कहा कि समाज में ऑटिज्म को लेकर फैली गलत धारणाओं को दूर करना बेहद जरूरी है।

# भरत मुनि नाट्य समारोह का शुभारंभ आज

**रीवा।** संस्कार भारती नगर इकाई द्वारा विंध्य क्षेत्र में थियेटर एवं फिल्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार से माखनलाल चतुर्वेदी सभागार में तीन दिवसीय भरत मुनि नाट्य महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। उक्त आयोजन आगामी 5 अप्रैल तक प्रतिदिन शाम साढ़े 6 बजे से 8 बजे तक किया जाएगा। महोत्सव में समस्त प्रस्तुत नाटक मौलिक हैं। शुक्रवार को सूरज नारायण पांडे और काबिल फेम विजय कुमार मिश्रा लिखित नाटक अश्वत्थामा की वापसी होगी जिसकी प्रस्तुति आकार वेलफेयर सोसायटी सतना और निर्देशन मप्र नाट्य विद्यालय के निर्देशक प्रदीप तिवारी करेंगे, नाटक में चिरंजीवी अश्वत्थामा की वेदना का चित्रण है, प्रस्तुति में एक साथ नाट्य शैली के दर्जन भर से अधिक प्रयोग किए गए हैं। आगामी दिनों में शनिवार को भजन सम्राट बिंदु के जीवन पर आधारित नाटक कटघरे में ईश्वर और रविवार को धर्म क्षेत्र नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे। महोत्सव के दौरान नाट्य मंचन के साथ स्क्रिप्ट लेखन पर सेमिनार, कलाकारों का सम्मान और पुस्तक मेला भी आयोजित किया जाएगा।

# युवा जीवन में प्रेम, शांति और सद्भावना का दिया संदेश



## ब्रह्माकुमारीज में हुआ प्रेरणादायक आयोजन

**जागरण, रीवा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शान्ति धाम, झिरिया में कला एवं संस्कृति प्रभाग के तत्वावधान में 'युवा जीवन में प्रेम, शांति एवं सद्भावना तथा परिवार में स्नेह और सामंजस्य' विषय पर एक अत्यंत भावनात्मक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा, सकारात्मक सोच और आत्मिक प्रेम की अनुभूति से ओत-प्रोत रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रह्माकुमारी संस्थान की बीके लता बहन ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि आज के समय में युवा यदि अपने जीवन में आध्यात्मिकता को अपनाएं, तो वे न केवल स्वयं सुखी रह सकते हैं, बल्कि परिवार और समाज में भी प्रेम और शांति का प्रकाश फैला सकते हैं। उन्होंने बताया कि सच्चा प्रेम वही है जो आत्मा से आत्मा का संबंध जोड़ता है और जीवन में स्थायी खुशी लाता है। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी अविराज ने युवाओं को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने का संदेश दिया। प्रसिद्ध शायर सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने अपनी भावपूर्ण शायरी के माध्यम से प्रेम और इंसानियत का सुंदर चित्रण प्रस्तुत किया। विश्व हिंदू परिषद की संभागीय महासचिव रेखा मिश्रा एवं भारत रक्षा मंच की प्रदेश संयोजिका सरोज सोनी ने अपने विचारों में पारिवारिक मूल्यों, संस्कारों और आपसी सद्भाव को जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताया। वहीं इंदिरा नगर सेवा केंद्र की प्रभारी बीके नम्रता बहन ने राजयोग के माध्यम से मन को शांत और स्थिर रखने के सरल उपाय बताए।

# अग्निवीर भर्ती हेतु ग्राम धरी में जागरुकता मुहिम प्रारंभ

## पूर्व सैनिक दिवाकर प्रसाद द्विवेदी ने युवाओं को किया प्रेरित

### अधिक से अधिक आवेदन करने का आह्वान



**आंचलिक डेस्क।** ग्राम पंचायत धरी में अग्निवीर भर्ती को लेकर एक जागरुकताा मुहिम प्रारंभ की गई, जिसके अंतर्गत पूर्व सैनिक दिवाकर प्रसाद द्विवेदी द्वारा गांव के युवाओं को एकत्रित कर उन्हें अग्निवीर योजना के तहत अधिक से अधिक आवेदन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को सेना में भर्ती के महत्व, प्रक्रिया एवं उससे मिलने वाले अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री द्विवेदी, जो पिछले आठ वर्षों से निरंतर युवाओं को सेना एवं पुलिस में भर्ती हेतु प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं, ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि नियमित प्रशिक्षण से न केवल युवाओं का भविष्य सुरक्षित होता है, बल्कि वे शारीरिक एवं मानसिक रूप से भी सशक्त बनते हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं में अनुशासन की भावना विकसित होती है और वे नशा जैसी बुराइयों से दूर रहते हैं। उन्होंने जानकारी दी कि उनके द्वारा प्रशिक्षित अनेक युवक वर्तमान में पूर्णतः स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन जी रहे हैं, जिनमें से कई युवा भारतीय सेना में अपनी सेवाएं देकर अपने परिवार, गांव एवं देश का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। उन्होंने सभी युवाओं से आह्वान किया कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और देश सेवा के साथ-साथ अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित युवाओं में उत्साह देखा गया तथा उन्होंने भी अग्निवीर भर्ती में भाग लेने के प्रति अपनी रुचि व्यक्त की।

# खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों को मिलेगा दो-दो माह का खाद्यान्न

## उचित मूल्य दुकानों से मार्च-अप्रैल और मई-जून का एक साथ मिलेगा राशन



**रीवा।** खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पात्र राशन कार्डधारियों को हर महीने निर्धारित मात्रा में उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न दिया जा रहा है। उपभोक्ताओं को मार्च-अप्रैल तथा मई-जून माह का खाद्यान्न एक साथ दिया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार मार्च और अप्रैल माह का खाद्यान्न उचित मूल्य दुकानों में उपलब्ध कराकर इसका 15 अप्रैल तक वितरण किया जाएगा। मई और जून माह का खाद्यान्न 15 अप्रैल से 15 मई की अवधि में उचित मूल्य दुकानों में भण्डारित किया जाएगा। इसका राशन कार्डधारियों को वितरण एक मई से 31 मई तक किया जाएगा। मार्च माह का खाद्यान्न उचित मूल्य दुकानों में जारी किया जा चुका है। इसके साथ अप्रैल माह के खाद्यान्न का वितरण कराएं। खाद्यान्न का वितरण पीओएस मशीन के माध्यम से कराएं। कलेक्टर ने सभी एसडीएम, तहसीलदार, जिला आपूर्ति नियंत्रक तथा सहायक आपूर्ति अधिकारियों को आवंटित खाद्यान्न का समय पर वितरण कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि उचित मूल्य दुकानों से हितग्राहियों को खाद्यान्न, शक्कर एवं नमक का पात्रता के अनुसार वितरण कराएं। जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम जारी ऑनलाइन आवंटन के अनुसार उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न की आपूर्ति कराएं। खाद्यान्न तथा अन्य सामग्री उचित मूल्य दुकान पहुंचने पर परिवहनकर्ता को तत्काल पीओएस मशीन से ऑनलाइन पावती प्रदान करें। हितग्राहियों को दो-दो माह का खाद्यान्न एक मुश्त प्रदान करें। एसडीएम राजस्व तथा खाद्य विभाग के अधिकारियों से उचित मूल्य दुकानों में भण्डारित और वितरित खाद्यान्न का सत्यापन कराएं। पात्र परिवारों को वितरित खाद्यान्न की मात्रा का विवरण पीओएस मशीन के माध्यम से दर्ज करके उसे पावती दें। हर पात्र राशन कार्डधारी को दो-दो माह का खाद्यान्न वितरित कराएं।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)**
क्रमांक 579/विशेष विवाह/2025
रीवा, दिनांक 04/11/2025
**इश्तहार**
आवेदक शेषमणि लोनिया पिता श्री बृजलाल लोनिया उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम पड़रिया थाना रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा (म0प्र0) एवं आवेदिका वर्षा रावत पिता श्री बुद्धसेन रावत उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम पड़रिया थाना रायपुर कर्चु. जिला रीवा (म0प्र0) के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं 100/-रू. चालान प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। अतः उक्त विवाह अनुष्ठान के सम्बंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा
पेशी दिनांक- 04.05.2026
विवाह अधिकारी
जिला रीवा (म.प्र.)
RN-85367

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)**
क्रमांक 97/विशेष विवाह/2026
रीवा, दिनांक 02.04.2026
**इश्तहार**
आवेदक हिमांशु रंजन गौर उम्र 28 वर्ष पिता श्री भागीरथ गौर निवासी वार्ड नं 44 गोल क्वाटर बिछिया थाना बिछिया तहसील हुजूर नगर जिला रीवा म.प्र. एवं आवेदिका कामना सिंह उम्र 28 वर्ष पिता श्री देवेन्द्र सिंह कुशवाहा निवासी ग्राम पो. पथरिया 281 तहसील सिरमौर थाना बैकुण्ठपुर जिला रीवा (हाल मुकाम वार्ड नं 9 अनंतपुर निराला नगर तहसील हुजूर नगर जिला रीवा म.प्र.) के द्वारा उपस्थित होकर अन्तर्जातीय विवाह योजना का लाभ प्राप्त करने बावत हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदाय हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति, चालान प्रति, म.प्र. विवाहों का अनिवार्य रजिस्ट्रीकरण नियम 2008, नियम 10 (2) के तहत दिनांक 29.09.2025 को जारी प्रमाण पत्र की प्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है।
आवेदक, आवेदिका द्वारा दिनांक 22.09.2025 को चिरहुला मंदिर रीवा में हिन्दु रीति रिवाज से विवाह किया गया है। अतः उक्त विवाह के सम्बंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा
पेशी दिनांक: 06.05.2026
विवाह अधिकारी
जिला रीवा (म.प्र.)
RN-85012

**न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला रीवा (म.प्र.)**
प्रकरण क्रमांक /0209/निगरानी/2025-26
01. मुन्नीलाल शुक्ला तनय श्री जामवंत शुक्ला निवासी ग्राम बरहटा तहसील मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.) वर्तमान पता शारदापुरम तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) ................. निगरानीकर्ता
बनाम
01. शैलेन्द्र कुमार शुक्ला तनय श्री जामवंत शुक्ला 02. आनन्द कुमार शुक्ला तनय श्री जामवंत शुक्ला 03. रेवा प्रसाद शुक्ला तनय श्री जामवंत शुक्ला 04. सिद्धार्थ कुमार शुक्ला तनय श्री जामवंत शुक्ला, निवासी ग्राम बरहठा तहसील मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.) .............. गैर निगरानीकर्तागण
//आम इश्तहार //
गैर निगरानीकर्तागण क्रमांक 01 से लगायत 04 तक सभी निवासी ग्राम बरहठा तहसील मऊगंज जिला मऊगंज मध्यप्रदेश को सूचित किया जाता है कि निगरानीकर्ता मुन्नीलाल शुक्ला तनय श्री जामवंत शुक्ला निवासी ग्राम बरहटा तहसील मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.) वर्तमान पता शारदापुरम तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी तहसील हुजूर जिला रीवा मध्यप्रदेश के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0023/अपील/2024-25 पारित आदेश दिनांक 11.06.2025 के विरूद्ध मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 50 के तहत निगरानी प्रस्तुत की गई है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 22.04.2026 को पेशी नियत है। अतः गैर निगरानीकर्तागण क्रमांक 01 से लगायत 04 तक सभी निवासी ग्राम बरहठा तहसील मऊगंज जिला मऊगंज मध्यप्रदेश को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण की पेशी दिनांक 22.04.2026 को समय 11:00 बजे दिन स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की सुनवाई की कार्यवाही में भाग लें, गैर निगरानीकर्तागण के उक्त दिनांक एवं समय में अनुपस्थित रहने पर गैर निगरानीकर्तागण के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
अपर कलेक्टर
जिला - रीवा (म.प्र.)
RN-85368

**मकान बेचना है**
गुलाब नगर दून पब्लिक स्कूल के पीछे सासी सदन (चुरहट हाउस) 60×40 में बना दो मंजिला मकान सर्व सुविधा युक्त अच्छी लोकेशन में तुरंत बेचना है।
सम्पर्क करें:- 9407061064, 8839218130
RN-Free(3/4)

**सूचना**
जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**आवश्यकता है**
ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की योग्यता 10वीं 12वीं पास ग्रेजुएट मान्य है। सैलरी 6000 प्लस कमीशन के साथ 10 से 15000 हजार महीना कमाएँ। शीघ्र आवश्यकता है।
सम्पर्क करें:- 9171582126, 9630528017 पता:- जिला हॉस्पिटल के सामने न्यू बस स्टैण्ड के पास विशाल कम्प्यूटर के ऊपर मऊगंज में।
RN-85366 (4/4)

**गीता गैस एजेंसी सोहागी खटिया पर उपभोक्ताओं के साथ 'डबल चार्ज' का खेल : सोहागी, नि.प्र.। त्योंथर** तहसील के खटिया स्थित गीता गैस एजेंसी भारत गैस पर उपभोक्ताओं के साथ खुलेआम लूट का आरोप लग रहा है। यहां ई-केवाईसी के नाम पर एजेंसी द्वारा मनमाने तरीके से अतिरिक्त पैसे वसूले जा रहे हैं।

**उत्तर मध्य रेलवे**
**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबंधक /कार्य/ झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई- टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।
ई- निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इन्जी0-एन- 2026-65
**कार्य का नाम :** अपग्रेडेशन ऑफ़ बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटी एट न्यू ताज पिटलाइन ग्वालियर।
अनुमानित लागत रू.: 5298878.25 | अमानत राशि : 106000.00
स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 06 माह
**निविदा बन्द होने की तिथि : 28/04/2026 at 15:00 hrs.,** • निविदा दिनांक 28/04/2026 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 722/26 (D)
North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**
L. No. JHS-DyCEE-WS-T-06-2025-26 दिनांक: 30.03.2026
**निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, उत्तर मध्य रेल झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।
**कार्य का विवरण:** वैगन मरम्मत कार्यशाला, झाँसी में मैन कूलिंग पंखे, वेल्डिंग बस बार, पावर पॉइंट और औद्योगिक सॉकेट की व्यवस्था।
**निविदा मूल्य:** रू. 9032204/-मात्र (नब्बे लाख बत्तीस हजार दो सौ चार मात्र)
**बिड सिक्योरिटी:** रू. 180700/- मात्र (एक लाख अस्सी हज़ार सात सौ मात्र)
निविदा: JHS-DyCEE-WS-T-06-2025-26 | **कार्य समापन अवधि:** 05 माह
**निविदा बंद होने की तिथि:- 24.04.2026** (15:00 बजे तक), निविदाकार निविदा दिनांक **24.04.2026 को 15:00 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर देखें। 706/26 (D)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**
दिनांक : 30.03.2026
**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य इंजीनियर/कारखाना/झांसी हेतु आनलाईन ई-टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।
**ई-निविदा सूचना संख्या : डिप्टी सी0ई0-झांसी डब्लू-88**
**कार्य का नाम :** आरसीएनके/जेएचएस में सीमा दीवार के चारों ओर पूर्वनिर्मित नाली आवरण के साथ प्लिंथ सुरक्षा और सुदृढ़ीकरण व्यवस्था प्रदान करना।
**अनुमानित लागत (रूपये) : 36488266.70 (तीन करोड़ चौंसठ लाख अठ्ठासी हजार दो सौ छियासठ रूपये और सत्तर पैसे मात्र।**
**अनुमानत राशि (रूपये) : 729800/-** | **निविदा प्रपत्र कर मूल्य रूपये : कुछ नहीं**
**निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 28.04.2026 15:00 बजे**
**स्वीकृत पत्र जारी समय होने से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह**
पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के साईट www.ireps.gov.in पर देखें। 705/26 (C)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**
ई-निविदा सूचना संख्या: डिप्टी सी0ई0-झांसी डब्लू-89 दिनांक: 01.04.2026
**ई टेन्डरिंग निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य इंजीनियर/कारखाना/झाँसी हेतु आनलाईन ई टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।
**कार्य का नाम:** झाँसी में वैगन रिपेयर वर्कशॉप के पॉकेट यार्ड में बैलेंस सीसी पेवर ब्लॉक की व्यवस्था।
**अनुमानित लागत (रूपये):** ₹ 24928751.50 (दो करोड़ उन्चास लाख अठ्ठाइस हजार सात सौ इक्यावन रुपये पचास पैसे मात्र)
**अमानत राशि (रूपये):** ₹ 498600/- | **निविदा प्रपत्र कर मूल्य रूपये:** कुछ नही
**निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: 28.04.2026 15:00 बजे**
**स्वीकृत पत्र प्रपत्र जारी समय होने से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 12 माह
पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के साईट **www.ireps.gov.in** पर देखें। 719/26(A)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**
ई-निविदा सूचना सं.: JHS-N-W-34-26 दिनांक- 30.03.2026
**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**
**वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल, झाँसी** भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।
**ई-निविदा सूचना संख्या:** JHS-N-W-34-26
**कार्य का नाम:** Augmentation ऑफ़ नेटवर्किंग बेकबोन फॉर मॉडर्नाइजेशन ऑफ़ PRS & UTS ओवर JHS डिवीज़न।
**कार्य लागत लगभग:** ₹ 36488708.68 | **धरोहर राशि:** ₹ 729800/-
**निविदा प्रपत्र का मूल्य:** Nil, **निविदा खुलने की तिथि: 21.04.2026** Time **15.00**
**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि:** 09 माह
• निविदा दिनांक **21.04.2026** को **15.00** बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION - S AND T** पर देखें। 731/26 FA
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।
**ई-निविदा सूचना संख्या:** झाँसी-इन्जी0-एन-2026-63 | **अनुमानित लागत** : ₹ 5990166.94
**कार्य का नाम:** प्रोवीजन ऑफ लॉन्गर लूप लाइन ऑन थर्ड लाइन एट सिकरोदा कानड़ी स्टेशन इन वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-धौलपुर सेक्शन ऑफ एडीईएन/ग्वालियर अंडर सीनियर डीईएन/नार्थ/झाँसी जूरिडिक्सन इन झाँसी डिवीजन।
**अमानत राशि:** ₹ 119800.00
**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 04 माह
**ई-निविदा सूचना संख्या:** झाँसी-इन्जी0-एन-2026-67 | **अनुमानित लागत** : ₹ 16131742.35
**कार्य का नाम:** प्रोवीजन ऑफ लॉन्गर लूप लाइन ऑन थर्ड लाइन एट अनंतपेथ स्टेशन इन वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-धौलपुर सेक्शन ऑफ एडीईएन/लाइन/झाँसी अंडर सीनियर डीईएन/नार्थ/झाँसी जूरिडिक्सन इन झाँसी डिवीजन।
**अमानत राशि:** ₹ 322600.00
**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 06 माह
**निविदा बंद होने की तिथि:** 23.04.2026 at 15:00
निविदा दिनांक 23.04.2026 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 726/26(DG)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**
पत्रांक :- झाँसी / एच / जी. 66 / एचवीएस / चयन दिनांक:- 01.04.2026
**विज्ञप्ति**
**मंडल रेलवे चिकित्सालय झांसी में ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट की नियुक्ति के संबंध में आवेदन हेतु।**
**नियम व शर्ते :- मंडल रेलवे चिकित्सालय झांसी में 02 पद ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट पर नियुक्त किया जाना हैं। जो पद निम्नवत् हैं:-**
1.1 आर्थोपेडिक विशेषज्ञ (Orthopadic ) -सप्ताह में 6 दिन के लिए एक दिन में 04 घंटे।
1.2 महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ (Gyn. &Obs.)-सप्ताह में 6 दिन के लिए एक दिन में 04 घंटे।
**2. अर्हता और अनुभव:-**
**2.1.** स्पेशलिस्ट किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने के बाद संबंधित स्पेशलिटी से संबंधित व्यवसायिक कार्य में कम-से-कम 03 वर्षों का अनुभव।
**2.2.** यदि स्नातकोत्तर डिग्री वाले उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध न हो तो स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त करने के बाद संबंधित स्पेशलिटी से संबंधि व्यावसायिक कार्य में 05 वर्ष के अनुभव वाले स्नातकोत्तर डिप्लोमा धारक।
**3. आयु विवरण:- 3.1.** पहली बार नियुक्ति के दौरान 30 वर्ष और 64 वर्ष के बीच की आयु वालों को प्राथमिकता दी जाएगी।
**3. 2.** लगातार नियुक्ति की आयु सीमा 65 वर्ष हैं।
**4. कार्य काल:-**
**4.1.** हर बार प्रस्ताव दिया जायेगा, यह प्रस्ताव केवल एक वर्ष के लिये होगा।
**4.2.** एक वर्ष बीत जाने के बाद कार्यकाल वृद्धि के लिये प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं।
**5. विजिट / घंटों आदि की संख्या:-**
5.1 प्रतिदिन औसतन 04 घंटे / सप्ताह में 06 दिन
इसके अलावा, ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट को रविवार अवकाश के दिन सहित किसी भी दिन जब कभी आपात काल में और दिन के किसी भी समय बुलाया जाने पर अस्पताल में आना होगा।
**6. भुगतान किया जाने वाला मानदेय:-**

| इ्युटी के घंटे | स्पेशलिस्ट |
|---|---|
| सप्ताह में 06 दिनों के लिए एक दिन में 04घंटे | प्रति माह 78,000/- रुपये |

**7. निःशुल्क रेलवे पास:-**
**7.1.** प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष में सेलेक्शन ग्रेड के अधिकारियों की पात्रता के अनुसार स्वयं के साथ पति / पत्नी और आश्रित बच्चों के लिये (रेलवे कर्मचारियों के लिये लागू नियमों के अनुसार ) राजधानी एक्सप्रेस सहित एसी टू टियर और शताब्दी एक्सप्रेस के वातानुकूलित कुर्सीयान में संपूर्ण भारतीय रेलवे और कोंकण रेलवे में वैध एक सेट मानार्थ रेलवे पास उपलब्ध कराया जायेगा।
**7.2.** मानार्थ पास कैलेण्डर वर्ष में नियुक्ति के 03 माह के बाद प्राप्त किया जा सकता हैं।
**8. पारिश्रमिक में कटौती की दैनिक दर:-**
ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट को प्रत्येक वर्ष 12 दिनों की छुट्टी लेने की अनुमति है। 12 दिनों के बाद किसी भी अनुपस्थिति के लिये निम्नलिखित दरों पर पारिश्रमिक कटौती की जायेगी। (पैरा 06 के अनुसार आवर्द्धित मानदेय की पिछले दर पर )

| सप्ताह में प्रतिदिन घंटों की संख्या | स्पेशलिस्ट |
|---|---|
| सप्ताह में 06 दिनों के लिए एक दिन में 04घंटे | प्रतिदिन 3,250 /- रुपये |

**9. अनुबंध की समाप्ति:-** किसी एक पक्ष द्वारा एक माह पूर्व नोटिस देकर किसी भी समय अनुबंध समाप्त किया जा सकता है। प्रशासन के पास इस प्रकार अनुबंध समाप्त करने का कारण नहीं बताने का अधिकार सुरक्षित है।
**10.** जो चिकित्सक ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट पद के लिये उक्त नियम व शर्तों को पूर्ण करते है, वह आवेदन पत्र मुख्य चिकित्सा अधीक्षक उत्तर मध्य रेलवे, झांसी के कार्यालय में समाचार पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर जमा करें।
**नोट:** उपरोक्त विस्तारित विज्ञापन उत्तर मध्य रेलवे के वेबसाइट **http.//www.ncr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है।
**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक**
**उत्तर मध्य रेलवे, झांसी**
734/26(DG)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## संक्षिप्त खबरें

### डीजीपी को सौंपे तीन नेशनल अवार्ड




जागरण, भोपाल। नई दिल्ली में आयोजित 106वें स्कॉच समिट में प्रदेश पुलिस को मिले तीन नेशनल अवार्ड्स गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में औपचारिक रूप से डीजीपी कैलाश मकवाणा को सौंपे गए। एडीजी एससीआरबी जयदीप प्रसाद, एडीजी नारकोटिक्स डी श्रीनिवास वर्मा और पुलिस कमिश्नर भोपाल संजय कुमार ने डीजीपी को ये सम्मान भेंट किए। विगत 28 मार्च को दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में मध्यप्रदेश पुलिस के नशे से दूरी है जरूरी जन-जागरूकता अभियान, डिजिटल गवर्नेंस और साइबर अपराध नियंत्रण के लिए तीन अलग श्रेणियों में पुरस्कार मिले थे। इस दौरान डीजीपी ने पूरी टीम और पुलिस बल को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान टीमवर्क और जनता की सेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

### हज की तीसरी किस्त 6 तक हो सकेगी जमा

जागरण, भोपाल। हज-2026 पर जाने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। मध्य प्रदेश राज्य हज कमेटी ने बकाया शेष राशि की तीसरी किस्त जमा करने की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। पहले यह तिथि 31 मार्च थी, जिसे अब बढ़ाकर 6 अप्रैल कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, हज कमेटी ऑफ इंडिया ने चयनित हज यात्रियों को अतिरिक्त समय दिया गया है, ताकि वे शेष राशि समय पर जमा कर सकें और प्रक्रिया पूरी कर सकें। हज यात्री आधिकारिक वेबसाइट या हज सुविधा ऐप के माध्यम से लॉग-इन कर अपनी देय राशि का सत्यापन कर सकते हैं। भुगतान ऑनलाइन माध्यम- क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और नेट बैंकिंग से किया जा सकता है। इसके अलावा, निर्धारित पे-इन-स्लिप के जरिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया या यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखाओं में भी राशि जमा की जा सकती है। जमा रसीद पर बैंक रेफरेंस नंबर स्पष्ट रूप से दर्ज होना जरूरी होगा। हज कमेटी ने स्पष्ट किया है कि फ्लाइट बुकिंग तभी होगी, जब यात्री पूरी बकाया राशि जमा कर देंगे।

# दागियों ने राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस को मुसीबत में डाला

## परेशानी: निर्मला के बागी तेवर, मल्होत्रा वोट डालने से वंचित, दो और विधायकों के खिलाफ न्यायालयों में चल रहे हैं प्रकरण

विशेष संवाददाता, भोपाल। राज्यसभा चुनाव से पहले कांग्रेस एक के बाद एक मुसीबत में फंसती जा रही है। दो विधायकों के खिलाफ न्यायालय के फैसलों ने पार्टी को जहां मुसीबत में डाल दिया है, तो वहीं अपने उन विधायकों को लेकर भी डर सताने लगा है जिनके खिलाफ मामले न्यायालयों में लंबित हैं। गौरतलब है कि दतिया विधायक राजेंद्र भारती को एक मामले में न्यायालय ने दोषी ठहराते हुए शुक्रवार को तीन साल की सजा सुनाई है। ऐसे में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 के तहत उनकी सदस्यता समाप्त होगी, बशर्ते उन्हें हाईकोर्ट से स्टे न मिले। इस मामले में कांग्रेस और राजेन्द्र भारती को लेकर हाईकोर्ट का जल्द ही दरवाजा खटखटा सकती है। इससे पहले श्योपुर जिले के विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा की विधायकी हाईकोर्ट के स्टे पर बची हुई है, लेकिन उन्हें राज्यसभा के लिए मतदान देने से वंचित रखा गया है। कांग्रेस के इन दो विधायकों के अलावा रीवा जिले





के सेमरिया विधायक अभय मिश्रा का मामला भी न्यायिक प्रक्रिया में है। अपने खिलाफ लगाई गई याचिका को खारिज करने की अपील करने पर मिश्रा को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। मिश्रा के खिलाफ लगाई गई याचिका में कहा गया है कि उनके द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान भरे गए नामांकन के साथ दिए गए शपथ पत्र (फार्म 26) में कई महत्वपूर्ण जानकारियां छिपाई हैं। उन्होंने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों का उल्लेख नहीं किया और कॉलम में नॉट एप्लीकेवल लिखा। इधर भोपाल मध्य से विधायक आरिफ मसूद के खिलाफ भी मामला न्यायालय में विचाराधीन बताया गया है। उन पर भी अपने नामांकन में अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामला छिपाने का आरोप है।

### ये सब राज्यसभा के लिए हो रहा: सिंघार



नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि मध्यप्रदेश में मई माह में होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा की मंशा अब खुलकर सामने आ रही है। चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस विधायकों को तोड़ने और खरीदने की कोशिश की जा रही है और जब यह प्रयास सफल नहीं हो रहा, तो उनके खिलाफ पुराने मामलों को हथियार बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती को 25 साल पुराने मामले में सजा सुनाकर दिल्ली में गिरफ्तारी हुई, जबकि पूर्व भाजपा विधायक नरोत्तम मिश्रा का पेड न्यूज का मामला वर्षो से सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, यह दोहरे मापदंड साफ दिखाता है। सिंघार ने सोशल मीडिया में इस बात का उल्लेख करते हुए कहा कि इसी तरह विजयपुर के विधायक मुकेश मल्होत्रा के मामले में उन्हें राज्यसभा चुनाव में मतदान से वंचित कर दिया गया। इसी तरह सेमरिया विधायक अभय मिश्रा और भोपाल मध्य विधायक आरिफ मसूद के पुराने मामलों को अचानक सक्रिय किया जाना भाजपा की सत्ता के लिए भूख दिख रही है। यानि कि जो विधायक भाजपा के दवाब में नहीं आ रहे,उन्हें जबरन पुराने या झूठे कार्यवाही के जरिए चुनाव प्रक्रिया से बाहर करने की साजिश रची जा रही है।

### कांग्रेस के 38 विधायकों पर मामले

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म(एडीआर) की वर्ष 2023 की रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश के 230 विधायकों में से 40 प्रतिशत यानि कि 93 विधायकों में आपराधिक मामले दर्ज है। इनमें से कांग्रेस के 39 विधायक है,इनमें से 17 पर गंभीर आरोप है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इनमें से कई विधायकों पर हत्या,हत्या के प्रयास और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर मामले दर्ज है। बालाघाट की विधायक अनुभा मुंजारे पर 3 मामले दर्ज है। इनके अलावा लखन घनघोरिया के खिलाफ 4 मामले,मुरैना से विधायक दिनेश गुर्जर पर 6 मामले और डबरा से विधायक सुरेश राजे पर भी आपराधिक मामले दर्ज है। जिसे लेकर कांग्रेस के अंदरखाने में खलबली मची हुई है। हालांकि कांग्रेस अपने इन विधायकों के साथ खड़ी हुई है। मल्होत्रा के मामले में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मजबूती से पक्ष रखा है।

### राज्यसभा के लिए यह है समीकरण

मध्यप्रदेश विधानसभा में संख्या बल के आधार पर कांग्रेस को एक सीट जीतने के लिए 58 मतों की जरूरत है। वर्तमान में कांग्रेस के पास 66 विधायक हैं, इनमें से एक विधायक निर्मला सप्रे की पहले ही भाजपा से नजदीकियां बताई जा रही हैं। हालांकि पिछले दिनों सप्रे ने न्यायालय में यह दावा किया है कि वह कांग्रेस में ही हैं, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता कि राज्यसभा चुनाव में उनका वोट कांग्रेस को मिलेगा ही। ऐसे में कांग्रेस उन्हें पहले ही माइनस मानकर चल रही है। इसके अलावा मुकेश मल्होत्रा भी वोट नहीं दे पाएंगे। राजेन्द्र भारती के मतदान पर हाईकोर्ट के निर्णय पर फैसला हो सकता है। इस तरह फिलहाल कांग्रेस के पास 63 सदस्य हैं, जो बहुमत से पांच ज्यादा। कांग्रेस को यह भी डर है कि दूसरे राज्यों की तरह मध्यप्रदेश के राज्यसभा चुनाव में भी पार्टी के कुछ रुठे विधायक क्रास वोटिंग न कर दें। जिससे उनकी एक सीट पर दावेदारी पर भी खतरा हो जाए।

# कर्मचारियों को 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने के आदेश जारी

## 12 लाख अधिकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स को मिलेगा लाभ, छह माह में दिया जाएगा एरियर

जागरण, भोपाल। राज्य शासन ने प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनर्स को 3 प्रतिशत मंहगाई भत्ता और मंहगाई राहत देने का रास्ता साफ कर दिया है। गुरुवार को वित्त विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया। पिछले दिनों मध्यप्रदेश कैबिनेट ने इस प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगाई थी। आदेश के मुताबिक कर्मचारियों को 4 हजार 230 रुपए बढ़ा हुआ वेतन मिलेगा। वित्त विभाग के आदेशानुसार सातवें वेतनमान के अंतर्गत प्रदेश के 12 लाख कर्मचारियों और पेंशनर्स को 3 प्रतिशत मंहगाई भत्ता और मंहगाई राहत में वृद्धि की जाएगी, यह वृद्धि 1 जुलाई 2025 से मानी जाएगी। पहले कर्मचारियों को 55 प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिया जाता था,जो इस वृद्धि के बाद 58 प्रतिशत हो गई है। बढ़े हुए मंहगाई भत्ते का लाभ कर्मचारियों को अप्रैल 2026 से यानि कि उन्हें मई माह में मिलने वाले वेतन से मिलना शुरु होगा। जबकि 1 जुलाई



2025 से मार्च 2026 तक की अवधि का एरियर सरकार छह समान किस्तों में देगी। यह भुगतान मई, जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर माह के वेतन के साथ दिया जाएगा। आदेश में वित्त विभाग से साफ किया है कि जो कर्मचारी 1 जुलाई 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच सेवानिवृत्त हो चुके है या जिनका निधन हो गया है,उनके नामांकित सदस्य को एरियर की पूरी राशि का भुगतान एक मुश्त किया जाएगा। आदेश में यह भी लिखा गया है कि मंहगाई भत्ते की गणना में यदि राशि 50 पैसे या उससे अधिक हैं,तो उसे अगले उच्चतर रुपए में पूर्णांकित किा जाएगा। जबकि 50 पैसे से कम की राशि को छोड़ दिया जाएगा। इसके अलावा मंहगाई भत्ता किसी अन्य उद्देश्य के लिए वेतन का हिस्सा नहीं माना जाएगा। विभागों को यह निर्देश दिए गए हैं कि इस बढ़े हुए खर्च का भुगतान चालू वित्तीय वर्ष के स्वीकृत बजट प्रावधानों के अंदर ही किया जाएगा।

### हर महीने इतना मिलेगा वेतन

आदेश जारी होने के बाद अब कर्मचारियों को प्रत्येक माह 465 रुपए से 4,230 रुपए तक बढ़ा हुआ वेतन मिलेगा। जबकि उन्हें एरियर के तौर पर 4,185 रुपए से 38 हजार 70 रुपए कर्मचारी को नियत माह तक मिलेगा। इस वृद्धि के बाद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को 465 से 556 रुपए,तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों को 585 से 1473 रुपए,द्वितीय श्रेणी के कर्मचारियों को 1683 रुपए से 2019 रुपए और प्रथम श्रेणी अधिकारियों को 2397 से 4230 रुपए का लाभ मिलेगा। जबकि इन कर्मचारियों को एरियर के रुप में मिलने वाली राशि में चतुर्थ श्रेणी को 4185 से 5400 रुपए,तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के 5265 से 13500 रुपए,द्वितीय श्रेणी अधिकारियों को 15150 रुपए से लेकर 18200 रुपए और प्रथम श्रेणी अधिकारियों को 21573 से 38070 रुपए नियत माह तक देय होंगे।

# विक्रमोत्सव-2026: वाराणसी में आज सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन

## बाबा विश्वनाथ को मुख्यमंत्री करेंगे विक्रमादित्य वैदिक घड़ी अर्पित

जागरण, भोपाल। विक्रमोत्सव-2026 अंतर्गत उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य के सुशासन और न्यायप्रियता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए शुक्रवार 3 अप्रैल को वाराणसी में सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का भव्य मंचन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य आतिथ्य में तीन दिवसीय सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य का शुभारंभ होगा। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के माध्यम से वाराणसी के बीएलडब्ल्यू मैदान में होने वाले महानाट्य की परिकल्पना मुख्यमंत्री की है। पद्मश्री डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित द्वारा रचित और राजेश कुशवाहा द्वारा निर्मित और संजीव मालवी के निर्देशन में प्रस्तुत महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य भारत की सांस्कृतिक चेतना को जगाने वाला अनुभव है। इसमें 200 से ज्यादा कलाकार हाथी, घोड़े, रथ, पालकियां, भव्य युद्ध, लाइट शो, आतिशबाजी नृत्य और बाबा महाकाल की भस्म आरती की दिव्य झलकियां शामिल हैं। महान सम्राट विक्रमादित्य के जन्म से राजतिलक तक की गाथा, विक्रम बेताल की कथा और सनातन धर्म के उत्थान की महाकाव्य कथा इस महानाट्य में जीवंत होती है। महानाट्य को विराट और जीवंत स्वरूप प्रदान करने तीन मंचों का निर्माण किया जा रहा है। इन पर सिंहासन बत्तीसी, बेताल पच्चीसी और भविष्य पुराण के प्रसंगों से विक्रमादित्य के व्यक्तित्व, सुशासन व न्यायप्रियता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही उनके दरबार के नवरत्न-कालिदास, वराहमिहिर सहित अन्य विद्वानों की विद्वता का भी सजीव प्रस्तुतिकरण होगा।

# भाजपा ने 11 विधायकों को बनाया प्रदेश प्रवक्ता, पुराने को भी मौका

## नेहा, राजपाल और आशीष को नहीं मिली जगह

विशेष संवाददाता, भोपाल। प्रदेश भाजपा ने गुरुवार को अपनी नई मीडिया टीम की घोषणा कर दी। नई टीम में अधिकांश पुराने चेहरों को जगह दी गई है। हालांकि विधायक खातेगांव आशीष शर्मा और नेहा बग्गा को इस टीम में मौका नहीं मिल सका है। पार्टी ने अपने 11 विधायकों और 5 पूर्व विधायकों को प्रदेश प्रवक्ता बनाया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल द्वारा जारी सूची में विधायक अर्चना चिटनिस,कुंवर सिंह टेकाम, ऊषा ठाकुर, गौरव पारथी, नीरज सिंह लोधी, संदीप जायसवाल,संतोष बरकड़े, दिलीप परिहार, संजय शाह, योगेश पंडाग्रे, छाया मोरे, पूर्व विधायकों में कल सिंह भाबर,यशपाल सिंह सिसौदिया,घनश्याम पिरोनिया, रामलाल को भी प्रवक्ता का दायित्व सौंपा गया है। इनके अलावा पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. हितेश वाजेपयी,पंकज चतुर्वेदी, गुलरेज शेख, विवेक गुप्ता, दुर्गेश केसवानी, मंजरी जैन, कल्पेश ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ताओं को भी प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है। सूची में विधायक आशीष शर्मा, राजपाल सिंह सिसौदिया और नेहा बग्गा का नाम नहीं है। यह दोनों पुरानी टीम में प्रवक्ता थे। 42 प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट के नाम भी घोषित किए गए हैं। इनमें ब्रजेश पाण्डेय, योगेश गुप्ता, गुंजन चौकसे, सत्येन्द्र जैन, शिवम शुक्ला, प्रियंका दुबे,महेश शर्मा, कृष्णगोपाल पाठक, रश्मि अग्रवाल, मनस्वी पाटीदार, विकास जैन, माही भजनी आदि कार्यकर्ताओं को सूची में शामिल किया गया है।

**8 सह मीडिया प्रभारी बनाए गए:** सूची में 8 सहमीडिया प्रभारी भी बनाए गए है। इनमें प्रवक्ता रहे बृजगोपाल लोया, मिलन भार्गव, आलोक दुबे, राकेश पांडया, राजलखन सिंह, विशाल बन्ना, पवन दुबे, श्रीकांत साहू और प्रदीप राजौरिया को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## 22 हजार प्राइवेट स्कूलों में बिना फीस के पढ़ सकेंगे बच्चे, 15 के बाद दूसरा चरण

# आरटीई: लॉटरी से प्रदेशभर में 1.06 लाख बच्चों को आवंटित किए स्कूल

जागरण, भोपाल। मध्य प्रदेश में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए गुरुवार को ऑनलाइन लॉटरी के जरिए 1 लाख 6 हजार बच्चों को स्कूल आवंटित कर दिए गए। यह प्रक्रिया राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा ऑनलाइन आयोजित की गई। प्रदेश के करीब 22 हजार निजी स्कूलों में 1 लाख 22 हजार 551 सीटों के लिए कुल 1 लाख 78 हजार 714 आवेदन प्राप्त हुए थे। सत्यापन के बाद पात्र बच्चों को लॉटरी के जरिए स्कूल आवंटित किए गए। लॉटरी के जरिए आवंटन में करीब 51 हजार बच्चों को उनकी पहली पसंद के स्कूल मिले हैं। शेष बच्चों को उपलब्ध विकल्पों के आधार पर अन्य स्कूल आवंटित किए गए।




राज्य शिक्षा केंद्र ने प्रक्रिया सिंगल क्लिक सिस्टम के माध्यम से पूरी की। आवंटन के बाद अभिभावक आरटीई पोर्टल पर जाकर स्कूल की जानकारी देख सकते हैं और आवंटन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अभिभावकों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भी स्कूल आवंटन की सूचना भेजी गई है, जिससे उन्हें तुरंत जानकारी मिल सके।

### 3 से 15 अप्रैल तक प्रवेश प्रक्रिया

जिन बच्चों को स्कूल आवंटित हुआ है, उनके अभिभावकों को 3 अप्रैल से 15 अप्रैल के बीच संबंधित स्कूल में जाकर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इस दौरान आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य रहेगा। स्कूल स्तर पर एडमिशन के दौरान मोबाइल ऐप के जरिए छात्र की उपस्थिति दर्ज की जाएगी। फोटो और ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### स्कूल ने मना किया तो कार्रवाई

यदि कोई निजी स्कूल प्रवेश देने से इनकार करता है, तो अभिभावक जिला परियोजना समन्वयक या बीआरसी कार्यालय में शिकायत कर सकते हैं। ऐसे मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जिन बच्चों को पहले चरण में सीट नहीं मिली, वे 15 अप्रैल के बाद दोबारा विकल्प भर सकेंगे। रिक्त सीटों पर दूसरे चरण में फिर से लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की जाएगी।

# 6 माह इंतजार के बाद 20 अफसर बने आईएफएस

जागरण, भोपाल। राज्य वन सेवा (एसएफएस) के 20 सीनियर अफसरों को भारतीय वन सेवा (आईएफएस) में प्रमोट किया गया है। ये अफसर एक साल से प्रमोशन का इंतजार कर रहे थे। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इस संबंध में आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इनकी पदोन्नति को लेकर डिपार्टमेंटल प्रमोशन कमेटी की बैठक छह माह पहले 9 अक्टूबर 2025 को आयोजित की गई थी। छह माह से दिल्ली में अटके इस नोटिफिकेशन के जारी होते ही ये नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं। यह प्रमोशन साल 2023 और 2024 की चयन सूची के आधार पर किया गया है। नोटिफिकेशन के अनुसार, पदोन्नत अधिकारियों को दो अलग-अलग वर्षों के कैडर में विभाजित किया गया है। भले ही इन अफसरों के प्रमोशन के आदेश जारी हो गए हैं, लेकिन यह पूरी प्रक्रिया फिलहाल अदालती निर्णयों के दायरे में है। नोटिफिकेशन में साफ किया गया है कि यह चयन सुप्रीम कोर्ट और अन्य न्यायालयों में लंबित मामलों के अंतिम फैसले के अधीन रहेगा। इस मामले में मध्य प्रदेश सरकार और अन्य पक्षकारों द्वारा दायर याचिकाएँ विचाराधीन हैं।

### ये 2023 बैच के आईएफएस बने

माधव सिंह मोर्या, ज्योति मुदिया, हरीश चंद बघेल, शीतल प्रसाद शाक्य, भानु प्रकाश बाथमा, राम किशन सोलंकी, रेशम सिंह धुर्वे, सुंदरदास सोनवानी और योहन कटारा।

### इनको 2024 बैच आवंटित

विद्या भूषण मिश्रा, राजवेंद्र मिश्रा, अनुभा त्रिवेदी, जया पांडे (त्रिपाठी), मुकेश पटेल, धीरेंद्र प्रताप सिंह, मनोज कुमार सिंह, लाल सुधाकर सिंह, शिको राही (किचौलिया), विजेंद्र खोब्रागड़े और भरत सोलंकी।

**योजना** मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना को लेकर बना संशय सरकार ने किया साफ

# दो जिलों में उलझे पुनर्विवाह सहायता के आवेदन अब पति के गृह जिले से ही मिल सकेगी राशि

जागरण, भोपाल। मध्यप्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना को लेकर बना संशय सरकार ने साफ कर दिया है। इस योजना के तहत कई पात्र महिलाओं के आवेदन केवल इसलिए रिजेक्ट हो रहे थे क्योंकि वे दो जिलों के फेर में उलझे थे। एक जिला वह जहां महिला का मायका या पुराना घर था, और दूसरा वह जहां विवाह संपन्न हुआ। अब सरकार ने साफ कर दिया है कि कल्याणी को सहायता राशि के लिए अपने पति के जिले में ही आवेदन करना होगा। दरअसल इस मामले में हरदा कलेक्टर ने विभाग से इस गंभीर समस्या पर मार्गदर्शन मांगा था। कई मामलों में यह देखा गया कि महिला की समग्र आईडी पुराने जिले में थी, जबकि विवाह किसी अन्य जिले में हुआ था। पुराने नियमों के अस्पष्ट होने के कारण आवेदन एक जिले से दूसरे जिले के चक्कर काट रहे थे और बाद में रिजेक्ट कर दिए जाते थे। ऐसे लगभग 1000 से ज्यादा आवेदन रिजेक्ट हो चुके हैं।




### विभाग की व्यवस्था, महिला को आधार के साथ समग्र भी कराना होगा अपडेट

अब विभाग ने साफ कर दिया है कि इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन केवल उसी जिला अधिकारी के लॉगिन पर दिखेगा, जहां उसकी वर्तमान समग्र आईडी है। नए निर्देशों के अनुसार, अब आवेदन के लिए महिला और उसके नए पति की समग्र परिवार आईडी एक ही होना अनिवार्य है। इसमें भी पति-पत्नी दोनों का समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी होना जरूरी है, इसके बिना आवेदन नहीं किया जा सकेगा। विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि पोर्टल पर दोनों की स्थिति विवाहित दर्ज होनी चाहिए और महिला अपने पति के साथ जिस जिले में निवासरत है, वहीं का जिला अधिकारी आवेदन का निराकरण और भुगतान करेगा।

### पूर्व पति के निधन का प्रमाण पत्र भी देना होगा अनिवार्य

विभाग ने स्पष्ट किया है कि आधार ई-केवायसी अनिवार्य होने से अब डुप्लीकेट या दोहरा भुगतान होने की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। आवेदन के समय आवेदिका को पूर्व पति का मृत्यु प्रमाण-पत्र, पुनर्विवाह का प्रमाण-पत्र, शपथ-पत्र और बैंक पासबुक जैसे दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करने होंगे। विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे आवेदनों का भौतिक सत्यापन कराएं और पात्रता सुनिश्चित होने पर तत्काल भुगतान की कार्यवाही करें। इस योजना के तहत विधवा महिलाओं (कल्याणी) के पुनर्विवाह के लिए ?2 लाख की वित्तीय सहायता उनके बैंक खाते में सीधे जमा की जाती है। यह योजना 18 वर्ष से अधिक आयु की मूल निवासी कल्याणी महिलाओं को को मिलती है अगर वे शासकीय कर्मचारी न हों। योजना की शर्त के अनुसार आवेदक महिला मध्य प्रदेश की मूल निवासी होनी चाहिए और उसे आयकरदाता नहीं होना चाहिए। इसके अलावा यह भी सर्त है कि वह जिस व्यक्ति से विवाह करे, उसकी पहले से कोई पत्नी न हो। इस योजना का लाभ केवल एक बार पुनर्विवाह पर ही मिलता है।

# 11 राउंड के बाद भी नीलाम नहीं हो पाईं 5080 करोड़ की 900 शराब दुकानें

जागरण, भोपाल। प्रदेश में बुधवार की देर रात तक चली शराब दुकानों की नीलामी के 11 राउंड पूरे होने के बाद भी 900 से ज्यादा शराब दुकानें बिक नहीं पाईं। इसके बाद अब सरकार ने इन शेष दुकानों के लिए रिजर्व प्राइज को तीस फीसदी घटा दिया है। आबकारी विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, अब इन दुकानों के लिए 12वें राउंड में केवल ई-टेंडर के जरिए ऑक्शन होगा, जिसमें रिजर्व प्राइज से तीस फीसदी तक कम दरों पर बोली लगाई जा सकेगी। ये ई-टेंडर गुरुवार को दोपहर 2 बजे तक भरे जा सकते हैं और उसी दिन शाम को खोले जाएंगे। आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, अब तक 1200 समूहों की लगभग 2600 दुकानों के ठेके अलॉट हो गए हैं। सरकार ने इस बार शराब दुकानों के ठेकों से कुल 19952.89 करोड़ के रेवेन्यू कलेक्शन का टारगेट रखा था, जिसमें से अब तक केवल 15409.94 करोड़ का राजस्व ही मिल पाया है।

### रिजर्व प्राइज घटाने से टारगेट हासिल करना मुश्किल

प्रदेश की जिन 900 शराब दुकानों के लिए 12वें राउंड में ई-टेंडर किए जा रहे हैं, उनकी रिजर्व प्राइज लगभग 5080 करोड़ थी। अब रिजर्व प्राइज में 30 फीसदी कटौती को मंजूरी दी गई है, ऐसे में सरकार अपने टारगेट से लगभग एक हजार करोड़ पीछे रह सकती है। अगर शराब के ठेकों की नीलामी की बात करें तो प्रदेश में पहले से पांचवें चरण के दौरान नीलाम हुई शराब दुकानों के जरिए रिजर्व प्राइज से ज्यादा का रेवेन्यू मिला था, वहीं छठे से 10वें राउंड में आरक्षित मूल्य से कम राजस्व हासिल हुआ है। प्रदेश में इस साल ठेकेदारों द्वारा शराब दुकानों में रुचि न लेने के कारण सरकार ने शराब दुकानों का रिजर्व प्राइज पहले 15 और फिर 20 फीसदी घटाया था। अब शेष बची दुकानों के लिए इसे 30 फीसदी तक कम किया गया है।

### भोपाल में 87 में से 21 दुकानों का होगा ई-टेंडर

गुरुवार तक भोपाल की 87 शराब दुकानों में से 66 नीलाम हो गई हैं और इन्हें ठेकेदारों को अलॉट कर दिया गया है। भोपाल में 10वें और 11वें राउंड में केवल 24 दुकानों की नीलामी बची थी। इस दौर में सभी शेष दुकानों के टेंडर आ गए थे, लेकिन इनमें से केवल तीन टेंडर ही मंजूर किए गए हैं, जो बीस फीसदी की कटौती के बाद तय रिजर्व प्राइज से ज्यादा के थे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

**बंगाली का हक बांग्लादेशी...**

करने को मजबूर हैं। यहां का युवा कंगाल हो गया है और बांग्लादेशी मालामाल हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया भारत का बढ़ता हुआ कद और उसका मान-सम्मान देख रही है। बांग्लादेश से घुसपैठिए आ रहे हैं और हमारे अधिकारों पर कब्जा कर रहे हैं। बांग्लादेश के लोगों के लिए बंगाल में कोई जगह नहीं बची है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दुनिया भर में हाहाकार मचा हुआ है। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ गए हैं,लेकिन हमारा देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार फल-फूल रहा है। वो जमाना गया,जब आतंकवादी महानगरों में विस्फोट करके चले जाते थे,आज भारत पाकिस्तान के अदंर घुसकर आतंवादियों को खत्म करता है। उन्होंने कहा कि आज ममता दीदी ने 77 समुदाय की ओबीसी लिस्ट में मुस्लिम जातियां जोड़ दी,हिन्दुओं को नहीं जोड़ा,मैं पूछना चाहता हूं कि वोट के लिए ऐसा पागलपन क्यों किया। इसलिए अब बंगाल के लोगों ने भाजपा की सत्ता लाने की कसम खाई है। अब ममता दीदी को बाय-बाय करने का टाइम आ गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### नीतीश से मिले तेजस्वी के बागी विधायक

**पटना, जेएनएन।** बिहार की राजनीति में अप्रैल 2026 की शुरुआत में एक बड़ा घटनाक्रम हुआ है, जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विधान परिषद पद से इस्तीफे और आरजेडी में मची भगदड़ ने नई सरकार की सुगबुगाहट तेज कर दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 30 मार्च को अपने विधान परिषद पद से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के अनुसार, वे 10 अप्रैल 2026 को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ले सकते हैं और उसके बाद मुख्यमंत्री पद से भी इस्तीफा दे सकते हैं। तेजस्वी यादव के करीब माने जाने वाले विधायक फैसल रहमान ने पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की है। भाजपा प्रवक्ताओं का दावा है कि आरजेडी और कांग्रेस में भगदड़ मचने वाली है और कई विधायक जल्द एनडीए में शामिल हो सकते हैं।

### नेपाल में एवरेस्ट रेस्क्यू स्कैंडल का भंडाफोड़

**काठमांडू, जेएनएन।** नेपाल पुलिस के केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीआईबी) ने माउंट एवरेस्ट और अन्य हिमालयी क्षेत्रों में एक बड़े 'रेस्क्यू स्कैम' का भंडाफोड़ किया है। इस धोखाधड़ी के तहत पर्यटकों को जानबूझकर बीमार किया जाता था ताकि उनसे और बीमा कंपनियों से मोटा पैसा वसूला जा सके। जांच में सामने आया है कि यह एक संगठित अपराध था जिसमें ट्रेकिंग गाइड, हेलिकॉप्टर ऑपरेटर और निजी अस्पताल शामिल थे। ट्रेकिंग गाइड पर्यटकों के खाने या चाय में बेकिंग सोडा मिला देते थे। बेकिंग सोडा के कारण पर्यटकों को गंभीर पेट दर्द, उल्टी और कमजोरी होने लगती थी, जो काफी हद तक एल्टीट्यूड सिकनेस (ऊंचाई पर होने वाली बीमारी) जैसे लगते थे।

चैटजीपीटी पर कॉपी का आरोप

### एएनआई-ओपनएआई केस में फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली हाईकोर्ट ने न्यूज एजेंसी एएनआई, ओपनएआई के बीच चल रहे महत्वपूर्ण कॉपीराइट विवाद में सुनवाई पूरी कर ली है और फैसला सुरक्षित रख लिया है। यह मामला एआई और कॉपीराइट कानून से जुड़ा देश का पहला बड़ा केस माना जा रहा है। एएनआई ने आरोप लगाया है कि ओपनएआई ने एआई मॉडल चैटजीपीटी को ट्रेन करने के लिए उसकी खबरों का इस्तेमाल किया। एजेंसी का कहना है कि ओपनएआई ने वेब टूल्स के जरिए उसका कंटेंट एकत्र किया और बिना अनुमति व भुगतान के उसका उपयोग किया, जो कॉपीराइट कानून और 'फेयर डीलिंग' के दायरे में नहीं आता। ओपन एआई ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि चैट जीपीटी पूरा आर्टिकल कॉपी नहीं करता, बल्कि सिस्टम इंटरनेट पर उपलब्ध डेटा से केवल पैटर्न और भाषा सीखता है। आगे की ट्रेनिंग के लिए एएनआई को ब्लॉक कर दिया है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को निर्देश

### हटाए जाएं हनी सिंह और बादशाह के विवादित गाने



**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली हाईकोर्ट ने रैपर हनी सिंह और सिंगर बादशाह के एक पुराने विवादित गाने को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए उसे सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म से हटाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि गाने के बोल बेहद अश्लील, अभद्र और महिलाओं के प्रति अपमानजनक हैं, जो किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकते। यह गाना साल 2000 के आसपास का बताया जा रहा है, जब हनी सिंह और बादशाह 'माफिया मुंडीर' नाम के ग्रुप के तहत साथ काम करते थे। दोनों ने कई लोकप्रिय गाने बनाए, लेकिन यह खास गाना अपने आपत्तिजनक शब्दों के कारण विवादों में आ गया।

# आर्टेमिस 2 मिशन लॉन्च, चांद का चक्कर लगाने 4 एस्ट्रोनॉट्स रवाना



फ्लोरिडा के केप कैनावेरल में केनेडी स्पेस सेंटर से आर्टेमिस-2 मिशन पर ओरियन स्पेसक्राफ्ट को ले जा रहे नासा के स्पेस लॉन्च सिस्टम (रॉकेट) के उड़ान भरने के दौरान एकत्र लोग।

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने 52 साल बाद इंसान को फिर से चांद के करीब भेजने के लिए अपना ऐतिहासिक आर्टेमिस-2 मिशन सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। यह मिशन 1 अप्रैल, 2026 को (भारतीय समयानुसार 2 अप्रैल सुबह) फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से रवाना हुआ। यह 10 दिनों का एक 'लूनर फ्लाईबी' मिशन है, जिसमें अंतरिक्ष यात्री चांद की सतह पर नहीं उतरेंगे, बल्कि उसके चारों ओर चक्कर लगाकर वापस धरती पर लौटेंगे। यह मिशन इंसानों को पृथ्वी से अब तक की सबसे लंबी दूरी (लगभग 4 लाख किलोमीटर) तक ले जा सकता है, जो 1970 के अपोलो 13 के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ सकता है। यात्रियों को नासा के सबसे शक्तिशाली रॉकेट स्पेस लॉन्च सिस्टम (एसएलएस) और ओरियन कैप्सूल के जरिए भेजा गया है? इस मिशन में चार अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं, जिनमें पहली बार एक महिला, एक अश्वेत व्यक्ति और एक गैर-अमेरिकी (कनाडाई) अंतरिक्ष यात्री चांद के मिशन पर जा रहे हैं। रीड वाइसमैन मिशन कमांडर, विक्टर ग्लोवर पायलट, चांद के मिशन पर जाने वाले पहले अश्वेत अंतरिक्ष यात्री, क्रिस्टीना कोच मिशन स्पेशलिस्ट, चांद के मिशन पर जाने वाली पहली महिला। जेरेमी हैनसेन मिशन स्पेशलिस्ट, चांद के करीब जाने वाले पहले कनाडाई नागरिक शामिल हैं।

**अगला पड़ाव :** ओरियन कैप्सूल के 6 अप्रैल तक चांद के करीब पहुंचने की उम्मीद है। यह मिशन सफल होने पर 2028 में होने वाले आर्टेमिस-3 मिशन का रास्ता साफ करेगा, जिसके तहत इंसानों को फिर से चांद की सतह पर उतारा जाएगा।

# पश्चिम एशिया: ईरान जंग में अपने मकसद से कितने दूर राष्ट्रपति ट्रंप

## पहले ही दिन खामेनेई की हत्या, मिसाइल इंडस्ट्री तबाह, लेकिन परमाणु खतरा बरकरार

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में घोषणा की कि ईरान के खिलाफ उनके मुख्य रणनीतिक उद्देश्य समाप्ति के करीब हैं। 28 फरवरी, 2026 को शुरू हुए 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के माध्यम से ट्रंप प्रशासन ने 5 लक्ष्यों पर अपनी प्रगति साझा की है। ट्रंप और अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने पुष्टि की है कि युद्ध के शुरुआती दिनों (फरवरी के अंत/मार्च की शुरुआत) में अमेरिकी-इजरायली हवाई हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई मारे गए थे। उनके स्थान पर उनके बेटे मोजतबा खामेनेई को नया सर्वोच्च नेता बनाया गया है। ट्रंप के अनुसार, ईरान की 90 फीसदी मिसाइलें और लॉन्चर नष्ट कर दिए गए हैं। ड्रोन और मिसाइल बनाने वाली फैक्ट्रियां भी भारी बमबारी के बाद अब लगभग



निष्क्रिय हैं। हालांकि, ईरान अभी भी छिटपुट मिसाइल हमले और ड्रोन लॉन्च करने की क्षमता रखता है। अमेरिकी सेना का दावा है कि उन्होंने ईरानी नौसेना को 'मिटा दिया' है और उनकी वायु सेना खंडहर में तब्दील हो गई है। एक प्रमुख अभियान में श्रीलंकाई तट के पास अमेरिकी पनडुब्बी ने ईरानी विध्वंसक आईरिस देना को डुबो दिया था।

### 1200 भारतीयों को निकाला

पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच भारत सरकार ने 1200 से अधिक नागरिकों को ईरान से निकाला है, जिनमें से बड़ी संख्या में छात्र हैं। विदेश मंत्रालय द्वारा प्रबंधित इस आपातकालीन निकासी अभियान में नागरिकों को सड़क मार्ग से आर्मेनिया (लगभग 996) और अजरबैजान (204) ले जाया गया, क्योंकि ईरान से सीधी उड़ानें सीमित कर दी गई थीं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को पुष्टि की कि निकाले गए 1,200 से अधिक लोगों में से 845 छात्र हैं, और ईरान में फंसे लोगों के लिए प्रयास जारी हैं। ईरानी हवाई क्षेत्र को बंद करने के बाद, आर्मेनिया और अजरबैजान के साथ भूमि सीमाओं के माध्यम से निकासी को सुगम बनाया गया है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास छात्रों, तीर्थयात्रियों, पेशेवरों सहित भारतीय समुदाय के साथ संपर्क में है, ताकि उन्हें सुरक्षित क्षेत्रों में ले जाने अंततः स्वदेश वापसी में सुविधा प्रदान की जा सके।

### हम अकेले जिसने होर्मुज में नाविक खोए : भारत

ब्रिटेन की पहल पर होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए एक बड़ी ऑनलाइन बैठक हुई, जिसमें 60 से ज्यादा देशों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में भारत की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिसरी शामिल हुए। बैठक में मिसरी ने कहा, होर्मुज संकट में अब तक सिर्फ भारत के ही नागरिक मारे गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, होर्मुज संकट में अब तक 3 भारतीय नाविक मारे जा चुके हैं, ये सभी विदेशी जहाजों पर काम कर रहे थे। भारत ने कहा कि इस पूरे संकट का हल सिर्फ बातचीत और शांति से ही निकल सकता है। भारत ने सभी देशों से अपील की कि तनाव कम करें और आपसी बातचीत के जरिए रास्ता निकालें। इससे पहले ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा था कि होर्मुज स्ट्रेट उनके कंट्रोल में है और यह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बेतुके बयानों से नहीं खुलेगा। यह रास्ता तभी खुलेगा जब उसकी शर्तें मानी जाएंगी।

बर्थराइट सिटिजनशिप केस

### अमेरिका में पहली बार कोई राष्ट्रपति पहुंचा कोर्ट

अमेरिका में एक अभूतपूर्व घटनाक्रम देखने को मिला, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में पहुंचे। यह पहली बार है जब कोई मौजूदा राष्ट्रपति अपने ही फैसले से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में मौजूद रहा। यह मामला जन्म के आधार पर मिलने वाली नागरिकता (बर्थराइट सिटिजनशिप) को सीमित करने से जुड़ा है, जिसे लेकर ट्रंप प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। ट्रम्प काले सूट और लाल टाई में व्हाइट हाउस से मोटरकेड के जरिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। वे पब्लिक गैलरी की पहली पंक्ति में बैठे और करीब एक घंटे तक सुनवाई का हिस्सा बने रहे। सरकार के वकील की दलील पूरी होने के बाद वे कोर्ट से निकल गए। व्हाइट हाउस लौटने के बाद ट्रंप ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, 'हम ही दुनिया के एकमात्र ऐसे देश हैं जो जन्म के आधार पर नागरिकता देने के लिए इतने मूर्ख हैं।' उनका यह बयान बर्थराइट सिटिजनशिप को लेकर उनके सख्त रुख को दर्शाता है।

सड़क और रेल मंत्रालय ने खर्च किया 100% बजट

# रेलवे ने यात्रियों से कमाए 80000 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय रेल और सड़क परिवहन मंत्रालयों ने वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान बुनियादी ढांचे के विकास में रिकॉर्ड निवेश और बजट उपयोग सुनिश्चित किया है। भारतीय रेलवे ने वित्त वर्ष 2023-24 में अपनी आय और यात्री संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की है। रेलवे ने यात्री सेवाओं से 80,000 करोड़ का संशोधित अनुमानित राजस्व प्राप्त किया है। कुल 741 करोड़ यात्रियों ने इस अवधि के दौरान ट्रेन से सफर किया। माल ढुलाई और यात्री किराए को मिलाकर रेलवे का कुल राजस्व लक्ष्य 3.02 लाख करोड़ रखा गया था। रेलवे ने माल ढुलाई में भी नया रिकॉर्ड बनाया, जिसमें 2024-25 में माल ढुलाई से राजस्व 1,80,000 करोड़ होने का अनुमान है। दोनों मंत्रालयों ने अपने आवंटित बजट का पूर्ण उपयोग करते हुए बुनियादी ढांचे की रफ्तार बढ़ाई है। सड़क परिवहन मंत्रालय पिछले कुछ वर्षों में मंत्रालय का फंड उपयोग 100 प्रतिशत से अधिक रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में, मंत्रालय ने 2,70,435 करोड़ के बजट के मुकाबले 2,75,986 करोड़ खर्च किए।

रेल मंत्रालय ने भी अपने आवंटित बजट का प्रभावी ढंग से उपयोग किया है। 2024-25 के लिए रेलवे को 2.62 लाख करोड़ का रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय आवंटित किया गया था। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने वित्त वर्ष 2024-25 में 2,50,000 करोड़ से अधिक का अब तक का सबसे अधिक पूंजीगत व्यय किया, जो 2,40,000 करोड़ के लक्ष्य से भी ज्यादा है।

**भविष्य का रोडमैप :** सड़क क्षेत्रः वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सड़क परिवहन मंत्रालय का आवंटन बढ़कर 3.09 लाख करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। 2026-27 में रेलवे का पूंजीगत व्यय 2,93,030 करोड़ रहने की उम्मीद है।

# प. बंगाल में 7 पर्यवेक्षक बंधक, नाराज सीजेआई बोले-हमें पता है उपद्रवी कौन

## वोटर लिस्ट से नाम कटने पर लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन

**कोलकाता, जेएनएन।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में 7 न्यायिक अधिकारियों (जिनमें 3 महिलाएं शामिल हैं) को प्रदर्शनकारियों द्वारा बंधक बनाए जाने की घटना पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। ये अधिकारी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में तैनात थे। प्रदर्शनकारियों ने इन अधिकारियों को मालदा के कालियाचक-2 ब्लॉक ऑफिस में बुधवार दोपहर से रात के करीब 1 बजे तक बिना भोजन और पानी के घेरे रखा। रेस्क्यू के दौरान अधिकारियों के काफिले पर पथराव भी किया गया। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने इसे न्यायपालिका पर 'शर्मनाक' और 'नियोजित हमला' बताया। कोर्ट ने कहा कि यह घटना सर्वोच्च अदालत के अधिकार को चुनौती देने जैसा है।



### 'सबसे ध्रुवीकृत राज्य'

सीजेआई ने सख्त लहजे में कहा कि उन्हें पता है कि इन घटनाओं के पीछे कौन है और इसे 'सुनियोजित साजिश' करार दिया। कोर्ट ने बंगाल को 'सबसे ध्रुवीकृत राज्य' भी कहा। म कोर्ट ने केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया है। आयोग को घटना की जांच सीबीआई या एनआईए जैसी स्वतंत्र एजेंसी से कराने का सुझाव दिया गया है। मुख्य सचिव, डीजीपी को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। उधर, सीएम ममता बनर्जी ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने जो कहा है वह सही है, उकसावों में न आएं। किसी को भी जज या न्यायिक अधिकारियों को नहीं छूना चाहिए।

# हनुमान जयंती पर आया 'रामायण' का टीजर, नहीं दिखे सनी देओल

**मुंबई, जेएनएन।** हनुमान जयंती अवसर पर गुरुवार 'रामायण' का टीजर रिलीज हो गया। हालांकि, इसमें सनी देओल नजर नहीं आ रहे हैं। इसके पीछे मुख्य वजह फिल्म का पहला हिस्सा पूरी तरह से भगवान राम के शुरुआती जीवन और उनके अयोध्या से वनवास जाने की यात्रा पर केंद्रित है।



रिपोर्ट्स के अनुसार, सनी देओल की अनुपस्थिति के निम्नलिखित प्रमुख कारण सामने आए हैं। फिल्म के पहले भाग में सनी देओल (हनुमान) का केवल 15 मिनट का कैमियो है, जिसकी शूटिंग वह पहले ही पूरी कर चुके हैं। रामायण के दूसरे भाग में हनुमान के किरदार पर मुख्य रूप से ध्यान दिया जाएगा, जहां सनी देओल का रोल काफी बड़ा होगा। सनी देओल वर्तमान में अन्य फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। वह 'रामायण पार्ट 2' के लिए अपने बड़े हिस्से की शूटिंग अप्रैल के अंत तक शुरू करेंगे। निर्देशक नितेश तिवारी ने इस पहले टीजर को मुख्य रूप से रणबीर कपूर के राम अवतार, उनके अयोध्या काल और एक योद्धा के रूप में उनके परिवर्तन को दिखाने के लिए सीमित रखा है।

# सीधी भर्ती के नाम पर हो रहा फरेब, पेंशन मिलेगी न ग्रेच्यूटी

**जागरण, भोपाल।** स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में टीचर्स की कमी दूर करने के लिए सीधी भर्ती की जा रही है। यह सीधी भर्ती दो तरह से हो रही है। एक ओपन फॉर ऑल, यानि इसमें कोई भी योग्य उम्मीदवार शामिल हो सकता है। जबकि दूसरी का नाम है आंतरिक सीधी भर्ती। यानि जिस मेडिकल कॉलेज में आंतरिक सीधी भर्ती निकली है, उसमें सिर्फ उसी मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक शामिल हो सकते हैं। इस आंतरिक सीधी भर्ती प्रक्रिया का भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज में विरोध शुरू हो गया है। पीएमटीए (प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन) के बैनर तले यह विरोध शुरू किया गया है।

### 2018 से शुरू कहानी, अब तक 400 शिकार

चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2018 में आदर्श भर्ती नियम तैयार किए गए थे। इस नियमावली के तहत यह प्रावधान किया गया था कि आरक्षण में प्रमोशन मामले के चलते डीपीसी पर रोक है। इसलिए सीधी भर्ती के जरिए खाली पदों को भरा जाए। आंतरिक सीधी भर्ती प्रक्रिया में यदि एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर पर भर्ती की गई, तो इसमें असिस्टेंट प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर शामिल हुए। भर्ती के समय उम्मीदवारों को यह नहीं बताया गया कि आपका पुराना सर्विस रिकार्ड जीरो हो गया है और अब आप नए सिरे नए एम्पलाई हो गए हो। वर्ष 2018 से लेकर 2023 तक प्रदेश के अलग अलग मेडिकल कॉलेजों में आंतरिक सीधी भर्ती के माध्यम से करीब 400 से ज्यादा लोग नए एम्पलाई बन गए। अब इन सबके सामने पेंशन और ग्रेच्यूटी का संकट है, क्योंकि आंतरिक सीधी भर्ती में कई प्रकार के वित्तीय लाभ का प्रावधान नहीं है।

### जीएमसी के चिकित्सकों ने किया भर्ती का बहिष्कार

**गांधी मेडिकल कॉलेज में निकली आंतरिक सीधी भर्ती प्रक्रिया का यहां के चिकित्सकों ने बहिष्कार कर दिया है। जारी विज्ञापन के मुताबिक जीएमसी में प्राध्यापक और सह प्राध्यापक के कुल 9 पदों पर आंतरिक सीधी निकाली गई। इन पदों के योग्यता होने के बाद भी जीएमसी के चिकित्सकों ने अपने अपने स्तर पर डीन को पत्र भेजकर इस प्रक्रिया का बहिष्कार किया है। यानि अभी तक एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। जबकि आवेदन करने की अंतिम तिथि 8 अप्रैल है।**

### ग्वालियर में कोर्ट ने रद्द की प्रक्रिया

करीब सप्ताह भर पहले ग्वालियर मेडिकल कॉलेज में भी आंतरिक सीधी भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। इसे हाइकोर्ट में चुनौती दी गई। डॉ. आशीष कौशल विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन के प्रकरण में उच्च न्यायालय ग्वालियर बैंच ने पदोन्नति के पदों को सीधी भर्ती से भरे जाने को खारिज कर विज्ञप्ति को निरस्त किया है। इससे पहले खंडवा व अन्य मेडिकल कॉलेजों में भर्ती प्रक्रिया हो चुकी है।

" सरकार ने हमारे साथ धोखा किया है। अपने कंधों से वित्तीय बोझ उतारने के लिए यह रास्ता अपनाया जा रहा है। इसमें चिकित्सा शिक्षकों का पूरा नुकसान है। हमारी सरकार से एक ही मांग है कि बिना देर किए इस प्रक्रिया को रद्द किया जाए या पेंशन और ग्रेज्यूटी सहित तमाम वित्तीय लाभ को जोड़ा जाए।

● **डॉ. राकेश मालवीय,** अध्यक्ष पीएमटीए

सर्वे

परिवार में रोजगार न होने पर बुजुर्गों की मानसिक सेहत पर 12 फीसदी तक ज्यादा खतरा

# बेरोजगार बच्चों के कारण बढ़ रहा बुजुर्गों में डिप्रेशन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में बेरोजगारी को आमतौर पर युवाओं की समस्या माना जाता है, लेकिन इसका प्रभाव अब परिवार के बुजुर्ग सदस्यों की मानसिक सेहत पर भी गहराई से पड़ने लगा है। हाल ही में सामने आए एक अध्ययन ने इस कड़वी सच्चाई को उजागर किया है कि जिन घरों में वयस्क बच्चे बेरोजगार हैं, वहां माता-पिता के डिप्रेशन में जाने का खतरा काफी बढ़ जाता है। पारंपरिक भारतीय समाज में बुजुर्ग अपनी आर्थिक और भावनात्मक सुरक्षा के लिए बच्चों पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में जब युवा पीढ़ी रोजगार से दूर होती है, तो यह केवल उनकी व्यक्तिगत समस्या नहीं रह जाती, बल्कि पूरे परिवार में असुरक्षा, तनाव और चिंता का माहौल पैदा करती है। यह स्थिति खासतौर पर उन परिवारों में अधिक गंभीर हो जाती है, जहां सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं सीमित हैं। यह शोध संकेत देता है कि बेरोजगारी अब एक व्यापक सामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य संकट का रूप ले रही है। नए सर्वे में खुलासा हुआ है कि जिन बुजुर्गों के वयस्क बच्चे बेरोजगार हैं, उनमें डिप्रेशन का खतरा करीब 12 फीसदी तक बढ़ जाता है। यह निष्कर्ष 'लॉन्जिट्यूडिनल एजिंग सर्वे ऑफ इंडिया' के डेटा के विश्लेषण से सामने आया है। शोध के अनुसार, बच्चों की बेरोजगारी के कारण माता-पिता में डिप्रेशन का जोखिम 3.14 फीसदी से बढ़कर 12.48 फीसदी तक पहुंच जाता है। यह अध्ययन संकेत देता है कि बेरोजगारी केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि एक सामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य संकट भी बनती जा रही है। भारत जैसे देश में, जहां बुजुर्गों की सुरक्षा काफी हद तक परिवार पर निर्भर है, यह मुद्दा और गंभीर हो जाता है।



**इस तरह किया शोध**

- सर्वे में 45 वर्ष से अधिक उम्र के 73,000 से ज्यादा लोगों को शामिल किया गया
- शोध स्वीडन की उमेआ यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने किया
- रिपोर्ट 'सोशल साइंस एंड मेडिसिन' जर्नल में प्रकाशित

**इसलिए बढ़ता है डिप्रेशन का खतरा**

- बुजुर्ग आर्थिक और सामाजिक रूप से बच्चों पर निर्भर रहते हैं
- बेरोजगारी से परिवार की आय और सुरक्षा दोनों प्रभावित होती हैं
- भविष्य को लेकर असुरक्षा और चिंता बढ़ती है

**भारत में असर ज्यादा**

- देश में बड़ी बुजुर्ग आबादी, लेकिन सीमित सामाजिक सुरक्षा
- 60+ उम्र के सिर्फ 18 फीसदी लोगों के पास हेल्थ इंश्योरेंस

**परिवार पर निर्भरता ज्यादा**

शोधकर्ताओं के मुताबिक, भारत में पीढ़ियों के बीच गहरा संबंध होता है। ऐसे में जब युवा बेरोजगार होते हैं, तो बुजुर्गों में असुरक्षा और मानसिक तनाव तेजी से बढ़ता है।

**सिफारिशें इनसे मिलेगी राहत**

- सामाजिक मेलजोल और सक्रिय जीवनशैली
- परिवार और समुदाय से भावनात्मक समर्थन
- आर्थिक सुरक्षा के विकल्प

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

1773

73,320

### Nifty 50 Top Gainers

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| HCL Tech | 1,412.80 | 3.53% |
| Tech Mahindra | 1,447.00 | 2.63% |
| Infosys | 1,305.40 | 1.97% |
| Wipro | 195.34 | 1.95% |
| TATA Cons. Prod | 1,046.10 | 1.78% |

### Nifty 50 Top Losers

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Eicher Motors | 6,585.00 | -2.58% |
| Asian Paints | 2,142.40 | -2.55% |
| Eternal | 223.74 | -2.03% |
| Sun Pharma | 1,620.00 | -2.02% |
| Bajaj Auto | 8,624.00 | -1,54% |

### फोरेक्स रेट

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| डॉलर | 93.1000 |
| यूरो | 107.32 |
| येन | 0.5835 |
| पौंड | 122.91 |

# ट्रंप के बयान से वैश्विक बाजार में मची खलबली सोना-चांदी, क्रिप्टो और क्रूड आइल में गिरावट

## भारतीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन भी 1773 अंक की रही तेजी, आईटी-रियल्टी शेयर्स में रही तेजी

**मुंबई, जेएनएन।** राष्ट्रपति ट्रम्प के 2 अप्रैल, 2026 को ईरान पर दिए गए भाषण पर वैश्विक बाजारों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसके परिणामस्वरूप तेल की कीमतों में उछाल आया, क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों में गिरावट आई और युद्ध के फिर से बढ़ने की आशंकाओं के कारण शेयर बाजार धराशायी हो गए। ब्रेंट क्रूड 108 डॉलर प्रति बैरल से नीचे गिर गया। सेंसेक्स अपने दिन के निचले स्तर से 1,773 अंक चढ़कर बंद हुआ। सुबह ये भारी दबाव के साथ खुला और गिरकर 71,545 के स्तर तक आ गया था। बाद में बाजार में खरीदारी आई और यह 185 अंक (0.25 प्रतिशत) चढ़कर 73,320 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 22,182 का निचला स्तर बनाने के बाद 531 अंकों की रिकवरी दिखी। ये 34 अंक (0.15 प्रतिशत) चढ़कर 22,713 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार में निफ्टी के आईटी और रियल्टी इंडेक्स सबसे ज्यादा चढ़ें। इसमें 2.62 प्रतिशत और 1.18 प्रतिशत की तेजी रही।

**कल बाजार भी में रही थी तेजी**- इससे पहले कल यानी 1 अप्रैल को बाजार में तेजी रही थी। सेंसेक्स 1,187 अंक (1.65 प्रतिशत) की तेजी के साथ 73,134 पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी में भी 348 अंक (1.56 प्रतिशत) की बढ़त रही, ये 22,679 के स्तर पर बंद हुआ।




### एशियाई बाजार में गिरावट रही

- साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 4.47 प्रतिशत गिरकर 5,234 पर बंद हुआ।
- जापान का निक्केई इंडेक्स 2.38 प्रतिशत गिरकर 52,463 पर बंद हुआ।
- हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.70 प्रतिशत गिरकर 25,116 पर बंद हुआ।
- चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.74 प्रतिशत गिरकर 3,919 पर बंद हुआ।

### क्रूड 5 प्रतिशत बढ़कर 106 डॉलर प्रति बैरल हुआ



आज कच्चा तेल करीब 5 प्रतिशत ऊपर है। ये 106 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। 28 फरवरी को ईरान जंग शुरू होने से पहले कच्चे तेल के दाम 70 डॉलर प्रति बैरल के के आसपास थे।

### क्रिप्टोकरेंसी में 2.5% की गिरावट

ट्रंप की टिप्पणियों के बाद निवेशकों द्वारा जोखिम भरी संपत्तियों से दूरी बनाने के कारण क्रिप्टोकरेंसी में व्यापक गिरावट आई। एशिया में बिटकॉइन की कीमत में 2.5 प्रतिशत तक की गिरावट आई और यह लगभग 66,500 डॉलर पर पहुंच गया। बाद में यह लगभग 66,600 डॉलर के आसपास देखा गया, हालांकि कुछ रिपोर्टों में 2.6 प्रतिशत की गिरावट का भी संकेत दिया गया है।

## एनटीपीसी ने किया बिजली का रिकार्ड उत्पादन

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 432.2 अरब यूनिट बिजली का उत्पादन किया है। एनटीपीसी ने बताया कि उसने इस दौरान अपने नेटवर्क में 9,619 मेगावाट (लगभग 9.6 गीगावाट) की रिकॉर्ड नयी उत्पादन क्षमता भी जोड़ी है। कंपनी की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, पिछले वित्त वर्ष में जोड़ी गई कुल क्षमता में से 5,488 मेगावाट क्षमता सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जल विद्युत परियोजनाओं की है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कंपनी ने कोयले से बिजली बनाने के बाद बचने वाली 10.9 करोड़ टन राख का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया है।

## केमिकल कंपनी के 30 कर्मियों के कान खराब, पांच दिव्यांग

**जागरण, उज्जैन।** बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन के नागझिरी औद्योगिक क्षेत्र की ओंकार केमिकल कंपनी में काम करने वाले दो दर्जन से अधिक कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि केमिकल फैक्ट्री में काम करने के दौरान उनकी सुनने की क्षमता 90 प्रतिशत तक खत्म हो चुकी है। शहर के बीच चलने वाली ओंकार केमिकल कंपनी के कर्मचारियों ने इसकी शिकायत सीएम से लेकर उज्जैन कलेक्टर रौशन सिंह तक से की है। कलेक्टर ने बताया कि एक आवेदन आया है जिसमें कंपनी के खिलाफ शिकायत की है, जांच की जा रही है। प्रतिवेदन मिलते ही उचित कार्रवाई की जाएगी। हालत ये है कि 30 कर्मचारी बिना हियरिंग मशीन के अब सुन भी नहीं सकते हैं। सभी लोग मशीन लगाकर बात कर पाते हैं। ऐसे में अब उनके सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है, 30 से अधिक कर्मचारी बेहरेपन का शिकार हुए हैं उनकी उम्र महज 20 से 30 साल के बीच है।

## आरबीआई के फैसलों से थमी रुपए की गिरावट,12 साल बाद सबसे तेजी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपये को लेकर कुछ कड़े फैसले लिए हैं, जिस कारण रुपये में गिरावट सिर्फ थमी ही नहीं, बल्कि बड़ी उछाल आई है। आरबीआई द्वारा करेंसी में अस्थिरता को कम करने के लिए अतिरिक्त उपाय पेश करने के लिए एक दिन बाद यह तेजी आई है। 2 अप्रैल को डॉलर की तुलना में रुपये में 12 सालों से ज्यादा समय में सबसे अधिक तेजी देखी गई है, जबकि बैंक अपने ऑफशोर लॉन्ग डॉलर पोजीशन को कम करना जारी रखे हुए थे। करेंसी मार्केट खुलने के बाद करेंसी ट्रेड फिर से शुरू होने पर रुपया डॉलर के मुकाबले 1.8 प्रतिशत तक बढ़कर 93.17 पर पहुंच गया, जो सितंबर 2013 के बाद सबसे ज्यादा है। 1 अप्रैल को, आरबीआई ने फॉरेक्स मार्केट के नियम को कड़ा किया है। आरबीआई ने बैंकों को रेजिडेंस और नॉन-रेजिडेंस कस्टमर्स को रुपये के नॉन-डिलीवर फॉरवर्ड (एक तरह का फॉरवर्ड कॉन्ट्रैक्ट) जारी करने से रोक दिया? नॉन-डिलीवर फॉरवर्ड एक तरह का कॉन्ट्रैक्ट है, जो फ्यूचर में रुपया का स्तर क्या होगा? उस आधार पर खरीदारी करने की अनुमति देता है। एक तरह से आप इसे करेंसी में डेरिवेटिव ट्रेडिंग भी कह सकते हैं। बस इसी कॉन्ट्रैक्ट को जारी करने से आरबीआई ने रोक लगा दी है। सबसे बड़ा कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली रही है। मार्च में ही विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 1.11 लाख करोड़ रुपये की सेलिंग कर डाली थी। इसके साथ ही जंग के शुरू होने से दुनिया भर में महंगाई बढ़ने का खतरा बढ़ गया है। होमुर्ज के रास्ते के बंद होने की वजह से कच्चे तेल के दाम में लगातार तेजी रही है, जिस कारण रुपये में लगातार गिरावट रही है।

## भारतीय रियल एस्टेट से विदेशी निवेशकों ने बनाई दूरी

**मुंबई, जेएनएन।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी निवेशकों ने भारतीय रियल एस्टेट बाजार से दूरी बनानी शुरू कर दी है। रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी कोलियर्स इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2026 की पहली तिमाही (जनवरी-मार्च) में विदेशी निवेश में 75 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई है।



पिछले साल की आखिरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2025) में जहां विदेशी निवेश 1.6 बिलियन डॉलर था, वह इस साल की शुरुआत में घटकर महज 400 मिलियन डॉलर रह गया है। कोलियर्स का मानना है कि वैश्विक अस्थिरता के कारण विदेशी निवेशक इस पूरे साल सतर्क रह सकते हैं। भारतीय रियल एस्टेट में होने वाले कुल संस्थागत निवेश के आंकड़ों में भी जबरदस्त कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार, कुल निवेश पिछली तिमाही के 4.2 बिलियन डॉलर से 61 प्रतिशत गिरकर केवल 1.6 बिलियन डॉलर पर आ गया है। इस गिरावट का सबसे बड़ा कारण वैश्विक स्तर पर व्यापार, कच्चे तेल और कमोडिटी मार्केट में चल रही उथल-पुथल को माना जा रहा है।

# इलेक्ट्रिक वाहन पर अब देना होगा 4% रोड टैक्स, महंगी होंगी गाड़ियां

## प्रदेश की ईवी नीति में बदलाव, 27 मार्च को खत्म हुई टैक्स छूट की सुविधा

**नगर संवाददाता, भोपाल।** राज्य परिवहन विभाग ने प्रदेश की ईवी नीति में संशोधन कर दिया है। अब नए इलेक्ट्रिक वाहन पर ग्राहक को 4 प्रतिशत रोड टैक्स देना होगा। अभी तक रोड टैक्स और रजिस्ट्रेशन फीस में छूट थी, लेकिन अब इस छूट का समाप्त कर दिया गया है। जानकारी अनुसार परिवहन विभाग ने सभी प्रकार के ईवी वाहन जैसे दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहनों पर रोड टैक्स व रजिस्ट्रेशन फीस लागू कर दी है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह टैक्स पेट्रोल व डीजल वाहनों के मुकाबले बहुत कम है, क्योंकि सरकार ईवी का बढ़ावा देना चाहती है। ईवी नीति में हुए इस बदलाव का असर सभी तरह के इलेक्ट्रिक वाहनों पर पड़ेगा। चाहे कार हो, स्कूटर हो या कमर्शियल वाहन। यानी अब ईवी खरीदते समय ग्राहकों को पहले से ज्यादा खर्च करना होगा। उदाहरण के तौर पर, अगर कोई व्यक्ति 20 लाख रुपये की इलेक्ट्रिक कार खरीदता है, तो उसे अब करीब 80 हजार रुपये अतिरिक्त टैक्स देना पड़ेगा। इससे उन लोगों का बजट प्रभावित होगा, जो टैक्स छूट का फायदा उठाकर ईवी लेने की योजना बना रहे थे। ऑटो सेक्टर से जुड़े जानकार मानते हैं कि इस फैसले से बाजार की चाल बदल सकती है। अब ग्राहक पेट्रोल, डीजल, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतों की तुलना नए सिरे से करेंगे। टैक्स बढ़ने से ईवी की लागत बढ़ेगी, जिससे कुछ लोग अन्य विकल्पों की ओर रुख कर सकते हैं।



### किस गाड़ी पर कितना टैक्स

- 20 लाख की कार पर करीब 80 हजार ज्यादा
- 10 लाख के वाहन पर करीब 40 हजार अतिरिक्त

### खर्च उठाने लिया निर्णय

परिवहन विभाग का तर्क है कि राज्य में तेजी से बढ़ रहे इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन और अन्य सुविधाएं विकसित करने के लिए फंड की जरूरत है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि इससे ईवी की रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ सकती है, क्योंकि कीमत बढ़ने से ग्राहकों का रुझान बदल सकता है।

### इनका कहना है

"शासन के निर्देश पर ईवी के टैक्स नियमों में बदलाव किया गया है। अब चार प्रतिशत रोड टैक्स लागू किया गया है, जो तत्काल प्रभाव से प्रभावी हो चुका है।

■ **जितेन्द्र शर्मा**, आरटीओ भोपाल

### बिक्री की रफ्तार सुस्त पड़ने की आशंका

इस बदलाव के बाद ऑटोमोबाइल विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले से ईवी की बिक्री की रफ्तार सुस्त पड़ सकती है। लोग अब पेट्रोल-डीजल और हाइब्रिड गाड़ियों के साथ ईवी की कीमतों की तुलना नए सिरे से करेंगे। टैक्स में इस बढ़ोत्तरी के कारण हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों के बीच का अंतर कम हो जाएगा, जिससे ग्राहकों का रुझान बदल सकता है।

## इंडिगो ने बढ़ाया फ्यूल चार्ज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की फ्लाइट्स महंगी हो जाएंगी। एयरलाइन ने घरेलू उड़ानों में अधिकतम 950 तक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में 10,000 तक एक्स्ट्रा फ्यूल चार्ज लगाया है। नई कीमतें 2 अप्रैल रात 12.01 बजे से लागू हो गईं। इंडिगो ने 18 दिन में दूसरी बार घरेलू और इंटरनेशनल उड़ानों पर फ्यूल सरचार्ज बढ़ाने का फैसला लिया है। इससे पहले कंपनी ने 14 मार्च को भी किराए में बढ़ोतरी की थी। कंपनी के मुताबिक, यह फैसला एविएशन टर्बाइन फ्यूल यानी जेट फ्यूल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण लिया गया है। इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अनुसार, एक महीने में फ्यूल की कीमतें 130 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी हैं। जेट फ्यूल महंगा होने से एयरलाइन कंपनियों का ऑपरेशन कॉस्ट बढ़ गई है। कंपनियों का प्लान इस खर्च का भार यात्रियों से वसूलने का था, लेकिन नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एयरलाइंस को पूरा बोझ ग्राहकों पर डालने से रोक दिया है। सरकार ने अभी डोमेस्टिक फ्लाइट्स के लिए ऑपरेशन कॉस्ट का सिर्फ 25 प्रतिशत बढ़ाने की अनुमति दी है। इंडिगो के अनुसार, उन्होंने दूरी के अनुसार फ्यूल चार्ज को री-कैलिब्रेट किया है, यानी आपका सफर जितना लंबा होगा, टिकट के लिए फ्यूल चार्ज भी उतना ही ज्यादा देना होगा।

## एलजी ने सेवा तीर्थ में वीआरएफ एचवीएसी सिस्टम की स्थापना की

**नई दिल्ली।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने हाल ही में प्रधानमंत्री कार्यालय भवन, सेवा तीर्थ में 1,590 हॉर्सपावर क्षमता वाले उन्नत वीआरएफ एचवीएसी सिस्टम की स्थापना की है, जिसमें 113 आउटडोर यूनिट शामिल हैं। यह ऊर्जा-कुशल प्रणाली 39 डिग्री तक तापमान पर बिना क्षमता घटाए कार्य कर सकती है और ब्लैक फिन हीट एक्सचेंजर्स के साथ टिकाऊ प्रदर्शन सुनिश्चित करती है। स्थापना में एसी स्मार्ट 5 इंटेलिजेंट कंट्रोल प्लेटफॉर्म भी शामिल है, जो केंद्रीकृत प्रबंधन और वास्तविक समय निगरानी सक्षम करता है। पुणे विनिर्माण संयंत्र से आपूर्ति की गई यह प्रणाली भारत के मेक इन इंडिया और ऊर्जा-कुशल बुनियादी ढांचे में योगदान को मजबूत करती है।

## अतिक्रमण हटाने गई टीम पर पथराव सरकारी जमीन मुक्त कराई, 3 गिरफ्तार

**जागरण, उज्जैन।** सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने गई राजस्व विभाग की टीम पर कब्जाधारियों ने जमकर हंगामा कर दिया। कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए अतिक्रमणकारियों ने राजस्व टीम पर पथराव कर दिया। अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ धक्का-मुक्की और झूमाझटकी भी की गई। पथराव के बाद पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए भीड़ को खदेड़ दिया। घटना का वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें अतिक्रमणकारी वहां मौजूद जेसीबी और प्रशासनिक टीम पर पथराव करते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है। देवास रोड स्थित ग्राम चंदेसरी में सरकारी जमीन सर्वे क्रमांक 568 की करीब 2 बीघा जमीन पर पीरा, मोहनलाल और भारती द्वारा कब्जा किया गया था। कई बार पटवारी और तहसीलदार की समझाइश के बाद भी जमीन खाली नहीं की। पास के खेत वालों का रास्ता भी इन लोगों ने बंद कर दिया था। शिकायत मिलने पर राजस्व अमला थाना नागझिरी पुलिस टीम के साथ जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने पहुंचा था। यहां टीम को देखकर अतिक्रमणकारियों ने हमला कर दिया।

## भीम पेमेंट्स ऐप ने नया 'माही वे' कैंपेन किया लॉन्च



**मुंबई।** भीम पेमेंट्स ऐप ने नया 'माही वे' कैंपेन लॉन्च किया है, जिसमें डिजिटल पेमेंट्स को सरल, सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने पर जोर दिया है। इस 360-डिग्री कैंपेन में ब्रांड एंबेसडर महेंद्र सिंह धोनी दिखाए गए हैं, जो रोजमर्रा की परिस्थितियों में सरल और तेज भुगतान चुनते हैं। मुख्य फिल्म 25 सेकंड की होगी, डिजिटल व सोशल प्लेटफॉर्म्स पर छोटे वर्जन भी उपलब्ध होंगे। भीम के स्कैन एंड पे फीचर और इंस्टेंट रिवॉर्ड्स को उजागर कियाहै।

## कृषि मंत्री शिवराज से डिप्टी सीएम मौर्य ने योजनाओं को लेकर की चर्चा




**लखनऊ/नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर प्रदेश में संचालित ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की। इस अवसर पर केंद्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। उप मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट उत्पाद केंद्रीय मंत्री को भेंट कर उनका अभिनंदन किया तथा इन उत्पादों के बेहतर विपणन, ब्रांडिंग एवं व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के विषय में विचार-विमर्श किया गया। केंद्रीय मंत्री ने प्रदेश सरकार के 'लखपति दीदी' अभियान के प्रयासों की सराहना की। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर योजनाओं के तीव्र क्रियान्वयन हेतु आवश्यक सुझाव साझा किए गए तथा आगामी समय में प्रगति की समीक्षा के लिए पुनः बैठक आयोजित करने पर सहमति बनी। बैठक मे आयुक्त ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश गौरीशंकर प्रियदर्शी, उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन सहित केन्द्र व राज्य के उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे।


## कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

पत्र क्र. 440/भू-अर्जन/2024 मऊगंज दिनांक 10/2/2025

-: अधिसूचना :-

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है की इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके नीचे दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अतः भूमिअर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा -11 की उपधारा (1) के उपबंधो के अनुसार सभी सम्बंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूचीतखाने के (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के समबन्ध में धारा-11द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है, चूंकि नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजनाका निर्माण कार्य पूर्व से चल रहा है तथा अधिकांश भूमि का अर्जन पूर्व में ही किया जा चुका है एवं कुछ अंश भाग के भू-अर्जन की कायवाही वांक्षित है। इस कारण धारा 11 (3) के तहत सामाजिक समाधान निर्धारण रिपोर्ट का सार प्रकाशित नहीं किया जा रहा है।

| भूमि का विवरण | | | लगभग क्षेत्रफल | धारा (1) 12 की धारा द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | ग्राम | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| मऊगंज | नईगढ़ी | सोनवर्षा | 0.005 हे. | कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजना संभाग रीवा (म.प्र.) | डी.बी. निर्माण कार्य हेतु (नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना अंतर्गत) |

भूमि का नक्सा ( प्लान) का अवलोकन कलेक्टरमऊगंज एवं के पदेन उपसचिवराजस्व विभाग जिलामऊगंज के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन अवधि में किया जा सकता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(कोमल सिंह) अनुविभागीय अधिकारी नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना उपसंभाग क्र. 2, मनगंवा जिला-रीवा (म.प्र.)

(बी. पी. मिश्रा) कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना जिला-रीवा (म.प्र.)

(अजय श्रीवास्तव) कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव राजस्व विभाग

G-11058/26



## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

No./3365/22/D-12/NIT-Maint./2026 Bhopal, Dated : 02.04.2026

### NOTICE INVITING TENDER No. 375/MTN/2026

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :-

- **SSR Applicable : SSR issued by M.P Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.**
- **Table-1 : Name of Work - Repair/Maintenance of The Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Balaghat | 1 | 18559730.00 |
| 2. | Burhanpur | 1 | 7691154.00 |
| 3. | Damoh | 1 | 2561528.00 |
| 4. | Jabalpur | 2 | 42719123.00 |
| 5. | Katni | 1 | 37282537.00 |
| 6. | Khargone | 2 | 16307731.00 |
| 7. | Narmadapuram | 1 | 17315222.00 |
| 8. | Panna | 1 | 21667719.00 |
| 9. | Raisen | 2 | 13152445.00 |
| 10. | Satna | 4 | 95753040.00 |
| 11. | Seoni | 1 | 13924079.00 |
| 12. | Shajapur | 1 | 30723330.00 |
| 13. | Sidhi | 1 | 42806866.00 |

- **Table-2 : Name of Work - Repair/Maintenance of The Rural Roads for Ten Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Balaghat | 1 | 24067337.00 |
| 2. | Bhind | 3 | 24645480.00 |
| 3. | Khandwa | 1 | 10017930.00 |
| 4. | Khargone | 2 | 23378082.00 |
| 5. | Mandsaur | 1 | 8846598.00 |
| 6. | Neemuch | 3 | 37161693.00 |
| 7. | Ratlam | 2 | 30044681.00 |
| 8. | Shajapur | 1 | 12590180.00 |

- **Table-3: Name of Work – Repair / Maintenance of The Rural Roads for Fifteen Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Ashoknagar | 1 | 22385174.00 |
| 2. | Balaghat | 5 | 180140907.00 |
| 3. | Barwani | 1 | 16105204.00 |
| 4. | Betul | 1 | 16952761.00 |
| 5. | Dewas | 1 | 23577147.00 |
| 6. | Dhar | 3 | 49781591.00 |
| 7. | Jhabua | 1 | 3030730.00 |
| 8. | Khandwa | 1 | 8786302.00 |
| 9. | Khargone | 1 | 19542394.00 |
| 10. | Morena | 1 | 13218131.00 |
| 11. | Neemuch | 2 | 32779872.00 |
| 12. | Sagar | 1 | 4138895.00 |
| 13. | Sidhi | 1 | 26669974.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **07.04.2026 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission is **22.04.2026 (17:00 hrs.).**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

M.P. Madhyam/125181/2026

"मेरी सड़क" ऐप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

# हनुमान मंदिरों में दर्शन पाने लगी रहीं लंबी कतारें, भक्ति के रंग में डूबे श्रद्धालु

## भव्य शोभायात्रा निकालकर मनाया हनुमान जन्मोत्सव

### हनुमना में हजारों की संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल, जगह-जगह हुआ प्रसाद वितरण



**हनुमना, नि.प्र.।** श्री अन्जनाय सेवा समिति के आयोजन के माध्यम से 2 अप्रैल को अंजनी लाल हनुमान जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम के साथ नगर के भक्तों और महिलाओं ने मनाया और आनंद उठाया। लक्ष्मी नारायण मंदिर से शाम 4:00 बजे यह शोभा यात्रा आगे राधे कृष्ण की झांकी पीछे रथ में हनुमान जी भगवान सीताराम अन्य कई भगवान का स्वरूप बनाकर विराजमान किया गया था। जहां भक्तों के द्वारा सभी भगवान की आरती उतारी गई साथ ही पूजा अर्चना किया गया। भगवान हनुमान जन्मोत्सव के इंतजार में सुबह से धर्मशाला के राजा कमेटी द्वारा 31 केक का भोग लगाकर प्रसाद वितरण एवं आरती पूजा भी किया गया। इसके बाद वीडियो हाल के सामने नगर परिषद अध्यक्ष के द्वारा रुआवजा वितरण किया गया। शाहपुर मोड़ के पास अरुण ज्योति गुप्ता द्वारा लस्सी वितरण किया गया। इसी तरह जगह -जगह भक्तों द्वारा भगवान हनुमान जी को भोग लगाकर प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। अंजनाय सेवा समिति के पदाधिकारी सदस्य गण एवं नगरीय भक्त शामिल रहे। चर्चा में यह कहा गया कि हनुमना हनुमान जी की पवित्र नगरी हनुमना में वर्षों से चली आ रही।

#### मनमोहक झाकियों ने मोहा मन

हनुमान जन्मोत्सव की ऐतिहासिक परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी तकरीबन आधा किलोमीटर से अधिक लंबी विशाल शोभायात्रा बैंड बाजे डीजे एवं रथों पर सवार भगवान की विभिन्न आकर्षक व मनमोहक झांकियों के साथ निकाली गई। बताया गया है कि हनुमना नगर में स्थित श्री हनुमान जी महाराज के नाम से ही हनुमना नगर का नाम रखा गया है जो मान्यता है कि उनके दरबार में जो भी भक्त आते हैं, उनकी हर मनोकामना पूरी सदस्य इस भाग शोभा यात्रा के व्यवस्थापक रहे। क्र मशः राधेश्याम गुप्ता, मदन चंद्र बुकसेलर सनातन संघ उपाध्यक्ष मदन चंद कचेर, राजा बाबू गुप्ता, अजय मोटर पार्ट्स, राजकुमार गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, कोमलचंद गुप्ता, सुरेश गुप्ता रेडियो वाले, वासुदेव गुप्ता बरतन वाले मुरारी बर्तन वाले सीताराम गुप्ता राम जी गुप्ता, दिनेश चंद गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, गुड्डा नेता अनूप गुप्ता, टीवी एस सुरेश गुप्ता, बड़कू गल्ला वाले, ओमप्रकाश गुप्ता, तारकेश्वर गुप्ता, वाहन कर्मचारी संघ सुरेश कुमार गुप्ता, रेवती रमन गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, अजय गुप्ता, चंद्रकेतु गुप्ता, पूर्व पार्षद ओपी गुप्ता, संतोष पांडे, आनंद, श्रीधर गुप्ता, सुधीर केसरी, रानू गुप्ता, मनीष गुप्ता, बांके बिहारी विट्ठल नाथ गुप्ता, विकास गुप्ता, सोनू मेडिकल, पूर्व उपाध्यक्ष मोहनलाल कचेर, रितेश केसरी, सनी गुप्ता, ओपी चश्मा रामकृष्ण गुप्ता, दूदून काजू गुप्ता, संजय इलेक्ट्रॉनिक नारायण कामता गुप्ता चक्की वाले, आदित्य मेडिकल, गोलू मोनू, सियाराम कचेर, संदीप केसरी, अरजेन्द गुप्ता, सोनू बैग हाउस छोटू गुप्ता, निलेश केसरी बच्चा, विकास गुप्ता आदि हजारों से अत्यधिक भक्त और महिलाएं बच्चों के साथ भी शोभायात्रा में सम्मिलित हुई।

### पंचमुखी मंदिर पर पूजा अर्चना के बाद भंडारे का हुआ आयोजन

**मनगवां, नि.प्र.।** मनगवां सब्जी मंडी में विराजमान पंचमुखी हनुमान जी स्वामी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हनुमान जयंती के अवसर पर पूजा-अर्चना, भव्य सजावट और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुकुंदीलाल गुप्ता, मुन्नू गुप्ता, उमेश गुप्ता, सुशील गुप्ता, रमेश गुप्ता, अशोक गुप्ता, शिवाकांत गुप्ता एवं सब्जी मंडी के समस्त व्यापारी बंधु मौजूद रहे।

## पिंगाक्ष धाम में रामचरितमानस पाठ और विशाल भंडारे में दिखा उत्साह



**आंचलिक डेस्क।** रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत टिकुरा टोला स्थित पिंगाक्ष धाम एवं दानव मामा मंदिर में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का संचालन पिंगाक्ष धाम एवं दानव मामा सेवा मंडल, रायपुर कर्चुलियान द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत 1 अप्रैल 2026, बुधवार को रामचरितमानस पाठ के साथ हुई। इस दौरान भक्तों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी की स्तुति की। पूरे वातावरण में भक्ति रस का संचार हुआ और मंदिर परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत नजर आया। दूसरे दिन 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन स्थल पर भक्तों की भारी भीड़ देखी गई, जहां सेवा मंडल के सदस्यों ने व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया।

## अतरैला में रही हनुमान जन्मोत्सव की धूम

### सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ का किया गया आयोजन



**जवा ब्यूरो।** संकट मोचन, बल-बुद्धि-विद्या के दाता भगवान श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव नरसिंह हनुमान सेवा समिति के तत्वाधान में बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय जनता द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन, दीप प्रज्वलन एवं हनुमान चालीसा के पाठ के साथ किया गया। पूरे परिसर में भक्ति गीतों, जयकारों और धार्मिक वातावरण ने सभी श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम के संयोजक एवं नरसिंह हनुमान सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष सुरेंद्र दास तिवारी ने अपने उद्बोधन में कलयुग के देवता श्री हनुमान के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि हनुमान जी केवल शक्ति और पराक्रम के प्रतीक ही नहीं, बल्कि वे भक्ति, सेवा, निष्ठा और समर्पण के सर्वोच्च आदर्श हैं। इस अवसर पर भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता, वरिष्ठ नागरिक एवं हनुमान भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में समिति के पदाधिकारियों द्वारा सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया तथा समाज में धर्म, सेवा और संस्कारों के प्रचार-प्रसार हेतु ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया गया।

# पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान में सरकार की योजनाओं से कराया परिचित



### जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने भाजपा के इतिहास से कराया अवगत

**आंचलिक डेस्क।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 मण्डल मनगवां का सरस्वती शिशु मंदिर मनगवां में प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण प्रातः 09:30 बजे से प्रातः अल्पाहार के साथ शुरू हुआ, पार्टी की रीति-नीति के अनुरूप दीप प्रज्वलन, सम्पूर्ण वन्देमातरम गायन एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन मण्डल अध्यक्ष अरुणेन्द्र मिश्रा ने किया, अध्यक्षीय उद्बोधन जिले के महामंत्री एवं मण्डल के प्रभारी उमाशंकर पटेल ने दिया, उद्धघाटन सत्र में जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने भाजपा के इतिहास से अवगत कराया, द्वितीय सत्र में मनगवां के विधायक इन्जीनियर नरेंद्र प्रजापति ने प्रदेश सरकार की योजनाओं विस्तार से चर्चा की, तृतीय सत्र में जगजीवन लाल तिवारी ने कार्य विस्तार विषय पर अपनी बात रखी। तत्पश्चात समस्त प्रशिक्षणार्थी को भोजन कराया गया। चतुर्थ सत्र में पार्टी के वैचारिक आधिष्ठान विषय पर राजेंद्र पाण्डेय ने व्याख्यान दिया, पंचम सत्र में पार्टी की कार्यपद्धति पर पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ अजय सिंह ने षष्टम सत्र में केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे मे वरिष्ठ एडवोकेट रावेन्द्र मिश्रा ने, सप्तम सत्र में बूथ प्रबंधन एवं मन की बात विषय पर जिला उपाध्यक्ष शरद साहू ने एवं द्वितीय दिवस पर डॉ अनिल पटेल के द्वारा सोशल मीडिया पर विषय रखा गया। प्रशिक्षण वर्ग में रात्रि प्रवास के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के दौरान क्षेत्रीय विधायक इन्जीनियर नरेन्द्र प्रजापति ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर देशभक्ति गीतों एवं भजनों को सुनाकर सभी का मन मोह लिया।

## 5वीं-8वीं की परीक्षा में सरस्वती स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**मऊगंज ब्यूरो।** सरस्वती ज्ञान मंदिर उमावि देवतालाब का 5वीं और 8वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत उत्कष्ट रहा। जिसमें कक्षा 5वीं में कुल 99 छात्र थे, जिसमें तम्मना खातून 93 प्रतिशत, अदिशा मिश्रा 92प्रतिशत, हेमंत जायसवाल 89प्रतिशत, सोनाक्षी सोनी 88प्रतिशत, सागर अंकों से उत्तीर्ण हुये। कक्षा 8वीं में अधिकतम अंक सरिता प्रजापति 90प्रतिशत, जायसवाल 548, मानसी पटेल 89प्रतिशत, व मानशी पटेल 89प्रतिशत। वहीं कक्षा 5वीं में उमा तिवारी 92प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य आनंदमणि पटेल ने बच्चों को बधाई दी है तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# छात्रावास के शौचालय का आधा-अधूरा निर्माण कार्य छोड़कर भागा ठेकेदार

### स्थानीय निवासियों ने निर्माण कार्य को पूरा कराने की मांग



**त्योंथर ब्यूरो।** तहसील त्योंथर मुख्यालय में संचालित सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास पर अनियमितता के गंभीर आरोप लगे हैं। संवाददाता को स्थानीय निवासियों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा आधा-अधूरी कार्य कराया गया है तथा शुरुआत से ही अनियमितता के आरोप लगते रहे हैं। ठेकेदार जुलाई 2025 में शौचालय निर्माण अधूरा छोड़ कर चले गए, जिससे अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रावासी छात्रों को बहुत ही असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने आधे-अधूरी निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराए जाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि इस आधारभूत व्यवस्था छात्रावास में नहीं होने से छात्रों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि छात्र हित में अधूरे शौचालय का निर्माण को शीघ्र पूरा कराया जाए जिससे छात्र अपने पढ़ाई पर ध्यान दे सकें।

# सांदीपनि विद्यालय मनगवां में नव प्रवेशी विद्यार्थियों का किया सम्मान

### मुख्य अतिथि रहे मनगवां विधायक



**मनगवां नि.प्र.।** सांदीपनि विद्यालय मनगवां में सत्र 2026-27 का प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनगवां विधानसभा के विधायक इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष बुटला वंशल, जगजीवन लाल तिवारी विधायक प्रतिनिधि, डॉ विष्णु देव कुशवाहा, प्रियंका तिवारी विधायक प्रतिनिधि, ललवकुश गुप्ता, अतीत गौतम, विकास खंड शिक्षा अधिकारी नरेश मिश्र उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सरस्वती पूजन फिर उपस्थित अतिथियों का स्वागत के पश्चात नवीन प्रवेशी छात्रों को पुस्तक वितरण एवं उनका रोली अक्षत से सम्मान एवं स्वागत किया गया। कन्या शाला के छात्राओं को साइकिल वितरण प्रतीकात्मक रूप से तीन छात्राओं को वितरण का शुभारंभ किया गया। सांदीपनि विद्यालय के छात्रों द्वारा विगत सत्र में ऐसे छात्र जो 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति सुनिश्चित किए एवं उनके पालकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मनगवां विधायक ने अपने उद्बोधन में छात्रों को नए संकल्प ऊर्जा के साथ पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। साथ बीईओ नरेश मिश्र ने छात्रों पढ़ने में रुचि जागृत करने के लिए प्रेरित किया। सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य केसी अवधिया द्वारा उपस्थित पालकों एवं छात्रों को नए सत्र में मन लगाकर अध्ययन एवं अनुशासन के साथ पढ़ाई पर ध्यानाकर्षित कराया। कार्यक्रम का सफल संचालन मनोज त्रिपाठी ने किया। विद्यालय के शिक्षक आशुतोष शुक्ला, नीतू सिंह, आंचल शुक्ला, प्रियंका माहेश्वरी, सौम्या मिश्रा, सुजीत पांडे, प्रमोद मिश्रा, आशीष तिवारी, श्याम लाल कुशवाहा, आदर्श पटेल, रवनीत पटेल आदि सभी शिक्षकों का कार्यक्रम के सफल संपादन में सराहनीय योगदान रहा।

# कांग्रेस ने मनगवां एसडीओ को सौंपा ज्ञापन



**मनगवां, नि.प्र.।** नगर कांग्रेस कमेटी मनगवां एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंगेव के संयुक्त तत्वावधान में गैस सिलेण्डर की मूल्य वृद्धि, अनुपलब्धता, बिजली दरों की अप्रत्याशित वृद्धि एवं पेट्रोल डीजल की कमी व जनसमस्याओं के विरोध में राज्यपाल को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी मनगवां को सौंपा गया। इस अवसर पर उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी संगठन के महासचिव रवि तिवारी ने उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं के हितों का ध्यान न देकर विद्युत वितरण कम्पनियों को मालामाल करने का काम कर रही हैं। बिजली के मेंटीनेंस के नाम पर करोड़ों रुपये फूंके जा रहे हैं जबकि जमीन पर इसका कोई सुधार नही दिख रहा है। पुराने तार, पुराने ट्रांसफार्मर और पुराने उपकरण आज भी लगे हैं, इससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। उन्होंने लोगों को भाजपा के दुष्प्रचार से बचने की सलाह दी। ज्ञापन सौंपने में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस ग्रामीण संगठन महासचिव रवि तिवारी, मनगवां विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बबिता साकेत, ब्लॉक कांग्रेस गंगेव अध्यक्ष एड. बलराम गौतम, नगर कांग्रेस अध्यक्ष शंकर राघव तिवारी, विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डा. त्रिवेणी मैत्रेय, पूर्व नहर अध्यक्ष शरदचन्द्र तिवारी, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामनिधि वर्मा, एस.आई.आर. के प्रभारी एड. यादवेन्द्र सिंह, एड. राजू सिंह, मण्डलम अध्यक्ष पुष्पेन्द्र वर्मा, सतेन्द्र सिंह, उमेश पटेल, कमलेश सोनी, रामनरेश तिवारी, युवक कांग्रेस वि.स. अध्यक्ष प्रकाश तिवारी, पंकज शास्त्री, प्रदीप पटेल, अभय द्विवेदी, प्रदीप मिश्रा 'दीपू', सतेन्द्र पाण्डेय, विवेक साकेत, पंकज मिश्रा, कौशलेश पाण्डेय, बृजेन्द्र मिश्रा, सोनू राल्ही, शिवराम सोंधिया, पुष्पेन्द्र पटेल, मनीष मिश्रा, सच्चू पाण्डेय, मानस चतुर्वेदी, मानिकलाल सोनी, मो. ईसा, सचिन रावत, राकेश सिंह, संदीप मिश्रा, शशिकान्त द्विवेदी, राजेन्द्र पटेल, सचिन सोनी, रमेश वर्मा, संतोष शुक्ला, मदन मोहन दुबे, चुनका रावत, अर्जुन पाण्डेय, छोटू सोंधिया, हरिप्रसाद साहू, सुमित मिश्रा, मुस्ताक अंसारी, धनुलाल सोनी, चंदन बंसल, भूरेलाल सोंधिया, सनी हलवाई सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# छात्रा को बिना बताए दिया स्कूल में दाखिला, टीसी के मांगे 5 हजार

### ज्योति पब्लिक स्कूल इटहा कला का मामला




**नईगढ़ी, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के नईगढ़ी जनपद शिक्षा केंद्र अंतर्गत ग्राम इटहा कला स्थित ज्योति पब्लिक स्कूल में नामांकन को लेकर गंभीर अनियमितता सामने आई है। संवाददाता से बात करते हुए अभिभावक दिनेश साकेत ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी शानवी साकेत ने कभी इस स्कूल में पढ़ाई नहीं की, न ही वह स्कूल गई, फिर भी स्कूल के रिकॉर्ड में उसका नाम दर्ज कर दिया गया। मामला तब उजागर हुआ जब अभिभावक अपनी बेटी का कक्षा 1 में प्रवेश कराने दूसरे शासकीय स्कूल पहुंचे। वहां दस्तावेज जांच के दौरान पता चला कि बच्ची का नाम पहले से ही एक निजी स्कूल में दर्ज है। यह जानकारी मिलते ही परिजन हैरान रह गए। अभिभावक का आरोप है कि पिछले वर्ष स्कूल संचालक रजनीश पटेल ने उनकी अनुपस्थिति में उनकी पत्नी से बच्ची का आधार कार्ड लेकर जबरन नामांकन कर लिया। अब जब दूसरे स्कूल में प्रवेश के लिए टीसी (ट्रांसफर सर्टिफिकेट) मांगा जा रहा है, तो स्कूल प्रबंधन द्वारा रु 5000 की अवैध मांग की जा रही है। इस मामले ने क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बिना पढ़ाई के नाम दर्ज करना और फिर टीसी के नाम पर रकम मांगना सीधे तौर पर शिक्षा नियमों का उल्लंघन माना जा रहा है।

#### इनका कहना है

जनशिक्षक को संस्था प्रमुखों से संपर्क कर स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित निजी स्कूल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**राममणि सिंह, नईगढ़ी बीआरसी**

# नईगढ़ी में शिक्षा विभाग के अधिकारी कार्यालय से नदारद

### कार्यालय में सिर्फ चपरासी के भरोसे व्यवस्था




**नईगढ़ी, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के नईगढ़ी क्षेत्र में शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। संवाददाता को स्थानीय निवासियों ने बताया कि नईगढ़ी जनपद शिक्षा कार्यालय की स्थिति यह है कि यहां अधिकांश समय अधिकारी नदारद रहते हैं और पूरे कार्यालय की जिम्मेदारी चपरासी के भरोसे चलती नजर आती है। स्थानीय लोगों और शिक्षकों का आरोप है कि जब भी कार्यालय में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी या अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के बारे में जानकारी ली जाती है, तो चपरासी द्वारा यही जवाब दिया जाता है कि साहब मीटिंग में हैं या क्षेत्र में दौरे पर गए हैं लेकिन अगर जमीनी स्तर पर जांच की जाए, तो हकीकत कुछ और ही सामने आती है। स्थानीय निवासियों ने संवाददाता को बताया कि संबंधित अधिकारी अक्सर अवकाश पर रहते हैं या कार्यालय से अनुपस्थित रहते हैं, जिससे शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। स्कूलों की समस्याएं, शिक्षकों की शिकायतें और विद्यार्थियों से जुड़े मुद्दे समय पर नहीं सुलझ पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब जिम्मेदार अधिकारी ही कार्यालय में उपलब्ध नहीं रहेंगे, तो शिक्षा व्यवस्था कैसे सुधरेगी। उन्होंने उच्च अधिकारियों से इस पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

# सांदीपनि उमावि लालगांव मे तिलक लगाकर किया नव प्रवेशी छात्रों का स्वागत



**लालगांव, नि.प्र.।** नये शैक्षणिक सत्र 2026-27 के पहले ही दिन बुधवार को स्वर्गीय कुँवर रुक्मिणी रमण प्रताप सिंह सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालगांव मे छात्रों के प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम काफी हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर सबसे पहले विद्यालय के प्राचार्य बालेन्दु शेखर द्विवेदी ने माँ सरस्वति की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद उपस्थित छात्रों को संस्था के प्राचार्य बालेन्दु शेखर द्विवेदी ने तिलक लगाते हुए माल्यार्पण कर पुस्तकें प्रदान करने के बाद लड्डू खिलाकर मुँह मीठा कराया। विद्यालय में सघन साफ-सफाई का अभियान भी चलाया गया।

#### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर जनशिक्षक राकेश शर्मा, रायवेंद्र तिवारी, महेन्द्र त्रिपाठी, संजीव सिंह, ज्योति साकेत, दीपेन्द्र सिंह, मानेंद्र सिंह, ओमप्रकाश पटेल, मनीष सिंह, सुनील पटेल, रमाकांत पाण्डेय, अनिल तिवारी, प्रभुनारायण सिंह, रामलाल शर्मा, अभिनव कुशवाहा, अनुराग शर्मा, हैवेन्स कुमार वर्मा, पंकज मिश्रा, बालेंद्र द्विवेदी, दयाराम साकेत, संजय पटेल, माया भारती, ज्योति साकेत आँचल पटेल, नीरज देवी पटेल और रेणू सूत्रकार के साथ-साथ क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक, अविभावक और विद्यालयीन छात्र उपस्थित रहे।

## पीएमश्री स्कूल में प्रवेशोत्सव की रही धूम

**त्योंथर ब्यूरो।** पीएम श्री शास. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय त्योंथर में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम 1 अप्रैल को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को कुमकुम का तिलक लगाकर पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान का वितरण किया गया। कार्यक्रम को डॉ. ओम प्रकाश मिश्रा मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। संजय कुमार दुबे ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया, अन्य सभी स्टाफ सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ राजेश ओझा ने भी संबोधित करके समस्त गतिविधियों के बारे में छात्रों को अवगत कराते हुए छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करके कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| अंगकृष (केकेआर) | 103 |
| इशान किशन (हैदराबाद) | 94 |
| हेनरिक क्लासेन (हैदराबाद) | 83 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| उनादकट (हैदराबाद) | 04 |
| मुजराबानी (केकेआर) | 04 |
| जैकब डफी (बेंगलुरु) | 03 |



## बाउंड्री मीटर



105 छक्के
175 चौके
12 अर्धशतक

अभिषेक शर्मा आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 100 से अधिक छक्के लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। पहले नंबर पर डेविड वॉर्नर है, जिनके नाम 143 छक्के हैं। तीसरे नंबर पर हेनरिक क्लासेन (90 छक्के) हैं।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 1 | 1 | 0 | 2 | 4.171 |
| बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 2 | 2.907 |
| दिल्ली | 1 | 1 | 0 | 2 | 1.397 |
| मुंबई | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.687 |
| पंजाब | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.509 |
| हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 2 | 0.469 |
| गुजरात | 1 | 0 | 1 | 0 | - 0.509 |
| लखनऊ | 1 | 0 | 1 | 0 | -1.397 |
| कोलकाता | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.964 |
| चेन्नई | 1 | 0 | 1 | 0 | -2.907 |

## मैच 06: हैदराबाद ने 226 रन बनाकर केकेआर को 161 रन पर समेटा, 65 रन से जीता मैच

# बड़ी जीत के साथ सनराइजर्स ने खोला खाता

जेएनएन, कोलकाता

हेनरिक क्लासेन (52) के जुझारू अर्धशतक और नीतीश कुमार रेड्डी (दो विकेट और 39 रन) के हरफनमौला खेल के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल के छठवें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 65 रन से हराकर मौजूदा सत्र में जीत का खाता खोला। सनराइजर्स ने आठ विकेट पर 226 रन बनाने के बाद जयदेव उनादकट (21 रन पर तीन विकेट), इशान मलिंगा (14 रन पर दो विकेट) और प्लेयर ऑफ द मैच रेड्डी (17 रन पर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी से केकेआर की पारी को 16 ओवर में 161 रन पर समेट दिया। केकेआर की यह दो मैचों में दूसरी हार है। केकेआर के लिए अंगकृष रघुवंशी ने 29 गेंदों में 52 रन बनाए, जबकि रिंकू सिंह ने 25 गेंदों में 35 रन का योगदान दिया। फिन ऐलन ने सात गेंदों में 28 रन बनाए, लेकिन उनकी तेज पारी का फायदा उठाने में टीम नाकाम रही। क्लासेन ने 52 रन बनाने के अलावा रेड्डी (24 गेंदों में 39 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 53 गेंदों में 82 रन की साझेदारी कर पारी को संवारा। इससे पहले ट्रैविस हेड ने 21 गेंदों पर 46 रन की विस्फोटक पारी खेलकर लय में वापसी की, जबकि अभिषेक शर्मा ने 21 गेंदों में 48 रन ठोके। दोनों ने पहले विकेट के लिए 34 गेंदों में 82 रन की शानदार साझेदारी कर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। केकेआर के लिए ब्लेसिंग मुजराबानी ने चार, जबकि वैभव अरोड़ा ने दो विकेट लिए।

अजिंक्य रहाणे आईपीएल में 200 मैच खेलने वाले 11वें खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने हैदराबाद के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। उनसे पहले महेंद्र सिंह धोनी (278), रोहित शर्मा (273), विराट कोहली (268), दिनेश कार्तिक (257), रविंद्र जडेजा (255), शिखर धवन (222), आर अश्विन (221), सुरेश रैना (205), रोबिन उथप्पा (205) और अंबाती रायुडू (204) यह रिकॉर्ड बना चुके हैं।



- अभिषेक और हेड की विस्फोटक पारी से सनराइजर्स ने पावरप्ले में एक विकेट पर 84 रन का स्कोर खड़ा किया। यह सनराइजर्स का आईपीएल में पावरप्ले में बनाया गया पांचवां सर्वोच्च स्कोर है। वहीं, किसी टीम का केकेआर के खिलाफ पावरप्ले में यह दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। सनराइजर्स से पहले पंजाब ने 2024 में केकेआर के खिलाफ पावरप्ले में एक विकेट पर 93 रन बनाए थे। इस टूर्नामेंट में टीम का पावरप्ले में सर्वोच्च स्कोर 2024 में दिल्ली के खिलाफ बिना किसी नुकसान के 125 रन बनाना है।
- केकेआर 2012 के बाद पहली बार लगातार दो ओपनिंग मैच हारी है। हैदराबाद से पहले उसे मुंबई ने सत्र के शुरुआती मुकाबले में ही हराया था। वहीं, सनराइजर्स की 2020 के बाद कोलकाता के खिलाफ खेले 14 मुकाबलों में सिर्फ चौथी जीत है। वहीं, इडेन गार्डन्स पर खेले 12 आईपीएल मैचों में भी हैदराबाद की यह चौथी जीत है।

## स्कोर बोर्ड

**सनराइजर्स हैदराबादः 226/8 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड का. ग्रीन बो. त्यागी | 46 | 21 | 6 | 3 |
| अभिषेक का. वरुण बो. मुजराबानी | 48 | 21 | 4 | 4 |
| किशन का. रिंकू बो. मुजराबानी | 14 | 9 | 3 | 0 |
| क्लासेन का. रमनदीप बो. मुजराबानी | 52 | 35 | 4 | 1 |
| अनिकेत का. रिंकू बो. अनुकूल | 1 | 4 | 0 | 0 |
| नीतीश का. वरुण बो. वैभव | 39 | 24 | 4 | 1 |
| सलील अरोड़ा बोड वैभव | 0 | 1 | 0 | 0 |
| हर्ष दुबे नाबाद | 9 | 3 | 2 | 0 |
| शिवांग का. रहाणे बो. मुजराबानी | 4 | 2 | 1 | 0 |

**अतिरिक्तः** 13, **कुलः** 20 ओवर में 8 विकेट पर 226 रन, **विकेट पतनः** 1-82, 2-111, 3-112, 4-118, 5-200, 6-200, 7-222, 8-226, **गेंदबाजीः** वैभव अरोड़ा 4-0-47-2, ब्लेसिंग मुजाराबानी 4-0-41-4, सुनील नारायण 4-0-39-0, वरुण चक्रवर्ती 2-0-31-0, कार्तिक त्यागी 4-0-48-1, अनुकूल रॉय 2-0-16-1.

**कोलकाता नाइट राइडर्सः 161/10 (16 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिन ऐलन का. एंड बो. हर्ष | 28 | 7 | 4 | 2 |
| रहाणे का. मलिंगा बो. उनादकट | 8 | 10 | 0 | 0 |
| अंगकृष रघुवंशी रनआउट | 52 | 29 | 6 | 2 |
| कैमरन ग्रीन रनआउट | 2 | 2 | 0 | 0 |
| रिंकू का. उनादकट बो. नीतीश | 35 | 25 | 4 | 1 |
| अनुकूल रॉय का. एंड बो. नीतीश | 0 | 2 | 0 | 0 |
| रमनदीप का. उनादकट बो. मलिंगा | 10 | 9 | 1 | 0 |
| नारायण का. वर्मा बो. मलिंगा | 12 | 4 | 0 | 2 |
| कार्तिक का. किशन बो. उनादकट | 5 | 5 | 1 | 0 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 1 | 2 | 0 | 0 |
| वरुण चक्रवर्ती बो. उनादकट | 0 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्तः** 8, **कुलः** 16 ओवर में 161 रन पर सभी आउट, **विकेट पतनः** 1-30, 2-67, 3-74, 4-120, 5-120, 6-139, 7-154, 8-159, 9-161, 10-161, **गेंदबाजीः** डेविड पेन 2-0-35-0, हर्ष दुबे 2-0-17-1, अभिषेक शर्मा 1-0-15-0, उनादकट 3-0-21-3, इशान मलिंगा 2-0-14-2, शिवांग कुमार 4-0-41-0, नीतीश कुमार 2-0-17-2.

# होम ग्राउंड पर पंजाब किंग्स के खिलाफ लय हासिल करने की कोशिश करेगी सीएसके

## चेन्नई खाता खोलने को बेताब, पंजाब जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी

जेएनएन, चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए अपना घरेलू मैदान मजबूत गढ़ रहा है, लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले आईपीएल मैच में जीत हासिल करने के लिए उसे खेल के प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सीएसके की राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में शुरुआत निराशाजनक रही थी। सीएसके अब उस हार को भुलाकर नए सिरे से अपना अभियान शुरू करने की कोशिश करेगा। हाल ही में हुए टी-20 विश्व कप के दौरान चेन्नई की पिच के व्यवहार को देखते हुए यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट होना चाहिए। सीएसके के स्टार खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी गुवाहाटी नहीं गए थे, क्योंकि वह पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। उनका हालांकि पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान डगआउट में रहने की संभावना है, जिससे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को काफी फायदा मिलेगा। संजू सैमसन सीएसके के लिए अपने पहले मैच में खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे और वह इसकी भरपाई करने के लिए बेताब होंगे। जहां तक पंजाब किंग्स का सवाल है, तो उसने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत हासिल की। उसे ऑस्ट्रेलिया के कूपर कॉनली के रूप में तीसरे नंबर का भरोसेमंद बल्लेबाज मिल गया है। पंजाब की गेंदबाजी भी मजबूत नजर आ रही है।



### चहल से रहना होगा सावधान

चहल का सीएसके के खिलाफ रिकॉर्ड शानदार रहा है और पिछले सीजन इसी मैदान पर उन्होंने सीएसके के खिलाफ हैट्रिक भी ली थी। बीच के ओवरों में चहल के सामने शिवम दुबे की भूमिका अहम होगी। चहल ने अब तक सीएसके के खिलाफ 19 पारियों में 23 विकेट लिए हैं और उनका इकॉनमी रेट 7.1 का रहा है। दुबे ने 2026 में स्पिन के खिलाफ 8 पारियों में 217 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं और सिर्फ एक बार आउट हुए हैं।

### अर्शदीप और खलील के शानदार रिकॉर्ड

2024 से अब तक बाएं हाथ के गेंदबाजों में पंजाब के अर्शदीप ने सबसे ज्यादा 40 विकेट लिए हैं, जबकि सीएसके के खलील 32 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर हैं। पावरप्ले (1-6 ओवर) में भी इन दोनों का दबदबा रहा है। इस दौरान खलील ने 18 और अर्शदीप ने 15 विकेट झटके हैं। दोनों ही गेंदबाजों का विपक्षी कप्तान के खिलाफ रिकॉर्ड दमदार है। अर्शदीप ने रुतुराज गायकवाड़ को 6 पारियों में 3 बार आउट किया है, जबकि खलील ने भी श्रेयस अय्यर को आठ पारियों में तीन बार अपना शिकार बनाया है।

# दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज रासी वान डेर डुसेन ने लिया संन्यास

## सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट नहीं मिलने के बाद लिया फैसला

**जोहानिसबर्ग, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रासी वान डेर डुसेन ने इस साल केंद्रीय अनुबंध में जगह नहीं मिलने के बाद गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की, लेकिन कहा कि वह अपनी घरेलू टीम लायंस की तरफ से खेलते रहेंगे। जोहानिसबर्ग के 37 वर्षीय खिलाड़ी वान डेर डुसेन ने पिछले साल मार्च से दक्षिण अफ्रीका की तरफ से कोई मैच नहीं खेला था। उन्होंने 2018 में 29 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था तथा 18 टेस्ट, 71 वनडे और 57 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। वान डेर डुसेन ने कहा कि मैं अत्यंत गर्व और कृतज्ञता के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं।



- वान डेर डुसेन ने 2018 में जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और उसके बाद वे सभी प्रारूपों के खिलाड़ी बन गए। उन्होंने वनडे में अपना विशेष प्रभाव छोड़ा। उन्होंने इस प्रारूप में 50 से अधिक के औसत से 2657 रन बनाए, जिनमें छह शतक और 17 अर्धशतक शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका का यह बल्लेबाज 2022 में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से इंडियन प्रीमियर लीग में भी खेला था।
- 2023 विश्व कप में उन्होंने दो शतक जमाए और टीम के लिए दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज़ रहे। 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में उन्होंने लगातार तीन अर्धशतक लगाए और टीम के लिए सबसे अधिक रन बनाए। यही उनके आखिरी वनडे मुकाबले भी साबित हुए। वान दर डुसेन ने 2021 का टी-20 विश्व कप भी खेला और इस प्रारूप में आठ बार टीम की कप्तानी की।

## खेल एक नजर

### इटली फुटबॉल अध्यक्ष का इस्तीफा कोच को भी हटाया जा सकता है

**रोम, जेएनएन।** इटली के लगातार तीसरी बार विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रहने के दो दिन बाद देश के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष गैब्रिएल ग्रेविना ने गुरुवार को राजनीतिक दबाव के बीच इस्तीफा दे दिया। ग्रेविना के इस फैसले के बाद संभवतः इटली के कोच गेनारो गट्टूसो को भी पद से हटाया जा सकता है। विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने में लगातार दो बार विफल रहने के बाद खेल मंत्री एंड्रिया अबोदी ने ग्रेविना के नेतृत्व वाले इटली के फुटबॉल महासंघ में बदलाव की मांग की थी। क्वालिफाइंग प्लेऑफ में मंगलवार को बोस्निया एवं हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हार के बाद उत्तरी अमेरिका में होने वाले इस साल के टूर्नामेंट में इटली के पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं। सबसे अधिक गोल करने वाला खिलाड़ी बनने की दौड़ अभी खुली हुई है और ऐसे में ये तीनों खिलाड़ी अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे। भारत के मिडफील्डरों ने टीम की संरचना और गति बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है, जिससे टीम को बचाव और आक्रमण के बीच आसानी से तालमेल बिठाने में मदद मिली है। गोलकीपर सूरज सिंह अहीबम ने भी भरोसेमंद प्रदर्शन किया है।

### अंडर-20 महिला एशियाई कप में जापान ने भारत को 6-0 से रौंदा

**पाथुम थानी (थाईलैंड), जेएनएन।** भारत को एएफसी (एशियाई फुटबॉल परिसंघ) के अंडर-20 महिला एशिया कप मैच में गुरुवार को थम्मासाट स्टेडियम में जापान के हाथों 0-6 से करारी हार का सामना करना पड़ा। छह बार की चैंपियन जापान को 12वें मिनट में थोइबिसाना चानू तोइजाम के आत्मघाती गोल से शुरुआती बढ़त मिली। जापान ने दूसरे हाफ में पूरी तरह दबदबा बनाया। मिकी किमुरा (54वां मिनट), नोआ फुकुशिमा (57वां मिनट), नात्सुमी तागो (75वां मिनट), मियु मात्सुनागा (81वां मिनट) और युरा होंडा (87वां मिनट) ने एक-एक गोल दागे। करीब 20 साल बाद एशियाई कप में वापसी कर रही भारतीय टीम ने शुरुआत अच्छी की। शुभांगी सिंह और सुलंजना राउल ने बाएं छोर से बेहतर तालमेल दिखाते हुए सिबानी देवी नोंगमेइकापम के लिए मौका बनाया, लेकिन जापान के खिलाड़ियों ने उनके प्रयास को विफल कर दिया।

## भारत और बांग्लादेश के बीच सैफ अंडर-20 का फाइनल आज

**माले, जेएनएन।** चार बार का चैंपियन भारत शुक्रवार को राष्ट्रीय स्टेडियम में पुरुषों की अंडर-20 सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में बांग्लादेश से भिड़ेगा, तो उसकी नजरें पांचवीं बार खिताब जीतने पर टिकी होंगी। हाल के समय में दोनों टीम के बीच कड़े मुकाबले हुए हैं, जिसमें ग्रुप चरण में 1-1 से ड्रॉ भी शामिल है। ऐसे में इस फाइनल मुकाबले के भी काफी रोमांचक होने की उम्मीद है। भारत के कोच महेश गवली ने बांग्लादेश से मिलने वाली चुनौती को स्वीकार किया। गवली ने कहा कि यह आसान नहीं होगा। यह मुकाबला पिछले साल की सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के फाइनल की यादें भी ताजा करता है, जिसमें भारत ने निर्धारित समय में 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में बांग्लादेश को हराया था। बांग्लादेश उस परिणाम को पलटने के लिए बेताब होगा। दोनों टीम के बीच ग्रुप चरण में 28 मार्च को हुआ मुकाबला ड्रॉ रहा था।

## आईपीएल खेलने के लिए एनओसी नहीं मिलने पर कोर्ट पहुंचे श्रीलंकाई गेंदबाज नुवान तुषारा

**कोलंबो, जेएनएन।** श्रीलंका के तेज गेंदबाज नुवान तुषारा ने आईपीएल के मौजूदा सत्र में खेलने के लिए गुरुवार को अदालत से हस्तक्षेप करने की मांग की, क्योंकि देश के क्रिकेट बोर्ड ने फिटनेस टेस्ट में नाकाम रहने के कारण उन्हें एनओसी देने से इनकार कर दिया था। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने खरीदा था। उन्होंने कोलंबो जिला न्यायालय में मामला दायर कर श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) को एनओसी जारी करने का आदेश देने की मांग की है। इस मामले की सुनवाई नौ अप्रैल को होगी। स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार 2022 से अपने देश के लिए 30 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके इस खिलाड़ी ने दलील दी है कि एसएलसी के साथ उनका अनुबंध 31 मार्च को समाप्त हो गया था और वह इसे आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं। तुषारा ने कहा कि उन्होंने एसएलसी को अपना अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त करने की अपनी इच्छा के बारे में बता दिया था। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में फिटनेस टेस्ट में असफल होने के कारण एनओसी नहीं देने के फैसले को अदालत को रद्द कर देना चाहिए। एसएलसी ने राष्ट्रीय टीम में चयन के लिए फिटनेस टेस्ट अनिवार्य कर दिया है।



## कैंडिडेट्स शतरंज: ब्लूबाउम ने प्रज्ञाननंदा को ड्रॉ पर रोका, सिंदारोव ने बढ़त बनाई

**पाफोस (साइप्रस), जेएनएन।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम के साथ ड्रॉ खेला, जबकि उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव ने अमेरिका के फैबियानो कारुआना को हराकर एकल बढ़त हासिल कर ली। पिछले साल के विश्व कप विजेता सिंदारोव ने बुधवार को चार मैचों में अपनी तीसरी जीत हासिल की, जिससे उनके अंकों की संख्या 3.5 हो गई है। इससे वह इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश के साथ खिताबी मुकाबले में खेलने के प्रबल दावेदार बन गए हैं। प्रज्ञाननंदा ने पिछले दौर में सिंदारोव से हारने के बाद ब्लूबाउम के खिलाफ काले मोहरों से खेलते हुए ड्रॉ हासिल किया।





# इकाना के दंगल में यूपी के रिजवी ने पलटी बाजी

## दिल्ली को जीत दिलाने वाले समीर को खाता खोलने के लिए नौ गेंदों का इंतजार करना पड़ा

जेएनएन, लखनऊ

आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की टीम पांचवें ओवर में ही मुश्किल में फंस गई थी। टीम ने महज 26 रन के फेर में अपने चार बल्लेबाजों को गंवा दिए थे। दिल्ली के खेमे में अफरा-तफरी का माहौल साफ दिख रहा था। मुख्य कोच हेमंग बदानी डगआउट की तरफ दौड़ लगा रहे थे, ताकि डेविड मिलर को मैदान पर उतरने से रोक सकें, जो हेलमेट पहनकर बस निकलने ही वाले थे। अमूमन आईपीएल में 142 रन का लक्ष्य बेहद मामूली माना जाता है, लेकिन बुधवार की शाम इकाना स्टेडियम में कहानी कुछ और ही थी। लखनऊ से मिला 141 रनों का यह छोटा स्कोर दिल्ली के लिए पहाड़ जैसा साबित हो रहा था। चेज के दौरान केएल राहुल पहली ही गेंद पर चलते बने, नीतीश राणा स्लिप में कैच थमा बैठे और पथुम निसांका पुल मारने के चक्कर में विकेट दे आए। रही-सही कसर प्रिंस यादव ने अक्षर पटेल को बोल्ड करके पूरी कर दी। लखनऊ की लाल मिट्टी वाली पिच पर मोहम्मद शमी, मोहसिन खान और प्रिंस यादव की तिकड़ी जिस तरह आग उगल रही थी, उसे देखते हुए कोच बदानी हर हाल में ट्रिस्टन स्टब्स को क्रीज पर भेजना चाहते थे। हालात हाथ से इतनी तेजी से निकल रहे थे कि स्टब्स को आनन-फानन में पैड पहनकर मैदान की ओर दौड़ना पड़ा। उन्होंने पहली ही गेंद पर चौका जड़कर खाता तो खोल लिया, लेकिन इस मैच का असली रुख 22 साल के युवा समीर रिजवी ने बदला। रिजवी दूसरे विकेट के गिरते ही इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर मैदान में उतरे थे। दिल्ली के पास आशुतोष शर्मा और अनुभवी करुण नायर जैसे विकल्प भी मौजूद थे। इसके बावजूद मैनेजमेंट ने रिजवी पर दांव लगाया।

- घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के लिए खेलने वाले रिजवी 70 रन बनाकर नाबाद लौटे। दूसरे छोर पर ट्रिस्टन स्टब्स (39 रन) जैसे मंझे हुए बल्लेबाज ने उनका बखूबी साथ निभाया। दोनों के बीच 76 गेंदों में 115 रनों की नाबाद साझेदारी हुई।

> सीजन शुरू होने से पहले कोचों ने साफ कहा था कि मुझे अपना नैचुरल और पॉजिटिव गेम ही खेलना है। मैं उसी इरादे से उतरा था, लेकिन अगले ही ओवर में दो और विकेट गिर जाने से हम मुश्किल में फंस गए। मैंने और स्टब्स ने आपस में बात की कि अभी काफी ओवर बाकी हैं और टारगेट भी बहुत बड़ा नहीं है, इसलिए हमें थोड़ा समय लेकर खेलना चाहिए।
>
> ■ समीर रिजवी

# आर्सेनल व बायर्न म्यूनिख विमेंस चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में



**लंदन, जेएनएन।** मौजूदा चैंपियन आर्सेनल दूसरे चरण में चेल्सी से 1-0 से हारने के बावजूद महिला चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। आर्सेनल ने पिछले सप्ताह क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में 3-1 से जीत दर्ज की थी और इस तरह से वह 3-2 के कुल स्कोर के आधार पर अंतिम चार में पहुंच गया है। अब उसका सामना वोल्फ्सबर्ग या लियोनेस में से किसी एक से होगा। स्टैमफोर्ड ब्रिज में खेले गए मैच के स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट में स्जोके नुस्केन ने चेल्सी के लिए गोल दागा। इससे पहले बायर्न म्यूनिख ने तीन मिनट के अंदर दो गोल करके मैनचेस्टर यूनाइटेड को 2-1 से हराया और कुल मिलाकर 5-3 के स्कोर के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अन्य दो क्वार्टर फाइनल में बार्सिलोना का सामना रियाल मैड्रिड से जबकि वोल्फ्सबर्ग का लियोन से होगा। पहले चरण के बाद बार्सिलोना 6-2 से जबकि वोल्फ्सबर्ग 1-0 से आगे है।

## रीवा संभाग में 15 अप्रैल से होगी गेहूं की खरीदी

**रीवा।** शासन द्वारा किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी की जाती है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में रीवा संभाग में किसानों से 15 अप्रैल से गेहूं की खरीद की जाएगी। इस संबंध में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा संभाग के सभी कलेक्टर्स को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## अवैध खनन एवं परिवहन करने वाला वाहन जब्त

**रीवा।** वन परिक्षेत्र हनुमना अन्तर्गत ग्राम पंचायत लोढ़ी के समीप अवैध पत्थर, पटिया का परिवहन कर रहे वाहन को जब्त कर वाहन मालिक के विरूद्ध अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। कलेक्टर द्वारा वाहन मालिक फुलवारी लाल मौर्या निवासी बबूरा एवं परिवहनकर्ता शिवपूजन मौर्या निवासी बबूरा के विरुद्ध अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर 4 लाख 86 हजार 2 रूपये की प्रशमन राशि अधिरोपित की गयी है।

# डुप्लीकेट ऑटो पार्ट्स के सामान बेचने वाले दुकानदारों पर शिकंजा

### 4 दुकानदारों पर कॉपी राइट एक्ट के तहत कार्रवाई

### मंहिद्रा कंपनी के अधिकारियों की शिकायत पर हुई कार्रवाई

जागरण, रीवा



सिविल लाइन पुलिस ने कंपनी के नाम पर डुप्लीकेट ऑटो पार्टस बेचने वाले चार दुकान संचालकों के यहां से नकली पार्ट्स जब्त कर काफी राइट एक्ट के तहत कार्रवाई की है। दिल्ली से आए अंसार खान कन्सल्टेंट महिन्द्रा कम्पनी ने पुलिस से शिकायत की थी कि रीवा में राकेश ऑटो मोबाइल्स, न्यू प्रधान ऑटो मोबाइल्स, साईं मोटर पार्ट्स व आराध्या मोटर पार्ट्स के संचालकों द्वारा आम जनता के साथ धोखाधड़ी कर महिन्द्रा कम्पनी के डुप्लीकेट ऑटो पार्ट्स का विक्रय किया जा रहा है। पुलिस ने शिकायत के बाद कंपनी के अधिकारियों के साथ दुकान संचालकों के ठिकारों पर दबिश दी जहां तस्दीक कर कार्यवाही की गई। इस दौरान महिन्द्रा कम्पनी के डुप्लीकेट सामान बेचना पाया गया। पुलिस ने बड़ी मात्रा में दुकान से डुप्लीकेट सामान जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना सिविल लाईन में धारा 318(4) भादवि व 63,65 कॉपी राइट एक्ट 1957 के तहत प्रकरण दर्ज किया जिस पर अब विवेचना की जा रही है।

### इन पर हुई कार्रवाई

पुलिस ने आटो पार्ट्स दुकानों पर जांच के बाद मंहिद्रा कंपनी के नाम पर डुप्लीकेट सामान बिक्री के मामले में आरोपी राजेश यादव पिता रामनाथ यादव निवासी इटौरा बार्यपास रीवा (राकेश ऑटो मोबाइल्स, बादल प्रधान पिता रामजी प्रधान निवासी उपरहटी प्रधान टोला (न्यू प्रधान आटोमोबाइल्स) अजीत गुप्ता पिता वासुदेव गुप्ता निवासी उपरहटी रीवा (आराध्या मोटर पार्ट्स व साईं मोटर पार्ट्स के संचालक पर कार्रवाई की है।

### 2.28 लाख रुपए के नकली पार्ट्स जब्त

सिविल लाइन थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल ने बताया कि कंपनी के अधिकारियों के साथ की गई कार्रवाई में दुकान संचालकों के यहां से महिंद्रा कंपनी के डुप्लीकेट क्लच ड्राइव असेम्बली प्लेट, क्लच कवर असेम्बली, फ्यूल फिल्टर, किट बैरिंग, बैरिंग एफआर व्हील आउटर, स्प्रिंग बुश, बुश रबर लोवर, किट गेयर ऑयल, काउंटर साफ्ट फिल्टर एलीमेंट सहित करीब 2 लाख 28 हजार रुपए के नकली पार्ट्स पुलिस ने जब्त किए हैं।

## जवा में नवनिर्मित शिक्षा भवन का लोकार्पण 5 अप्रैल को

**रीवा।** विद्यासागर शिक्षा समिति खुटेही द्वारा संचालित ईश्वरचंद्र विद्यासागर स्नातकोत्तर महाविद्यालय जवा के 32वें स्थापना दिवस पर रजत जयंती समारोह व नवनिर्मित शिक्षा भवन का लोकार्पण 5 अप्रैल को किया जाएगा। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला रहेंगे। अध्यक्षता सांसद जनार्दन मिश्रा व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिपं अध्यक्ष नीता कोल रहेंगी। इसके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, नगरनिगम स्पीकर व्यंकटेश पांडेय, पूर्व कुलपति रहस्मणि मिश्रा व पूर्व रजिस्ट्रार सुरेंद्र सिंह परिहार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

**ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने का नोटिस : रीवा।** मऊगंज जिले के नईगढ़ी विकासखण्ड के खटखरी में निर्माणाधीन 75 हजार लीटर क्षमता की पानी की टंकी टेस्टिंग के दौरान 27 मार्च को गिरने के मामले में सीई पीएचई ने टंकी का निर्माण एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड करने का नोटिस दिया है।

# एसजीएमएच में शव ले जाने को लेकर जमकर हुई मारपीट

### एंबुलेंस चालकों के बीच मारपीट का वीडियो वायरल



**जागरण, रीवा।** संजय गांधी अस्पताल परिसर में निजी एंबुलेंस चालकों के बीच प्रतिस्पर्धा के चलते अक्सर विवाद की स्थित निर्मित रहती है। शव ले जाने को लेकर आए दिन इनके बीच मारपीट सामने आती है। इस तरह की एक घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में निजी एंबुलेंस चालक एक दूसरे के साथ विवाद करते हुए जमीन पर पटककर आपस में मारपीट करते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह विवाद एंबुलेंस में मरीज और मृत मरीजों के शवों को ढोने को लेकर हुआ था। जिसके बाद मारपीट शुरू हो गई। पहले दो एंबुलेंस चालकों के बीच शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट की घटना में तब्दील हो गई। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। गौरतलब है कि संजय गांधी अस्पताल परिसर में निजी एंबुलेंस चालकों की होड़ सी लगी रहती है। यहां मरीजों और मृत मरीजों के शवों को ढोने के लिए निजी एंबुलेंस चालक अक्सर विवाद करते नजर आते हैं, जिन्हें कई बार अस्पताल प्रबंधन के साथ-साथ पुलिस द्वारा समझाइश भी दी जा चुकी है लेकिन यह एंबुलेंस चालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। फिलहाल एक बार फिर हुए आपसी विवाद के बाद मारपीट की यह घटना हुई है, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।














































जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com